संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, मंगलवार, 04 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 09 अंक: 153 पृष्ठ: 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com **हरियाणा संस्करण** दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



चारधाम यात्रा को 24 दिन का समय पूरा हो गया है। लेकिन धामों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ कम नहीं हुई है।

# आज आएगा लोकसभा चुनाव का परिणाम

● करीब 10 लाख अधिकारी मतगणना प्रक्रिया में शामिल हैं और कुल राजनीतिक व अन्य को जोड़ दिया जाए तो करीब 70 से 80 लाख लोग इस प्रक्रिया का हिस्सा बनेंगे

**आदर्श विचार**



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

**मन की बात**



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।"

## माल्या, नीरव इसलिए भागे क्योंकि एजेंसियां पकड़ने में विफल रहीं: कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई:** मुंबई की एक विशेष अदालत ने हाल ही में कहा कि लाखों डॉलर के घोटालों में शामिल नीरव मोदी, मेहुल चोकसी और विजय माल्या इसलिए देश से भागने में सफल रहे क्योंकि जांच एजेंसियां उन्हें उचित समय पर गिरफ्तार करने में विफल रहीं। विशेष न्यायाधीश एमजी देशपांडे ने धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत आरोपी की जमानत की शर्तों में बदलाव की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने 29 मई को धन शोधन के एक मामले में आरोपी व्योमेश शाह की उस याचिका को स्वीकार कर लिया था जिसमें उसने विदेश यात्रा के लिए अदालत से पूर्व अनुमति लेने की जमानत शर्त को वापस लेने का अनुरोध किया था। इस मामले में विस्तृत आदेश हाल ही में उपलब्ध कराया गया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तर्क दिया था कि शाह के आवेदन को अनुमति देने से नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी जैसे मामलों का इजाफा होगा। जांच एजेंसी की दलील को खारिज करते हुए न्यायाधीश ने कहा, "मैंने इस दलील पर विचार किया।

**आयोग तैयार**

▶▶ आज होने वाली मतदान प्रक्रिया के लिए वह पूरी तरह से तैयार है। आयोग की चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से मजबूत है: चुनाव आयुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चुनाव आयोग का कहना है कि आज होने वाली मतदान प्रक्रिया के लिए वह पूरी तरह से तैयार है। आयोग की चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से मजबूत है। करीब 10 लाख अधिकारी मतगणना प्रक्रिया में शामिल हैं और कुल राजनीतिक व अन्य को जोड़ दिया जाए तो करीब 70 से 80 लाख लोग इस प्रक्रिया का हिस्सा बनेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अन्य दो आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने देशभर में मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आकाशवाणी के रंग भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इसमें उन्होंने चुनाव आयोग की इन चुनावों में प्राप्त उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि इसबार आयोग ने क्या नया सीखा। राजीव कुमार ने कहा कि आयोग के खिलाफ नरेटिव के लिए हमें पहले से तैयार होना चाहिए था। चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठने शुरू हो गए। इसका हमने मुकाबला भी किया लेकिन उसमें गलत धारणाओं को बदलने में समय लगा। इसके अलावा उन्होंने गर्मी को भी प्रमुख विषय माना और कहा कि मतदान की प्रक्रिया को इतना आगे नहीं ले जाना चाहिए था। चुनाव आयोग ने बताया कि इस बार करीब 64.2 करोड़ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया, जिसमें 31.2 करोड़ महिलाएं थीं। उन्होंने कहा कि मतदान की यह संख्या जी7 देशों की डेढ़ गुना और यूरोप की आबादी के पांच गुना है। उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए सीईसी ने बताया कि इस बार पिछले आम चुनाव के 540 स्थानों के मुकाबले केवल 39 स्थानों पर ही दोबारा मतदान कराना पड़ा। इनमें से भी अरुणाचल और मणिपुर में 25 स्थान हैं यानि देशभर में लगभग न के बराबर दोबारा मतदान करना पड़ा। इस बार का मतदान हिंसा मुक्त रहा। इस बार आयोग की सख्ती से करीब 10 हजार करोड़ रुपये की जब्ती की गई है। हिंसा के विषय पर चुनाव आयुक्त ने बताया कि कुछ राज्यों पश्चिम बंगाल, मणिपुर, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश में केन्द्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती आचार संहिता के समय के बाद भी रहेगी। राज्य सरकारों के अंतर्गत यह चुनाव बाद होने वाली हिंसा को रोकने के लिए काम करेंगे। मतपत्रों की गिनती पहले पूरी कर नतीजे घोषित करने के सवाल पर चुनाव आयोग ने कहा कि नियम तय हैं और उसके तहत गिनती होगी। लगातार मतपत्रों से होने वाले मतदान की संख्या में इजाफा हो रहा है।






## गर्मी से पहले होने चाहिए चुनाव: मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली : लोकसभा** चुनाव के सात चरणों के मतदान के बाद चार जून मतगणना होगी। इससे पहले चुनाव आयोग ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 में भाग लेने वाले सभी मतदाताओं का खड़े होकर अभिनंदन किया। मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने माना कि सोमवार और शुक्रवार को मतदान नहीं कराया जाना चाहिए, क्योंकि इन दिनों के बीच काफी लंबा अंतर हो जाता है। चुनाव आयोग से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि शुक्रवार और सोमवार की बात बिल्कुल सही है। यह भी हमारे लिए सीखने वाली बात है। चुनाव गर्मी से पहले होने चाहिए। मतदान सोमवार और शुक्रवार को नहीं कराए जाने चाहिए। हमने विधानसभा चुनावों में ऐसा ही किया था, लेकिन यह इतनी बड़ी प्रक्रिया है कि हम इस बार इसे नहीं कर पाए। चुनाव आयुक्त ने इसके लिए देश के अलग-अलग हिस्सों में त्योहारों, परीक्षाएं और सुरक्षा बलों के मूवमेंट को जिम्मेदार ठहराया।

सीईसी राजीव कुमार ने यह भी कहा कि हमने 642 मिलियन मतदाताओं का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। यह सभी जी7 देशों के मतदाताओं का 1.5 गुना और यूरोपीय संघ के 27 देशों के मतदाताओं का 2.5 गुना है। उन्होंने कहा कि चुनाव कर्मियों के सावधानीपूर्वक और सतर्कतापूर्वक किए गए काम की वजह से हमने कम पुनर्मतदान सुनिश्चित किए। हमने 2019 में 540 के मुकाबले 2024 के लोकसभा चुनाव में 39 पुनर्मतदान देखे। इसमें भी 39 में से 25 पुनर्मतदान तो सिर्फ दो राज्यों में हुए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यह उन आम चुनावों में से एक है, जिसमें हमने हिंसा नहीं देखी। यह हमारी दो साल की तैयारी का परिणाम है। निर्वाचन आयुक्तों को सोशल मीडिया पर कुछ मीम में लापता जेंटलमैन नाम दिए जाने के संदर्भ में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि हम हमेशा यहीं थे, कभी नदारद नहीं रहे। उन्होंने कहा कि अब मीम बनाने वाले कह सकते हैं कि लापता जेंटलमैन वापस आ गए हैं।

## जम्मू-कश्मीर में जल्द होंगे चुनाव: आयोग

● राजीव कुमार ने कहा कि हम बहुत जल्द जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू करेंगे।

● जयराम रमेश के आरोप का दिया जवाब

● कांग्रेस नेता जयराम रमेश के इस आरोप पर कि केंद्रीय गृह मंत्री ने डीएम/आरओ (रिटर्निंग ऑफिसर) को फोन किया, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि ऐसा कैसे हो सकता है?...क्या कोई उनको (डीएम/आरओ) प्रभावित कर सकता है? हमें बताएं कि यह किसने किया, हम उसको सजा देंगे...यह ठीक नहीं है कि आप अफवाह फैलाएं और सभी को शक के दायरे में ले आएं।

● दो सीख भी बताईं: चुनाव आयुक्त ने कहा कि इस चुनाव से हमें दो सीख मिलीं। पहली- चुनावों से सबसे बड़ी सीख यह है कि मतदान प्रक्रिया गर्मियों से पहले पूरी हो जानी चाहिए। और दूसरी- चुनाव आयोग गलत मतदाता सूची और मतदान के आंकड़ों के बारे में झूठी कहानियों को समझने में विफल रहा। इससे लड़ने के लिए और तैयारी करनी होगी।

## प्रेस कॉन्फ्रेंस की मुख्य बातें

● भारत ने लोकसभा चुनाव में 31.2 करोड़ महिलाओं समेत 64.2 करोड़ मतदाताओं की भागीदारी के साथ वैश्विक रिकॉर्ड बनाया

● सीईसी राजीव कुमार ने सोशल मीडिया पर चुनाव आयुक्तों को 'लापता सज्जन' कहे जाने वाले मीम्स पर कहा कि हम हमेशा से यहां थे, कभी गायब नहीं हुए

● दुनिया की सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया में 68,000 से अधिक निगरानी दल, 1.5 करोड़ पोलिंग एवं सुरक्षाकर्मी शामिल थे

● 2024 के लोकसभा चुनाव कराने में करीब चार लाख वाहन, 135 विशेष ट्रेनें और 1,692 हवाई उड़ानों का इस्तेमाल किया गया

● 2024 के आम चुनावों में केवल 39 पुनर्मतदान हुए, जबकि 2019 में 540 पुनर्मतदान हुए थे

● जम्मू-कश्मीर में चार दशकों में सबसे अधिक मतदान हुआ, कुल मिलाकर 58.58 प्रतिशत और घाटी में 51.05 प्रतिशत मतदान हुआ

● 2024 के चुनावों के दौरान नकदी, मुफ्त उपहार, ड्रग्स और शराब सहित 10,000 करोड़ रुपये की जब्ती की गई। 2019 में यह आंकड़ा 3,500 करोड़ रुपये था

● आम चुनावों के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की 495 शिकायतों में से 90 प्रतिशत से अधिक का निपटारा किया गया

● चुनाव प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए चुनाव आयोग ने शीर्ष नेताओं को नोटिस जारी किए, कई के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई और शीर्ष अधिकारियों का तबादला किया गया

● चुनाव आयोग ने 95-98 प्रतिशत परियोजनाओं में आवेदन के 48 घंटे के भीतर अनुमति दी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नई दिल्ली में तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी।

## हम एग्जिट पोल से चिंतित नहीं : थरूर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस एग्जिट पोल से इतर लोकसभा चुनाव परिणाम की अपेक्षा कर रही है। इस कड़ी में कांग्रेस नेता शशि थरूर ने भी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सोमवार को केरल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए शशि थरूर ने कहा कि सिर्फ तिरुवनंतपुरम ही नहीं, मुझे भी शत प्रतिशत भरोसा है कि देश भर की तस्वीर के लिए जो आंकड़े एग्जिट पोल में देखे जा रहे हैं, वे भी कल झूठे साबित हो जाएंगे। शशि थरूर ने कहा कि हम एग्जिट पोल से चिंतित नहीं हैं, हम कल (मंगलवार) की गिनती को लेकर काफी निश्चिंत हैं।

## उपभोक्ताओं पर महंगाई की चौतरफा मार

**जेब पर चपत**

▶▶ अमूल-मदर डेयरी ने बढ़ाई दूध की कीमतें, दाल-सब्जी के बढ़े दामों के साथ महंगाई की चौतरफा मार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चुनाव बीतते ही उपभोक्ताओं पर महंगाई की जोरदार मार पड़ी है। मदर डेयरी ने भी अपने दूध के दामों में प्रति लीटर दो रुपये की बढ़ोतरी कर दी है। इसके पहले अमूल ने अपने दूध के दामों में बढ़ोतरी की थी। पिछले हफ्ते ही एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल दरों में पांच फीसदीत की वृद्धि कर दी थी, जिससे आम उपभोक्ताओं का सफर महंगा हो गया था। माना जा रहा है कि आने वाले समय में पेट्रोल, डीजल और गैस के दामों में भी बढ़ोतरी हो सकती है। इससे उपभोक्ताओं पर महंगाई की चौतरफा मार पड़ सकती है।

मदर डेयरी ने आज नए मूल्य जारी करते हुए बताया है कि टोंड दूध अब 54 रुपये प्रति लीटर की बजाय 56 रुपये प्रति लीटर में मिलेगा। गाय का दूध भी अब 56 रुपये प्रति लीटर की बजाय 58 रुपये प्रति लीटर में मिलेगा।




## नतीजे हमारी उम्मीद के मुताबिक ही होंगे: सोनिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के परिणाम चार जून को जारी किए जाएंगे। इससे पहले आए एग्जिट पोल्स में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की स्पष्ट बहुमत की सरकार बनने का अनुमान जताया गया है। इन पोल्स में विपक्षी गठबंधन को 150 के आसपास सीटें मिलने का दावा किया गया है। इस बीच कांग्रेस संसदीय समिति की अध्यक्ष सोनिया गांधी का बयान सामने आया है। एग्जिट पोल्स के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमें इंतजार करना होगा। बस इंतजार करें और देखें। हमें पूरी उम्मीद है कि नतीजे एग्जिट पोल के नतीजों से बिल्कुल उलट होंगे। मंगलवार को घोषित होने वाले नतीजों से उनकी उम्मीदों के बारे में पूछे जाने पर सोनिया गांधी ने कहा कि हमें इंतजार करना होगा। नतीजे एग्जिट पोल में दिखाए गए नतीजों से बिल्कुल उलट होंगे। दरअसल, सोनिया गांधी डीएमके कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने पहुंची थीं। यहां से निकलते वक्त उन्होंने यह टिप्पणी की। इससे पहले सोनिया गांधी ने डीएमके के दिग्गज नेता एम. करुणानिधि को उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। दरअसल, ज्यादातर एग्जिट पोल्स ने अनुमान जताया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में बने रहेंगे और भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को लोकसभा चुनावों में भारी बहुमत मिल सकता है। कुछ एग्जिट पोल्स ने तो एनडीए को 400 से अधिक सीटें दी हैं, जबकि अधिकांश ने अनुमान जताया है कि भाजपा नीत गठबंधन 350 से अधिक सीटें जीतेगा। यह आंकड़ा सरकार बनाने के लिए जरूरी 272 सीटों के बहुमत के आंकड़े से काफी अधिक है। इन्हीं पोल्स में कांग्रेस और अन्य इंडिया ब्लॉक पार्टियों को 150 के आसपास सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। विपक्ष ने एग्जिट पोल्स को खारिज करते हुए दावा किया है कि ये सर्वे काल्पनिक हैं।



**दावा**

▶▶ हमें पूरी उम्मीद है कि नतीजे एग्जिट पोल के नतीजों से बिल्कुल उलट होंगे: सोनिया गांधी

## चुनाव परिणामों से पहले निवेशकों की बल्ले-बल्ले

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** एग्जिट पोल के अनुमानों के बाद शेयर बाजार ने रिकॉर्ड छलांग लगाई है। सोमवार को सेंसेक्स 2500 अंकों से अधिक की मजबूती हासिल करने में सफल रहा। दूसरी ओर, निफ्टी 23250 के पार पहुंच गया। बैंक निफ्टी पहली बार 50000 के आंकड़े को पार कर गया। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन रिकॉर्ड तेजी के बाद सेंसेक्स 2,507.47 (3.39%) अंक उछलकर 76,468.78 पर पहुंच गया। दूसरी ओर, निफ्टी 733.21 (3.25%) अंक मजबूत होकर 23,263.90 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। सोमवार को रुपये में भी डॉलर के मुकाबले पिछले पांच महीनों यानी दिसंबर 2023 के बाद की सबसे बड़ी छलांग दिखी। रुपया सोमवार को 28 पैसे या 0.4% की बढ़त के साथ 83.1425 रुपये पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र के दौरान रुपया 82.9575 के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। सोमवार को सेंसेक्स के 30 शेयरों में 27 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। महज तीन शेयर ही लाल निशान पर बंद हुए। एग्जिट पोल में भाजपानीत राजग की भारी जीत की भविष्यवाणी के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 3 प्रतिशत से अधिक की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए एग्जिट पोल में भाजपा नीत राजग की भारी जीत का अनुमान लगाया गया है।




**बाजार में 'बहार'**

▶▶ सेंसेक्स 2500 अंकों से अधिक की मजबूती हासिल करने में सफल रहा। निफ्टी 23250 के पार पहुंच गया

## एग्जिट पोल के नतीजों से भाजपा उत्साहित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के एग्जिट पोल से उत्साहित भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस को आत्मनिरीक्षण करने की सलाह दी है। सोमवार को भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने मीडिया से बातचीत में कहा कि देश ने एक जून को एग्जिट पोल देख लिया है और हम चार जून को सटीक आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं। एग्जिट पोल के नतीजों को सच करता फैसला पूर्वोत्तर राज्यों के अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में आया है। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में भाजपा ने प्रचंड बहुमत के साथ वापसी की है।

## भरोसे के लायक नहीं रहा चुनाव आयोग: कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस ने मतदान सम्पन्न होने के बाद चुनाव आयोग पर सवाल खड़े किए हैं जिसपर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पलटवार किया है। कांग्रेस पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा किया था उसके जवाब में सोमवार को भाजपा की ओर से तिखी प्रतिक्रिया आई है। जयराम रमेश ने कहा है कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है, इसे तटस्थ रहने की जरूरत है। यह एक संवैधानिक संस्था है, हम इसका सम्मान करते हैं क्योंकि इसकी गरिमा है। लोग न केवल पार्टियों और उम्मीदवारों पर बल्कि चुनाव आयोग पर भी नजर रख रहे हैं। लेकिन चुनाव आयोग ने अब तक जिस तरह से काम किया है, हम उस पर भरोसा नहीं कर सकते। कांग्रेस नेता जयराम रमेश पर झारखंड भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने आज (सोमवार) तिखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस के मन में देश की किसी भी संवैधानिक संस्था के लिए बहुत कम सम्मान है।

**मतगणना** हर चरण की मतगणना के बाद सारे प्रत्याशी को संतुष्ट नहीं कर पाये तब तक दूसरे चरण की गिनती शुरू नहीं होनी चाहिए: राजद

## डीएम और चुनाव पर्यवेक्षकों को राजद की खुली धमकी

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना:** राष्ट्रीय जनता दल के कार्यालय में बिहार में महागठबंधन के नेताओं ने संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस किया। सभी नेताओं ने बिहार में 25 से अधिक सीटें जीतने का दावा किया। इसके बाद राष्ट्रीय जनता दल के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने बड़ी धमकी दी है। उन्होंने कहा कि हर चरण की मतगणना के बाद सारे प्रत्याशी को संतुष्ट नहीं कर पाये तब तक दूसरे चरण की गिनती शुरू नहीं होनी चाहिए। अगर इस बार भी 2020 की तरह पोस्टल बैलेट का तमाशा देखा गया तो इस बार कड़ा प्रतिकार होगा। कई प्रत्याशियों को 17सी फॉर्म नहीं दिए गए हैं। मतगणना शुरू होने से पहले स्ट्रॉंग रूम से काउंटिंग टेबल तक की वीडियो रिकॉर्डिंग करने की अनुमति दी जाए या एक-एक ईवीएम की गिनती की पूरी जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि इस बार किसी भी तरह की धोखाधड़ी की कोशिश चुनाव आयोग द्वारा की गई तो जनता के पास सबसे बड़ा फोन होगा। मनोज झा ने कहा कि नीतीश कुमार अभी अधिकारियों के विवेक से निर्णय ले रहे हैं। जब वे खुद से फैसला लेंगे तो वह फैसला अलग होगा।

**25 से ज्यादा सीट हमलोग जीतने जा रहे हैं :** मनोज झा ने कहा कि हमारे महागठबंधन के नेता दिल्ली और आज चुनाव आयोग के पास गए थे। ये सारी बातें लिखित में चुनाव आयोग को दी गई हैं और मौखिक रूप से भी जानकारी दी जा रही है। मनोज झा ने कहा कि इस बार एग्जिट पोल्स के झांसे में बिहार की जनता फंसने वाले नहीं हैं। हमने जनता का सर्वे देखा है। तेजस्वी यादव का बिहार में कैंपेन दिखा है। एक तरफ नौकरी, गैस-सिलेंडर पांच रुपये में, महिलाओं को पांच सौ रुपये वहीं दूसरी तरफ मंगलसूत्र, मटन, मछली, भैंस खोल लेगा जैसे मुद्दे थे। तेजस्वी यादव के नेतृत्व ने पूरे महागठबंधन के कैंपेन के आधार पर 25 से ज्यादा सीट हम जीतने जा रहे हैं। यह बात आपको कल पता चल रहा है।



**चेतावनी**

▶▶ मतगणना शुरू होने से पहले स्ट्रॉंग रूम से काउंटिंग टेबल तक की वीडियो रिकॉर्डिंग करने की अनुमति दी जाए

# मर्डर इन गाजियाबाद: मंडी में मुनीम की गोली मारकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद/ मसूरी :** वेव सिटी थाना क्षेत्र के बम्हेटा गांव में रविवार रात को साहिबाबाद मंडी में मुनीम के रूप में कार्यरत अमल सिंह की रिश्तेदारों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने पिता पुत्र को हिरासत में लेकर छानबीन शुरू कर दी। रुपये के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में गोली मारने का कारण फिलहाल सामने आया है। डीसीपी ग्रामीण विवेक यादव ने बताया कि मूल रूप से अमरोहा जिले के धनोरा निवासी गांव निवासी अमल सिंह यादव यहां बम्हेटा गांव में रहते थे। वह अपने रिश्तेदार जिले सिंह जो साहिबाबाद सब्जी मंडी में आढ़ती का काम करता है, के यहां मुनीम गिरी करते थे। आरोप है कि



पिछले छह महीने से अमल सिंह और जिले सिंह के बीच रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। रविवार शाम को अमल सिंह अपने प्लॉट में कुछ निर्माण कार्य कर रहे थे, करीब आठ बजे तभी जिले सिंह अपने बेटे अतुल यादव के साथ मौके पर पहुंचे।

दोनों के बीच रुपये के लेनदेन को लेकर दोबारा कहासुनी हुई। इसी दौरान जिले सिंह और अतुल ने अपने साथियों के साथ मिलकर अमल सिंह पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। मौके पर पहुंची अमल सिंह की मां जावित्री ने बेटे को अस्पताल में भर्ती

**जांच जारी**

**रुपये के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में गोली मारने का कारण फिलहाल सामने आया है**

कराया। जहां चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। विवेक यादव ने बताया कि जिले सिंह और अतुल को हिरासत में ले लिया गया है। मामले में अन्य लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है। रुपये के लेनदेन की बात सामने आ रही है। कुल चार लोगों पर अमल सिंह की मां ने हत्या करने का आरोप लगाया है।

# 132 पेड़ों को लगाने के आदेश पर विभाग को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) परिसर में 2 पेड़ों को काटने और 132 पेड़ों को प्रत्यारोपित करने की अनुमति देने के लिए दक्षिण प्रभाग के उप वन संरक्षक (डीसीएफ) को दिल्ली हाई कोर्ट ने अदालत की अवमानना का नोटिस जारी किया है। अदालत ने कहा कि दिल्ली वन विभाग द्वारा दी गई अनुमति से कोर्ट को अवगत नहीं कराया गया था। अदालत ने नोट किया कि वन विभाग द्वारा दो पेड़ों की कटाई और 132 पेड़ों के प्रत्यारोपण की अनुमति पहले ही दी जा चुकी थी। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने कहा कि अदालत द्वारा 3 मई को मामला उठाए जाने के बावजूद दिल्ली वन विभाग ने दो पेड़ों को काटने और 132 अन्य पेड़ों को रोपने के लिए दी गई अनुमति के बारे में अदालत को सूचित नहीं किया। अदालत का आदेश 2022 के एक निर्देश से उपजा है, जिसमें वन अधिकारियों को एक भी पेड़ काटने के लिए विस्तृत कारण बताने की आवश्यकता है। मई और अगस्त 2022 के बीच 22 बार अनुमति कोर्ट ने कहा कि मई और अगस्त 2022 के बीच 22 बार अनुमति दी गई। 31 अगस्त, 2023 को दिल्ली सरकार ने अदालत को आश्वासन दिया कि अगली सुनवाई तक पेड़ काटने की कोई अनुमति नहीं दी जाएगी, जब तक कि महत्वपूर्ण परियोजनाएं न हों।

# 15 प्रत्याशियों की किस्मत से 4 जून को उठेगा पर्दा

**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडा।** लोकसभा चुनाव में जनता जनार्दन के फैसले से पर्दा उठने में कुछ ही घंटे का समय शेष है। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा के मतों की गणना नोएडा फेज दो स्थित फूल मंडी व बुलंदशहर में कड़ी सुरक्षा के बीच होगी। पुलिस प्रशासन ने मतगणना के लिए तैयारी पूरी कर ली हैं। मतों की गणना मंगलवार सुबह आठ बजे से शुरू होगी। पहला रुझान नौ बजे तक आने की संभावना है।

गौतमबुद्ध नगर के तीन विधानसभा नोएडा, दादरी और जेवर व बुलंदशहर जिले की सिकंद्राबाद व खुर्जा विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना एक साथ होगी। पांच विधानसभा क्षेत्र में मतगणना का पहला चरण पूरा होने के बाद ही पहला रुझान जारी किया जाएगा।

26 अप्रैल को डाले गए थे वोट

गौतमबुद्ध नगर संसदीय क्षेत्र के लिए दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोट डाले गए थे। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा, गठबंधन प्रत्याशी डा. महेंद्र नागर, बसपा उम्मीदवार राजेंद्र सिंह सोलंकी समेत कुल 15 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला मतदाताओं ने किया था। गौतमबुद्ध नगर सीट पर 53.66 प्रतिशत मतदान हुआ था। प्रत्याशियों के किस्मत का फैसले की घड़ी नजदीक आ पहुंची है। मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह आठ बजे से नोएडा फेज दो स्थित फूलमंडी में मतों की गुणना होगा। सिकंद्राबाद और खुर्जा विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती बुलंदशहर जिले में होगी। फूल मंडी में बने सील बंद स्ट्रांग रूम से ईवीएम को निकाला जाएगी।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्रीमती बीना, पत्नी: श्री प्रेम कुमार, पता: फ्लैट नं. 16/15, एमसीडी फ्लैट्स, मॉडल टाउन–3, नई दिल्ली–110033** ने **Case Reg. No. 9953/2019, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **श्रीमती बीना** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **श्रीमती बीना** फरार हो गई है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **Case Reg. No. 9953/2019, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अभियुक्त **श्रीमती बीना** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.07.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दिव्या अरोड़ा
महानगर दंडाधिकारी–04 (उत्तर–पश्चिम)
कमरा नं. 112, पहली मंजिल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/5960/NW/2024


# केजरीवाल द्वारा जेल जाने से पहले अपवित्र की गई गांधी जी की समाधि को गंगाजल से पवित्र किया:गोयल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** आज दिनांक वरिष्ठ भाजपा नेता व यूनाइटेड हिंदू फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री जय भगवान गोयल जी अपने कुछ साथियों के साथ गांधी जी की समाधि राजघाट पर गए व गांधी जी की समाधि को गंगाजल के छिड़काव के साथ पवित्र किया क्यांकि कल जेल में सरेंडर करने से पहले सीआईए का एजेंट शराब घोटाले वालों से व खालिस्तानियों से (पन्नू कनाडा) पैसे लेने के आरोप में जेल काट रहे केजरीवाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी समाधि पर आकर उनकी समाधि को अपवित्र कर उनका बहुत बड़ा अपमान किया है व साथ ही साथ बहुत बड़े राष्ट्र भक्त व देशभक्त होने का नाटक भी किया है, जबकि गांधी जी तो सदैव शराब के विरोधी रहे हैं। इससे लाखों करोड़ों देशभक्तों की भावनाएं आहत



हुई है और उनकी आहत हुई भावनाओं पर मरहम लगाने के उद्देश्य से श्री गोयल ने गांधी जी की समाधि को गंगा जल से छिड़ककर पुनः पवित्र किया है और केजरीवाल के इस कृत्य के लिए गांधी जी से माफी भी मांगी है।


## उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र.सं. | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 82241200C | लिराग्लूटाइड पेन इंजेक्शन 6 मिलीग्राम प्रति एमएल (लंबे समय तक काम करने वाला इंसुलिन) | 2890 Nos. | 24-06-2024 |
| 2. | 82244100B | टेबलेट/कैप्सूल इब्रुटिनिब 140 मि.ग्रा. | 2670 Nos. | 24.06.2024 |

निविदा शर्तें –1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस स. दिनांक 01.06.2024 1647/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## गुमशुदा/अपहृत की तलाश


गैरी माइकल वाटसन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष जिसका नाम **गैरी माइकल वाटसन पुत्र आंद्रे** निवासी plot No.11,kh.No.158, तीसरा फ्लोर गांव राजपुर खुर्द एक्सटेंशन नई दिल्ली जो दिनांक 24.02.2023 से अपने घर से लापता/अपहृत है। इस बाबत एक केस DD No. 36A दिनांक 23.05.2023 **थाना : मैदान गढ़ी, दिल्ली** में दर्ज है। इस व्यक्ति का शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है।

**उम्र**- 33 वर्ष, **रंग**- गेहुआं, **कद**- 5'6", **चेहरा**- लम्बा, **शरीर**-मध्यम, **पहनावा**- नीले रंग की कमीज, काले रंग की पैंट और पैरों में चप्पल पहने है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस व्यक्ति का कोई सुराग नहीं मिल पाया है अगर किसी व्यक्ति को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो थाना : **मैदान गढ़ी, दिल्ली** में निम्नलिखित ई-मेल: cic/cbi.gov.in और वेबसाइट http://cbi.nic.in पर सूचित करे।

फोन : 011-24368638, 24368641
फैक्स नं.: 011-24368639
DP/6377/SD/2024

हस्ता/- थानाध्यक्ष
थाना : मैदान गढ़ी, दिल्ली
फोन :7065569295


## एसी फटने से गारमेंट कंपनी में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** सेक्टर-10 स्थित गारमेंट कंपनी में एसी फटने से सोमवार सुबह आग लग गई। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद अग्निशमन विभाग की टीम ने आठ दमकल वाहनों की मदद से आग पर काबू पा लिया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि कंपनी में रखा लाखों का सामान जल गया। अग्निशमन विभाग की टीम आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। सेक्टर-10 स्थित केएम लीजिंग लिमिटेड गारमेंट्स कंपनी में सोमवार सुबह करीब 10 बजे अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की आठ गाड़ियां और करीब 30 दमकल कर्मचारी मौके पर पहुंचे। आग

# नोएडा में मंगलवार को बदली रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** मतगणना के दिन मंगलवार यानी कल फेज-2 स्थित फूल मंडी के पास ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा। ट्रैफिक पुलिस की ओर से इस संबंध में एडवाइजरी जारी की गई है। डीसीपी ट्रैफिक अनिल यादव का कहना है कि सुबह चार बजे से मतगणना समाप्ति तक फूल मंडी परिसर के आसपास आंतरिक मार्गों पर मतगणना से संबंधित वाहनों का छोड़कर अन्य समस्त प्रकार का यातायात पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। फूल मंडी तिराहा से सेक्टर-88 कैंट



आरओ चौक तक मार्ग के दोनों ओर यातायात का अवागमन पूर्णतः बंद रहेगा। इस मार्ग से केवल अधिकारी गणों के वाहनों का आवागमन रहेगा। कुलेसरा हरनंदी पुल तिराहा से थाना फेज-2 तिराहा डीएससी मार्ग पर और ककराला तिराहा से कुलेसरा हरनंदी पुल तक मार्ग पर दोनों ओर समस्त प्रकार का यातायात पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। फूलमंडी के चारों ओर सार्वजनिक मार्ग व एक किमी के दायरे में पार्क नहीं करेंगे। यदि कोई वाहन सार्वजनिक मार्ग पर खड़ा पाया जाता है।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आशीष कुमार पुत्र श्री शशि भूषण, निवासी– RZ–56, तीसरी मंजिल, सुखार बाजार, उत्तम नगर पश्चिम, नई दिल्ली** ने **मुकदमा संख्या 123/2022 धारा 186/188/332/34 IPC अन्तर्गत थाना तुगलक रोड, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आशीष कुमार** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आशीष कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **मुकदमा संख्या 123/2022 धारा 186/188/332/34 IPC अन्तर्गत थाना तुगलक रोड, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आशीष कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
सुश्री ईशा सिंह
महानगर दंडाधिकारी–03
कमरा नं0 18, मेन बिल्डिंग
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली
DP/6604/NDD/2024 (Court Matter)



## गुमशुदा की तलाश


पिंकी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक महिला नाम **पिंकी** पुत्री मनोज शाह निवासी झा.नं.- 236 सोनिया कैंप, पश्चिम विहार नई दिल्ली। उक्त महिला दिनांक 16/05/2024 को लगभग रात 8 बजे से अपने घर से गुमशुदाहै। इस संबंध में **डी डी न. 0043A दिनांक 19 /05/2024 पुलिस थाना पश्चिम विहार पूर्व नई दिल्ली** दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस गुमशुदा महिला की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। इस गुमशुदा महिला का विवरण इस प्रकार है:

**नाम:** पिंकी, **लिंग:** महिला, **उम्र:** 20 वर्ष, **कद:** 5'2", **रंग:** सांवला, **चेहरा:** लंबा, **पहनावा:** लाल रंग की फ्रॉक पैरों में काले रंग की चप्पल।

इस गुमशुदा महिला के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया थाना प्रभारी पश्चिम विहार पूर्व, दिल्ली को सूचित करे।

ई-मेल : cic@cbi.gov.in
फोन : 011-24368638, 24368641
फैक्स : 011-24368639
DP/6204/OD/2024

थाना प्रभारी
पुलिस पश्चिम विहार पूर्व, नई दिल्ली
फ़ोन नं : 9718167122


# स्कूल बंद तो आरटीई के दाखिलों पर लगा ब्रेक, अभिभावक परेशान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों ने गर्मियों की छुट्टी का बहना बनाकर सीट आवंटित होने के बाद भी छात्रों के दाखिले पर ब्रेक लगा दिया है। स्कूल में आने वाले छात्रों को आज कल आने की बात बोलकर पल्ला झाड़ रहे हैं। यह एक बड़ा कारण है कि सीट आवंटित होने के बाद भी अभी तक सिर्फ 50 प्रतिशत छात्रों को ही दाखिले मिल पाए हैं। वहीं, दूसरी ओर शिक्षा विभाग का कहना

**आवंटन**

**सीट आवंटित होने के बाद भी अभी तक सिर्फ 50 प्रतिशत छात्रों को ही दाखिले मिल पाए हैं**

है कि स्कूल बंद होने की वजह से अभी जानकारी नहीं मिल पाई है। हालांकि अभी तक कुल 2200 से 2400 दाखिले हो चुके हैं। स्कूल खुलने के बाद दाखिले का सही आंकड़ा मिल पाएगा।

निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित होती हैं। इसके तहत जिले में 1200 से ज्यादा स्कूलों में 16516 सीटें आरक्षित हैं। इन सीटों पर पहले चरण में 5810 अभिभावकों ने बच्चों के दाखिले के लिए आवेदन किया। इसमें से 2563 छात्रों को सीट अलॉट की गई। दूसरे चरण में 3891 आवेदन आए।


# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

**शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042**

**संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**



# क्लासीफाइड

## PUBLIC NOTICE

**That** My Client Luxmi Devi (Widow), Amit Munjal - Suresh Kumar S/o Ashok Kumar that I am Owner of House no. 2060/7, U.E., Karnal Measuring 10 Marla being owner Vide Re-allotment letter no. 643 dated 29-11-2023 & Transfer deed dated 30-5-2024, Now raising loan from ICICI HOME FINANCE against it, Original Re-allotment letter no. 15744 dated 30-10-2008 & Sale deed no. 3896 dated 19-8-2008 favoring Ashok Kumar S/o Hari Bhagwan, Conveyance deed no. 10063 dated 25-3-2002 & Re allotment letter no. 6119 dated 24-7-91 favoring Asha Rani and Rakesh Duggal, Allotment letter no. 10646 dated 7-7-90 favoring Nazarmal is missing if any individual/Institution is having any information/charge/lien then contact undersigned within 7 days. Hemant Sharma Advocate (for ICICI HOME FINANCE) # 1581, Sector-7, U.E. Karnal 9896260977.

## Change of Name

I **Kuldeep** Sandhu W/o Kamal Singh R/o House Number-20, Gali Number-1, Sat Kartar Colony, 8 Marla, Panipat, Haryana-132103, have changed my name to Kuldeep Kaur.

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

हम जो कि शाबरा पत्नी फुरकान व फुरकान पुत्र अब्दुल रशीद निवासी 849/20, गंगापुरी रोड पानीपत तहसील पानीपत व जिला पानीपत बयान करते है हूं कि हमारा सगा पुत्र सलमान हमारे व परिवार के कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करता हैं। हम सलमान को अपनी चल व अचल संपति से बेदखल व संबंध विच्छेद करते है। आज के बाद अगर कोई भी सलमान से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारी व हमारे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# चुनावी उतार चढ़ाव में भाजपा ने हरियाणा में 2019 में ग्राफ सर्वाधिक ऊंचाई पर रखा

## लोकसभा सीटों की संख्या के हिसाब से साल 2004 और 2009 में कांग्रेस ने भाजपा पर शानदार बढ़त बनाए रखी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा में साल 1999 से लेकर 2019** तक हुए पांच लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों के मत प्रतिशत में ना केवल उतार-चढ़ाव आता रहा, बल्कि मुख्य मुकाबला कांग्रेस व भाजपा उम्मीदवारों में ही रहा। साल 1999 के चुनाव में शानदार प्रदर्शन के बाद भाजपा ने फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और लगातार अपने मत प्रतिशत में बढ़ोतरी की, लेकिन लोकसभा सीटों की संख्या के हिसाब से साल 2004 और 2009 में कांग्रेस ने भाजपा पर शानदार बढ़त बनाए रखी। साल 2019 में भाजपा ने कांग्रेस के इस चक्र को तोड़ते हुए पिछले सभी रिकार्ड ध्वस्त कर दिए और 10 लोकसभा सीटें जीतते हुए 58.2 प्रतिशत वोट



प्राप्त किए। अभी तक प्रदेश में भाजपा का यह रिकार्ड नहीं टूटा है। चार जून को पूरे देश में मतगणना होने वाली है। भाजपा को जहां अपना स्वयं का रिकार्ड टूटने की उम्मीद है, वहीं कांग्रेस को अपने पक्ष में आश्चर्यजनक चुनाव नतीजे आने की आस बंधी हुई है। साल 1999 में हुए लोकसभा चुनाव में राज्य की 10 लोकसभा सीटों पर 63.7 प्रतिशत मतदान हुआ । उस समय 29.2 प्रतिशत मतों के साथ भाजपा ने पांच लोकसभा सीटें जीती थी और इनेलो ने भी पांच लोकसभा सीटें जीतते हुए 28.7 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे।कांग्रेस हालांकि तब कोई लोकसभा सीट नहीं जीत पाई थी, मगर उसका मत प्रतिशत इन

**बढ़त**

**साल 1999 के चुनाव में शानदार प्रदर्शन के बाद भाजपा ने फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा**

दोनों दलों से ज्यादा था, जिसने 34.9 प्रतिशत वोट हासिल किए थे। साल 1999 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान सोनीपत लोकसभा सीट से तत्कालीन भाजपा उम्मीदवार किशन सिंह सांगवान ने सबसे अधिक 2 लाख 66 हजार 138 मतों के अंतर से जीत हासिल की थी, जो कि 40.4 प्रतिशत मत थे। फरीदाबाद से भाजपा के ही रामचंद्र बैंदा ने सबसे कम 34 हजार 248 मतों के अंतर से जीत प्राप्त की थी, जो मात्र 4.5 प्रतिशत थे। साल 2004 के लोकसभा चुनाव में 65.5 प्रतिशत वोटिंग के बीच कांग्रेस ने नौ लोकसभा सीटें जीती थी और उस समय 42 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे, जबकि भाजपा को मात्र एक सीट मिली थी, लेकिन उसके मतों का प्रतिशत 17.2 था।उस समय अंबाला लोकसभा सीट से कांग्रेस की कुमारी सैलजा ने 2 लाख 34 हजार 935 मतों के अंतर से सबसे बड़ी जीत हासिल की थी, जो कि 27.7 प्रतिशत वोट थे। इसी चुनाव में सोनीपत से भाजपा के किशन सिंह सांगवान ने 7569 मतों के अंतर से जीत हासिल की थी, जो कि सबसे कम थी व जिसका प्रतिशत सिर्फ 1 पर सिमट गया था।

# हरियाणा में आज 91केंद्रों पर होगी मतगणना, तैयारियां पूरी

**तैयारियां**

**टोल फ्री नंबर 0172-1950, कंट्रोल रूम टेलीफोन 0172-2701362 तथा ईमेल पर संपर्क करें**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा में लोकसभा आम चुनावों-2024 और करनाल विधानसभा उपचुनाव के लिए मतगणना मंगलवार प्रातः 8 बजे से शुरू हो जाएगी। इसके लिए प्रदेश में कुल 91 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। रिटर्निंग अधिकारी के मतगणना केंद्र पर पोस्टल बैलेट की गणना ईवीएम गणना से पहले शुरू की जाएगी। पांच रैंडमली चयनित वीवीपैट की पर्चियों का मिलान मतगणना एजेंटों के समक्ष किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने इस संबंध में बताया कि मीडियाकर्मियों की सुविधा के लिए प्रत्येक मतगणना केन्द्र पर मीडिया सेंटर बनाए गए हैं। इसके अलावा, मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, चंडीगढ़ में भी अलग से मीडिया सेंटर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि लोगों ने लू के बावजूद बढ़-चढ़ अपने मताधिकार का उपयोग किया। हरियाणा में मतदान प्रतिशत 64.80 प्रतिशत दर्ज किया गया। इसके लिए उन्होंने प्रदेश के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। अग्रवाल ने बताया कि मतगणना प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक और शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने मतगणना प्रक्रिया की निगरानी के लिए सभी मतगणना केंद्रों पर मतगणना पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। मतगणना से संबंधित किसी भी जानकारी या शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 0172-1950, कंट्रोल रूम टेलीफोन 0172-2701362 तथा ईमेल पर संपर्क किया जा सकता है।

# 10,000 करोड़ की स्वच्छ वायु परियोजना बनाने की योजना



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में सतत विकास के लिए 10,000 करोड़ रुपये की हरियाणा स्वच्छ वायु परियोजना तैयार की जा रही है, जिसे प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। पहले चरण में यह परियोजना प्रदेश के एनसीआर क्षेत्र में क्रियान्वित की जाएगी और बाद में इसे पूरे राज्य में लागू किया जाएगा। टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने यह बात आयोजित हरियाणा स्वच्छ वायु परियोजना की गवर्निंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस दस वर्षीय व्यापक परियोजना को विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित किया जाएगा। हालांकि, परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नाबार्ड तथा हुडको की सहायता भी ली जाएगी। सतत विकास के लिए हरियाणा स्वच्छ वायु परियोजना के महत्व पर

**परियोजना**

**पहले चरण में प्रदेश के एनसीआर जिलों में क्रियान्वित की जाएगी परियोजना: टी.वी.एस.एन. प्रसाद**

जोर देते हुए टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने वायु प्रदूषण की समस्या को खत्म करने के लिए सभी हितधारकों द्वारा सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि राज्य ने वायु गुणवत्ता मापन और निगरानी के लिए अपने संस्थानों को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

इसके अलावा, विभिन्न जिलों में 29 सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी केन्द्र (सी.ए.एक्यू.एम.) और 39 मैनुअल परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी (एम.ए.एक्यू.एम.) केन्द्र चालू हैं।

# हरियाणा के चहुंमुखी विकास के शिल्पकार थे चौ. भजनलाल

**टीम एक्शन इंडिया**
हिसार: पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई ने कहा है कि हरियाणा के पूर्व मूख्यमंत्री स्व. चौ. भजनलाल विरले इंसान थे, जिन्होंने सदैव समाज के गरीब, पिछड़े तथा कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए काम किया। भले ही वे आज हमारे बीच मौजूद नहीं है परंतु जनता अपने महान नेता को सदैव अपने दिलों में जिंदा रखेगी। पिछले 12 वर्षों में मुझे पारिवारिक, सामाजिक तथा राजनीतिक स्तर पर उनकी बहुत कमी महसूस हुई, परंतु एक अद्वितीय शक्ति के रूप में वे सदा मेरे साथ रहेंगे और उनके संस्कार मुझे लोगों के हितों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देते रहते हैं। कुलदीप



बिश्नोई सोमवार को अपने पिता एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौ. भजनलाल की 13वीं पुण्यतिथि पर हिसार स्थित बिश्नोई मंदिर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं आदमपुर स्थित उनकी समाधी पर पुष्पाजंलि अर्पित करने उपरांत समर्थकों को संबोधित कर रहे थे। आदमपुर स्थित बिश्नोई मंदिर में आयोजित रक्तदान शिविर में भी कुलदीप बिश्नोई ने भाग लिया। चौ. भजनलाल की 13वीं बरसी पर हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली सहित विभिन्न क्षेत्रों में लोगों ने रक्तदान शिविर, हवन यज्ञ तथा गरीबों, बच्चों को फल वितरित करके उन्हें याद किया। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि स्व. चौ. भजनलाल राजनीति में होते हुए भी सदैव सामाजिक रहे। विरोधियों को भी अपना बनाने की उनकी कला का हर कोई मुरीद था। विधायक, सांसद, केन्द्रीय मंत्री तथा मुख्यमंत्री के ओहदे पर रहते हुए उन्होंने समाज की 36 बिरादरी व प्रदेश के हर क्षेत्र का एक समान चहुंमुखी विकास करवाया।

# गुरुग्राम-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर से टकराई बाइक

**टीम एक्शन इंडिया**
गुरुग्राम: गुरुग्राम-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर सोमवार को एक बाइक के डिवाइडर से टकराकर जाने से बाइकसवार चाचा भतीजे की मौत हो गई। सोमवार को दो युवक रिश्ते में चाचा-भतीजा थे, बाइक से अपने दोस्तों से मिलने सोहना गए थे। वे रास्ता भटककर गुरुग्राम-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर चढ़ गए थे। सोहना खंड के गांव दोहला के पास जैसे ही वे दोहला गांव के पास पहुंचे तो उनकी बाइक डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताया गया कि उनकी बाइक काफी तेज थी और डिवाइडर से टकराने के बाद दोनों बाइक के साथ काफी दूर तक घिसटते चले गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने उनके शवों को सड़क से एक तरफ रखा और पुलिस को सूचना दी। सोहना थाना प्रभारी जगजीत सिंह अपनी टीम के साथ पहुंचे।

घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया। युवकों की पहचान अशोक (40) व उसका भतीजा सुजीत (16) के रूप में हुई है। पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि वे दोनों गुरुग्राम में खाना बनाने का काम करते थे।

# सीडीएलयू में कल से दाखिला प्रक्रिया होगी आरंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दाखिलों से संबंधित सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। यूजी दाखिलों के लिए इच्छुक आवेदक 5 जून से लेकर 5 जुलाई तक विभिन्न कोर्सों में दाखिले हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे।
इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 से बैचलर ऑफ परफोरमिंग आर्टस के तहत थियेटर टीवी तथा सिनेमा प्रोग्राम प्रारंभ किया है जिसमें

**आवेदन**

**रुचि के अनुसार रोजगारपरक कोर्स में दाखिला लेकर जीवन निखारे विद्यार्थी: वीसी**

12वीं पास विद्यार्थियों के लिए 30 सीटों का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त एम.ए. समाज शास्त्र, पी.जी. डिप्लोमा इन योगा तथा सर्टीफिकेट कोर्स इन पंजाबी कोर्स भी शुरू करने का फैसला लिया है। कुलपति ने कहा कि वर्तमान में विश्वविद्यालय 21 यू.जी. कोर्स, 32 पी.जी. कोर्स, एक पी.जी. डिप्लोमा इन योगा, 2 सर्टीफिकेट कोर्स संचालित कर रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले जहां कैम्पस में विद्यार्थियों की संख्या मात्र 2500 के आसपास थी, वर्तमान में कैम्पस में विद्यार्थियों की संख्या 5600 और आने वाले समय में यह संख्या बढ़ कर 6500 होने की उम्मीद है। कुलपति ने कहा कि चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा ने नैशनल एजूकेशन पोलिसी-2020 को प्रभावी ढंग से लागू करने में भी प्रदेश में अग्रणी भूमिका निभाई।

# मतगणना को शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए पुलिस ने किए सुरक्षा इंतजाम

**इंतजाम**

**सीएपीएफ, एचएपी/आईआरबी तथा पुलिस के जवानों की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगी मतगणना**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/काजल रानी**
हरियाणा प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान प्रदेश में 91 मतगणना केंद्रों के आसपास 3 स्तरीय सुरक्षा इंतजाम रहेंगे। प्रथम स्तर पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल(सीएपीएफ) के जवान तैनात रहेंगे जबकि दूसरे स्तर पर हरियाणा आर्म्ड पुलिस अथवा आईआरबी के जवान तथा तीसरे स्तर पर जिला पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है। इस प्रकार प्रदेश भर में स्थापित किए गए मतगणना केंद्रों पर 10 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

**91 स्ट्रांग रूम में लगे सीसीटीवी, किए गए व्यापक इंतजाम:** इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि प्रदेश में स्थापित किए गए प्रत्येक मतगणना केन्द्र पर कम से कम 70 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। इनके अलावा, प्रदेश भर में स्थापित किए गए मतगणना केंद्रों पर 15 सीएपीएफ की कंपनियो सहित अन्य पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि मतगणना केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में पर्याप्त संख्या में नाके लगाए जाएंगे। मतगणना के लिए स्थापित किए गए 91 स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए है ताकि प्रत्येक गतिविधि पर बारीकी से नजर रखी जा सके। यहां पर किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने बताया कि मतगणना प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था सुचारू रखने को लेकर सभी पुलिस आयुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निदेर्शों की पालना सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

**मतगणना केन्द्रों पर अनाधिकृत व्यक्तियों की आवाजाही प्रतिबंधित:** उन्होंने बताया कि मतगणना केन्द्र में किसी भी प्रकार के अनाधिकृत व्यक्ति की आवाजाही पर प्रतिबंध रहेगा। मतगणना केंद्रों के आसपास यातायात व्यवस्था सुचारु करने के लिए ट्रैफिक डायवर्जन प्लान तैयार किया गया है। मतगणना केंद्र के मुख्य द्वार से लेकर पूरे मतगणना केंद्र परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं ताकि मतगणना संबंधी प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जा सके। उन्होंने बताया कि मतगणना केन्द्र में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की फ्रिसकिंग(पड़ताल)के लिए महिला व पुरूष पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। मतगणना के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में क्विक रिस्पांस टीमों को भी तैनात किया गया है। इसके अलावा अलग-अलग नाको, चेकप्वाइंट तथा प्रवेश द्वार पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी लगाए गए हैं।

**3 प्रवेश द्वार, मतगणना के लिए बनाए अलग-2 सैक्शन:** मतगणना के लिए किए गए प्रबंधों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतगणना केंद्र में 3 अलग-अलग प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। मतगणना स्टाफ, मतगणना एजेंटों तथा ईवीएम मशीनों के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार बनाए गए हैं।

# मतगणना कर्मियों को अलॉट किए गए विधानसभा वार मतगणना केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम:** सोमवार को यहां लघु सचिवालय में मतगणना में ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों के लिए विधानसभा अनुसार मतगणना की रेंडमाइजेशन का कार्य पूरा किया गया। लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में जनरल ऑब्जर्वर डॉ. दिलराज कौर व कॉउंटिंग ऑब्जर्वर एजाज सराफ की उपस्थिति में रेंडमाइजेशन की यह प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस दौरान गुरुग्राम के जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव एवं एडीसी हितेश कुमार मीणा भी उपस्थित रहे।
गुडगांव संसदीय क्षेत्र के तहत गुरुग्राम जिला की चारों विधानसभा की मतगणना का कार्य पूरी




पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए यह कार्य किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने रेंडमाइजेशन से जुड़ी जानकारी सांझा करते हुए बताया कि इस रेंडमाइजेशन के तहत सभी कर्मचारियों को मतगणना के लिए विधानसभा अलॉट की गई है। इसके बाद 4 जून की सुबह रेंडमाइजेशन की तहत इन कर्मचारियों को टेबल अलॉट किए जाएंगे, ताकि मतगणना की प्रक्रिया संपन्न हो सके। गुडगांव लोकसभा के लिए जिला की सभी चार विधानसभाओं की मतगणना 4 जून को सुबह 8 बजे से सेक्टर-14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में संपन्न होगी। गुडगांव व बादशाहपुर विधानसभा के लिए दो-दो मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। सोहना व पटौदी विधानसभा के लिए एक-एक मतगणना केंद्र बनाया गया हैं। प्रत्येक मतगणना केंद्र में 16 टेबल लगाई गई है। जिसमें 14 टेबल कॉउंटिंग स्टाफ के लिए होंगी। प्रत्येक टेबल पर एक कॉउंटिंग माइक्रो ऑब्जर्वर, एक कॉउंटिंग सुपरवाइजर व एक कॉउंटिंग असिस्टेंट मौजूद रहेंगे। वहीं एक टेबल एआरओ व एक टेबल कॉउंटिंग ऑबजर्वर के लिए रहेंगी। इसके अतिरिक्त तीन टेबल रिजर्व रखी गई हैं। ईटीपीबीएस की कॉउंटिंग के लिए 25 टेबल लगाई गई हैं। मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। इस मौके पर जिला परिषद के सीईओ जगनिवास, पटौदी के एसडीएम होशियार सिंह, मानेसर के एसडीएम दर्शन यादव, डीआईओ विभु कपूर, निर्वाचन तहसीलदार राजेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**टेबल अलॉट**

**मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है**

# हरियाणा की सभी दस सीटों पर खिलेगा कमल: डॉ.अशोक तंवर


**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा:** सिरसा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि मंगलवार 4 जून को घोषित होने वाले चुनाव परिणामों में हरियाणा की सभी दस सीटों पर भाजपा रिकॉर्ड मतों से विजयी होगी। सभी प्रत्याशी जनता जनार्दन का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। वे सोमवार को हुडा सेक्टर में अपने आवास पर पार्टी कार्य कताओं को संबोधित कर रहे थे।
उन्होंने कहा कि विरोधी राजनीतिक दलों ने भ्रामक प्रचार कर आमजन का हौंसला तोड़ने का प्रयास किया था मगर मतदाताओं ने ऐसे भ्रामक प्रचार को महत्व नहीं दिया और



एकाग्रचित होकर भाजपा के पक्ष में मतदान किया। उन्होंने कहा कि लोगों ने जिस उत्साह और दूरदर्शिता से भाजपा के पक्ष में मतदान किया उससे स्पष्ट है कि देशवासी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हो रहे राष्ट्रीय विकास के क्रम को जारी रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों का स्वर्णिम शासन किसी से छिपा नहीं है क्योंकि इन दस सालों में देश ने तरक्की की उन पगडंडियों पर दौड़ना सीखा है जहां से विकसित भारत का सफर कुछ ही समय की बात है। उन्होंने कहा कि दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व में रक्षा, उद्योग, कृषि सहित तमाम क्षेत्रों में वो छलांगलगाई है कि संपूर्ण विश्व में भारत की अलग छाप नजर आ रही है।

# झगड़े की सूचना पुलिस को देने पर आरोपियों ने परिवार पर बोला हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम:** कुछ लोगों ने एक परिवार से रंजिश रखते हुए इसलिए जानलेवा हमला बोल दिया कि तीन दिन पूर्व हुए झगड़े में उन्होंने पुलिस बुला ली थी। उन्होंने पीड़ित परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में फिर से पीड़ित परिवार ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना गांव बहल्पा की है। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार 2 जून को थाना भोंडसी के अंतर्गत गांव बहल्पा में लड़ाई-झगड़ा हो गया था। इस सूचना पाकर पुलिस थाना भोंडसी की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची।



वहां पर पता चला कि लड़ाई-झगड़े में घायल लोगों को अस्पताल ले जाया जा चुका है। पुलिस टीम अस्पताल पहुंची। अस्पताल में भर्ती एक घायल व्यक्ति ने बताया कि 30 मई 2024 को गांव के कुछ व्यक्तियों ने उसके लडके के साथ गाली-गलौच की थी। जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दे दी। इस बात की रंजिश रखते हुए 2 जून को गांव बहल्पा में स्थित इसके घर में घुसकर कुछ व्यक्तियों ने लाठी-डंडों से इसके परिवार के साथ मारपीट की। जाति सूचक शब्द बोले, गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी। घर का समान तोड़ दिया। इस शिकायत पर थाना भोंडसी में केस दर्ज किया गया है।

**वारदात**

**भोंडसी थाना के अंतर्गत गांव बहल्पा में हुए झगड़े में 8 आरोपी काबू, आरोपियों के कब्जा से वारदात में प्रयोग किए**

पुलिस थाना भोंडसी की पुलिस टीम ने कहा कि 8 आरोपियों को 2 जून को भोंडसी से काबू किया। आरोपियों की पहचान देवराज उर्फ देवेंद्र, सतीश, सचिन, कंवर सिंह, सागर, भूप सिंह, मनोज व योगेंद्र के रूप में हुई। आरोपियों से पुलिस पूछताछ में व पुलिस अनुसंधान में ज्ञात हुआ कि आपसी झगड़े की रंजिश के चलते उपरोक्त आरोपियों ने इस वारदात को अंजाम दिया था।

## न्यूज फ्लैश

### दो-पहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल तीन आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: बहालगढ़** थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने की वारदात में शामिल तीन आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नरेश निवासी विशाल नगर, पंकज निवासी गढ़ी घसीटा व प्रवीन निवासी किलोहड़द का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
बिहार हाल में किराएदार बहालगढ़ निवासी आकाश ने 21 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताय कि उसने अपनी गली में घर के बाहर दो-पहिया वाहन को खड़ा किया था। किसी ने उसकी बाइक को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में सिपाही मुकेश की टीम ने तीन आरोपितो को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के पास से चोरी किए दो-पहिया वाहन को बरामद किया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### मुरथल विवि की सुपरवाइजर के गले से सोने की चेन झपटी

**सोनीपत:** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में मुरथल विवि की सुपरवाइजर के गले से सोने की चेन झपटने का मामला सामने आया है। महिला ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर बाइक सवार दो युवकों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। श्री नगर कॉलोनी निवासी सुमन ने बताया कि वह मुरथल विवि में सुपरवाइजर की नौकरी करती है। वह गत 1 जून को देर शाम करीब 7 बजे सैर के लिए सेक्टर-12 के आउटर के सर्विस रोड पर सैर कर रही थी। उसके पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए। उसके गले से सोने की चेन झपटकर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में बाइक सवार दो युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई देवेंद्र ने बताया कि युवकों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। ताकि कोईं सुराग हाथ लग सके।

### मतगणना आज । सुरक्षा के पुख्ता प्रबन्ध, पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : जिला में आज होने वाली लोकसभा चुनाव-24 की मतगणना के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध किये गए हैं। सुरक्षा को लेकर सोमवार को पुलिस अधीक्षक श्री सुरेंद्र सिंह भोरिया के मार्ग-निर्देश में पुलिस अधिकारियों ने रिहर्सल कर सुरक्षा व्यवस्था को जांचा। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा को लेकर पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को मतगणना डयूटी बारे विस्तार से समझाया गया। उन्होंने कहा कि डयूटी पर तैनात प्रत्येक पुलिस अधिकारी/कर्मचारी अपने विवेक से काम लें और मतगणना को शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने में योगदान दें। मतगणना केन्द्रों पर मोबाईल फोन, पेन, पेपर, किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक यंत्र, संदिग्ध वस्तु, असला वगैरा ले जाने की मनाही है। बिना पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को विश्वविधालय में प्रवेश करने की इज्जात नहीं दी जाएगी। दोनों मतगणना केन्द्रों के 100 मीटर दायरे में नाकाबंदी करके सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। ये बात पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को विश्विद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रिहर्सल करने उपरांत पत्रकारों से बात करते हुए कही। इससे पहले उपायुक्त कुरुक्षेत्र शांतनु शर्मा और पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने विश्वविधालय में मतगणना स्थलों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था और तैयारियों का जायजा लिया। उपायुक्त कुरुक्षेत्र शांतनु शर्मा ने कहा कि प्रशासन द्वारा मतगणना की सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

# अनिरुद्ध जगन्नाथ भारत मॉरीशस मैत्री संबंधो के विशिष्ट वास्तुकार थे : डा. श्रीप्रकाश

**भारत एवं मॉरीशस दोनों देशों के लोगों को सांस्कृतिक और भाषा के स्तर पर जोड़े रखने की जीवनपर्यंत कोशिशें की**

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : अगर भारत से हजारों किलोमीटर दूर बसे मॉरीशस को लघु भारत कहा जाता है तो इसका श्रेय मॉरीशस गणराज्य के पूर्व राष्ट्रपति सर अनिरुद्ध जगन्नाथ जैसे वहां के जन नेताओं को है। सर अनिरुद्ध जगन्नाथ भारत एवं मॉरीशस दोनों देशों के लोगों को सांस्कृतिक और भाषा के स्तर पर जोड़े रखने की जीवनपर्यंत कोशिशें की। सर अनिरुद्ध जगन्नाथ का वैदिक सनातन संस्कृति भारतीय जीवन मूल्यों से अगाध प्रेम था। सर अनिरुद्ध जगन्नाथ मॉरीशस के प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति दोनों ही पदों पर रहे थे। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने मॉरीशस गणराज्य के पूर्व राष्ट्रपति सर अनिरुद्ध जगन्नाथ की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर



मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ सर अनिरुद्ध जगन्नाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन से हुआ। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने सर अनिरुद्ध जगन्नाथ को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने सर अनिरुद्ध जगन्नाथ को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा मातृभूमि सेवा मिशन के सेवा कार्यो से उनका बहुत ही आत्मीय लगाव था और मातृभूमि सेवा मिशन के निमंत्रण पर कई भारत की यात्रा की। सर अनिरुद्ध जगन्नाथ द्वारा 16 दिसबर 2008 को एक भवन की आधारशिला रखी गई थी। मिशन आयोजित 06 दिसम्बर 2009 उनका काशी में नागरिक अभिनन्दन किया गया और और उन्हें महामना की उपाधि से सम्मानित किया गया था। मॉरीशस गणराज्य के पूर्व राष्ट्रपति अपने देश के एकमात्र ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने देश में प्रत्येक स्तर

**व्यक्तित्व**

▶▶ अनिरुद्ध जगन्नाथ भारत एवं भारतीयता के उपासक थे। वह एक बेमिशाल व्यक्तित्व के धनी थे

पर एक निर्वाचित सदस्य के रूप में कार्य किया, उन्होंने पहली बार गांव और नगर पार्षद के रूप में कार्य किया। इसके बाद उन्होंने संसद सदस्य के रूप में कार्य किया। वास्तव में सर अनिरुद्ध जगन्नाथ भारत एवं भारतीयता के उपासक थे। वह एक बेमिशाल व्यक्तित्व के धनी थे। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ से हुआ। कार्यक्रम में आश्रम के विद्यार्थी, सदस्य एवं अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज दीदी का हुआ देहावसान

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संस्थापक आदि पिता ब्रह्मा बाबा व अन्य वरिष्ठ दादियो द्वारा प्राप्त दैवी शिक्षा एवं ज्ञान से पली ईश्वरीय यज्ञ की आदि सेवाओं की रत्न, वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज दीदी ने रविवार 2 जून 2024 को सुबह 10.15 बजे अपना पुराना शरीर त्याग 75 वर्ष की आयु में परमपिता शिव परमात्मा की गोद ली। सरोज दीदी लौकिक रूप से बटाला पंजाब से निकल ब्रह्माकुमारिज के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू तक पहुंचने वाली उन विशेष कन्याओं में से एक थे जिन पर स्वयं परमात्मा की दृष्टि पड़ी और उन्होंने अपना जीवन प्रभु अर्पित कर दिया। परमात्मा के प्रति दृढ़ निश्चय के कारण अपने प्रारंभिक दिनों में समाज तथा लौकिक परिवार से बहुत संघर्ष सहन किया। अपनी छोटी आयु में ही परमात्मा की बताई हुई युक्तियों को अपनाते स्वयं को बंधन मुक्त किया और ईश्वरीय सेवाओं में संपूर्ण समर्पित रूप से संलग्न हुए। चंडीगढ़, पंजाब और हिमाचल के कई स्थानों पर अपनी अथक सेवाएं दी। सन 1974 से अंबाला में अपनी ईश्वरीय सेवाएं देते अनेको आत्माओं का जीवन परिवर्तन किया। उनकी सेवाओं ने कई आत्माओं को ब्रह्माकुमारीज संस्थान के वारिस-गुणवत्ता वाले, अच्छे, सेवा योग्य ब्राह्मण बच्चे बनने के लिए पोषित किया है। इनके निर्देशन और मार्गदर्शन द्वारा अनेक अनन्य रत्न देश विदेश पर जाकर आज भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। दीदी जी यज्ञ सेवा में बहुत लगनशील और अथक थीं। परिपक्वता के उनके गहरे गुणों और आध्यात्मिक ज्ञान की समझ ने उन्हें कई विशिष्टताओं को विकसित करने में सक्षम बनाया। ईश्वरीय यज्ञ के ईमानदार वफादार, छोटी मूर्ति में परमात्मा की अति लाडली महान मूर्ति ऐसी अति आदरणीय राजयोगिनी तपस्वीनी सरोज दीदी जी को ना केवल पूरा ब्राह्मण परिवार बल्कि आम जन मानस सादर श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु पहुंचे।

### घर से एलईडी व सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र के मोहन नगर में बंद घर से एलईडी व सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार दिल्ली में रहता है। अब वह घर पर आए तो चोरी का पता चला। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। सुभाष विहार दिल्ली निवासी नरेश सहगल ने बताया कि सोनीपत के मोहन नगर में उनका दो मंजिला घर है। वह घर पर सप्ताह में आते रहते हैं। वह 31 मई की रात को घर आए तो दरवाजे के ताले कटे हुए मिले। कमरों के ताले टूटे पड़े थे।

# गली निर्माण को लेकर गांव के नंबरदार की पीट-पीटकर हत्या

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: मोहाना** थाना क्षेत्र के गांव नैना तातारपुर में पंचायत की तरफ से किए जा रहे गली के निर्माण को लेकर नंबरदार का पड़ोसी के साथ झगड़ा हो गया। जिसमें पंचायती तौर पर समझौता होने के बावजूद रात को गली में घूमने निकले नंबरदार पर पड़ोसी ने परिजनों संग मिलकर हमला कर दिया। आरोप है कि उन्हें पड़ोसी अपने घर में घसीटकर ले गए और वहां भी पीटा। नंबरदार के भाई व भतीजा बचाव को गए तो भतीजे को भी घायल कर दिया। परिजन दोनों को लेकर अस्पताल में पहुंचे, जहां चिकित्सक ने नंबरदार को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर आठ आरोपियों के खिलाफ हत्या, मारपीट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव नैना तातारपुर निवासी अजमेर ने

**हमला किया**

▶▶ मृतक के भाई के बयान पर आठ आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज

▶▶ पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को किया सुपुर्द

बताया कि उनके गांव में पंचायत की तरफ से गली का निर्माण किया जा रहा है। 31 मई को उनके बड़े भाई सुभाष (40) के साथ गली निर्माण को लेकर पड़ोसी ईश्वर ने झगड़ा कर दिया था। जिसमें उसी दिन आपस में राजीनामा भी हो गया था। जिससे उन्होंने इस बात को भूला दिया। 1 जून को रात करीब 10 बजे उनके भाई सुभाष खाना खाकर गली में घूमने के लिए निकले थे। इसी दौरान एक दिन पहले हुए झगड़े की रंजिश में गांव के ईश्वर, उसके बेटे हिमांशु व हन्नी, पत्नी नीलम, भाई संजय व संजय की पत्नी बेबी, ईश्वर के दूसरे भाई बंटी और उसकी छोटी बहन ने उनके भाई पर हमला कर दिया। आरोपितों ने उनके भाई सुभाष पर लाठी-डंडे व धारदार हथियारों से हमला किया। इतना ही नहीं वह उनके भाई को गली से घसीटकर अपने घर के अंदर ले गए। हमले का पता लगते ही अजमेर अपने भतीजे गौरव को साथ लेकर भाई सुभाष को छुड़वाने के लिए ईश्वर के घर में गए। उन्होंने देखा कि सुभाष जमीन पर पड़ा था और सभी उन्हें पीट रहे थे। जब वह सुभाष को छुड़वाने लगे तो आरोपितों ने गौरव के सिर व मुंह पर चोट मारी। जिससे वह भी घायल हो गए। उन्होंने इस पर शोर मचा दिया। उनका शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण व परिजन मौके पर पहुंचे। जिसके बाद सुभाष व गौरव को उनके चंगुल से बचाकर वह अस्पताल लेकर पहुंचे।

> गली निर्माण को लेकर हुए झगड़े में गांव के नंबरदार को पीट-पीटक्र मौत के घाट उतारने के आरोप का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द से जल्द आरोपितो को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। पुलिस की टीमें हत्यारोपितों की तलाश के लिए संदिग्ध ठिकानों पर दंबिश दे रही है।
> **अरुण कुमार, प्रभारी मोहाना थाना।**

### पांच हजार के ईनामी व दुष्कर्म करने के आरोपित को किया गिरफ्तार

**सोनीपत: क्राइम** यूनिट सेक्टर-3 सोनीपत पुलिस ने पांच हजार के ईनामी व लड़की के साथ दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साहिल निवासी हसनपुर झज्जर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक व्यक्ति ने 18 मई को 2020 को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी बेटी की आयु 20वर्ष है। वह 16 मई को बिना किसी से कुछ बताएं घर से चली गई। अपने स्तर पर बेटी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं लड़की को बरामद करके अदालत में बयान दर्ज करवाएं। वारदात के बाद से आरोपित भूमिगत था।
पुलिस ने आरोपित पर 14 मई 2024 को पांच हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था। क्राइम यूनिट-3 प्रभारी रविकांत की टीम ने पांच हजार रुपये के ईनामी बदमाश को काबू कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# अधिकृत मीडिया कर्मियों की सुविधा के लिए स्थापित किया मीडिया सेंटर: शांतनु

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के मतों की गणना का सफलतापूर्वक आयोजन करने लिए सभी तैयारियां कर ली गई है। मतगणना करने वाली टीमों के अलावा माइक्रो आब्जर्वर भी मतगणना केंद्रों में तैनात रहेंगे। मतगणना का कार्य 4 जून को कड़ी सुरक्षा के बीच पारदर्शी ढंग से किया जाएगा। मतगणना का कार्य प्रातः 8 बजे से शुरू हो जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि अधिकृत मीडिया कर्मियों के उपयोग के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के नॉन टीचिंग हॉल में मीडिया सेंटर स्थापित किया गया है। जहां राउंड वाईज मतगणना की सूचना मीडिया को उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव आयोग द्वारा मीडिया कर्मियों को जो पास अधिकृत किए गए है, उसे दिखाकर मीडिया कर्मी मतदान केंद्रों पर व मीडिया के लिए अस्थाई तौर पर केयूके के नॉन टीचिंग हॉल में बनाए गए मीडिया सेंटर में जा सकते है। मीडिया कर्मी कुरुक्षेत्र



विश्वविद्यालय के द्वितीय गेट से इन स्थानों पर जा सकते है। उन्होंने मीडिया से यह भी अनुरोध किया कि जो पास जारी हुए, उसे भी अपने साथ रखे ताकि उन्हें कवरेज के दौरान किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना ना करना पड़े। इसके साथ-साथ यह भी स्पष्ट किया है कि मतगणना केन्द्रों की 100 मीटर की परिधि के क्षेत्र को पेडेस्ट्रियन जोन यानी पैदल यात्री क्षेत्र घोषित किया गया है, वहां से पैदल ही जाना होगा।
उन्होंने कहा कि जनसंपर्क विभाग के अधिकारी को मीडिया सेंटर के प्रभारी के रूप में विशेष रूप से नामित किया गया है। मीडिया सेंटर में नियुक्त अधिकारी मीडिया कर्मियों के बीच मतों की गिनती से संबंधित जानकारी व नवीनतम रुझान आदि के बारे में जानकारी का प्रसार करेगा। मतगणना हॉल में मोबाइल फोन ले जाना सख्त मना है, इसलिए मीडिया कर्मियों को अपने


**पास जारी**

▶▶ मीडियाकर्मी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्राधिकार पत्र के आधार पर मीडिया सेंटर में कर सकेंगे प्रवेश

# साइकिल सेहत और पर्यावरण को दुरुस्त रखने का सबसे उत्तम साधन

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : विश्व साइकिल दिवस की सभी भारतवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए कर्नल राजकुमार मलिक ने कहा कि साईकिल सेहत सहत और पर्यावरण को दुरुस्त रखने का सबसे उत्तम साधन है। सभी साइकिल का प्रतिदिन जाएगा से ज्यादा प्रयोग करें। उन्होंने साइकिल के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि युनाइटेड नेशंस जनरल असेंबली द्वारा हर साल 3 जून को यह दिवस मनाया जाता है। आज ही के दिन साल 2018 में



अंतरराष्ट्रीय साइकिल दिवस घोषित किया गया था। साइकिल दिवस को मनाए जाने का प्रस्ताव अमेरिका के मोंटगोमरी कॉलेज के प्रोफेसर लेस्जेक सिबिल्सकी ने याचिका दी थी। इसके बाद सिबिल्सकी और उनके साथियों द्वारा प्रचार - प्रसार किया गया। जिसके बाद इस दिन को मनाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि साइकिल सबसे सस्ता वाहन है। इसके एक नहीं अनेक फायदे हैं। पेट्रोल की खपत नहीं होती, पर्यावरण दृष्टि से सुरक्षित है, एक्सरसाइज करने के लिए बेस्ट है, इम्युनिटी भी बढ़ती है।रोज साइकिल चलाने से फैट जल्दी कम होता है, बॉडी फिट रहती है। करीब 30 मिनट रोज साइकिल चलाना चाहिए।

### झांसे में लेकर खाते में डलवा लिए 3.98 लाख रुपये

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में झांसे में लेकर लाखों रुपये की राशि अलग-अलग खातों में डलवाने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर सेल की मदद ले रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। मोहल्ला कोट निवासी जितेंद्र कुमार ने बताया कि गत 16 अप्रैल से लेकर 29 अप्रैल तक अलग-अलग खातों में उससे लाखों रुपये की राशि को ट्रांसफर्र करवा लिया। ठग ने उससे कुल तीन लाख 98216 रुपये ठग लिए। जब उसे ठगी का पता लगा तो मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# तेज रफ्तार कार ने बाईक सवार दो दोस्तों को चपेट में लिया

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र के कामी सड़क मार्ग पर लस्सी लेकर बाइक पर लौट रहे दो युवकों को तेज रफ्तार कार ने चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने हादसे में जान गवाने वाले युवक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। नाराज परिजनों ने शहर के सड़क मार्ग पर जाम लगाकर कार चालक को गिरफ्तार करने की मांग की। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस टीम व भाजपा नेता मौके पर पहुंचे। जहां पजिरनों को आश्वन देने के बाद सड़क जाम को खोला। पुलिस कार चालक की तलाश कर रही है। हनुमान नगर विासी संदीप ने बताया कि वह दिल्ली में प्राइवेट नौकरी में अकाउंटेंट का काम करता है। गत 1 जून को उसका भाई आदित्य व उसका दोस्त कमल अपनी बाइक पर देर राम 10.20 बजे मुरथल अड्डा पर लस्सी लेने के लिए आए थे। वापिस लौटते समय तेज रफ्तार कार ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां आदित्य को ट्यूलिप अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहीं उसके भाई आदित्य को नागरिक अस्पताल में पहुंचा। उसके भाई को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। देर रात हुए सड़क हादसे में नाराज परिजनों ने सड़क मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची ओल्ड चौकी पुलिस ने परिजनों को समझाया। परिजन कार चालक की गिरफ्तारी पर अड़ गए। जाम की सूचना के बाद भाजपा नेता राजीव जैन भी पहुंचे।

**दुर्घटना**

▶▶ पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर पजिरनों को सौंपा, नाराज परिजनों ने लगाया सड़क पर जाम

▶▶ पजिरनों ने जल्द से जल्द कार चालक को गिरफ्तार करने की मांग, भाजपा नेता ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को

> **सड़क** हादसे में तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से दो युवक घायल हो गए। जिसमें एक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जल्द से जल्द कार चालक को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। **सतबीर सिंह, जांच अधिकारी, सिविल लाइन थाना।**

# उन्नति के शिखर पर पहुंचाती है सकारात्मक सोच - सूबे प्रताप

**प्रान्तीय आर्य वीर दल शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे गुरुकुल के प्राचार्य ने युवाओं को दिये व्यक्तित्व विकास के सूत्र**

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** एकाग्रता और दृढ़ इच्छाशक्ति से अपने लक्ष्य की ओर निरन्तर बढ़ने वालों को अपने लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य होती है, ऐसे ही लोग सफलता का नया इतिहास लिखते हैं। उक्त शब्द आज गुरुकुल कुरुक्षेत्र में चल रहे प्रान्तीय आर्य वीर दल शिविर में प्रातःकालीन बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे गुरुकुल के प्राचार्य सूबे प्रताप ने कहे। उन्होंने कहा कि जीवन में हमेशा सकारात्मक सोच के साथ मेहनत करते जाओ, एक दिन आप सफलता के शिखर पर जरूर पहुंचोगे। इस अवसर पर शिविर संयोजक संजीव आर्य, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक सूर्यदेव आर्य, संदीप



वैदिक सहित सभी प्रशिक्षक उपस्थित रहे।थॉमस एल्वा एडीसन का उदाहरण देकर उन्होंने बताया कि एक प्रयोग के दौरान वे 10 हजार बार फेल हुए, बार-बार कोशिश करने के बावजूद उन्हें सफलता नहीं मिल पाई मगर दृढ़ इच्छाशक्ति और एकाग्रता के साथ वे फिर भी उस असंभव से कार्य को करने में लगे रहे और आखिर उसमें वे कामयाब भी हुए। जब किसी ने उनसे पूछा कि आप 10 हजार बार असफल हुए फिर भी आपने उम्मीद नहीं छोड़ी, ऐसा क्यों? तब एडीसन ने कहा कि मैं 10 हजार बार फेल नहीं हुआ बल्कि इन प्रयासों से मुझे यह ज्ञात हुआ कि ये 10 हजार तरीकों से यह कार्य नहीं हो सका। अर्थात इतनी असफलताओं के बावजूद भी उन्होंने अपनी सोच को नकारात्मक नहीं होने दिया। आप भी जीवन में हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते जाओ।पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि घर में बहुत अभाव होने के बावजूद डॉ. कलाम दुनिया के विख्यात वैज्ञानिक बने। उन्होंने कहा कि जीवन में आने वाली मुश्किलों से कभी घबराना नहीं चाहिए क्योंकि जब हम मुश्किलों का डटकर सामना करते हैं तो वे उतनी बड़ी नहीं रहती जितनी दूर से दिखाई पड़ती हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व विकास की सबसे अहम कड़ी है चरित्र निर्माण क्योंकि आपके चरित्र से ही समाज में आपकी पहचान बनती है। इसलिए अच्छे साहित्य का स्वाध्याय करो, अच्छे लोगों की संगति में रहो और अच्छे लोगों से ही मित्रता करो। अन्त में उन्होंने शिविर में सिखाए योगासन, प्राणायाम व अन्य शारीरिक व बौद्धिक गतिविधियों को आत्मसात करने के आह्वान किया।

**मार्गदर्शन**

▶▶ जीवन में हमेशा सकारात्मक सोच के साथ मेहनत करते जाओ, एक दिन आप सफलता के शिखर पर जरूर पहुंचोगे

# फैक्टरी मालिक की पंचर कार से एक लाख रुपये व कागजात से भरा बैग चोरी

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में फैक्ट्री मालिक की पंचर कार से एक लाख रुपये की राशि व कागजात से भरे बैग के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर दो यवुकों पर चोरी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस युवकों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। अशोक विहार फेस-1 दिल्ली ने सत्यानारायण ने बताया कि वह गन्नौर के पास गांव धतुरी में फैक्टरी बनवा रहा है। वह गत 1 जून को अपनी कार में चालक के साथ मिलकर कंपनी में जा रहा था। रास्ते में करीब 8 बजे टसकन सिटी के पास पहुंचा। तो चालक ने गाड़ी में पंचर होने की बात कही। दोनों गाड़ी से नीचे उतर गए। उसके बाद एयर पंप से गाड़ी में हवा भरने लगे। उसी दौरान दो नौजवान लड़कों ने गाड़ी से पिछली खिड़की खोलकर बैग चोरी कर लिया। बैग में कंपनी की फाइलें सहित जरूरी कागजात व एक लाख रुपये की राशि थी। अपने स्तर पर युवकों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुसिल ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी धर्मेंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

**जांच जारी**

▶▶ कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में फैक्टरी बना रहे हैं दिल्ली के अशोक विहार फेस-1 निवासी सत्यनारायण

▶▶ बाइक सवार दो युवकों पर खिड़की खोलकर बैग चोरी कर भागने का आरोप

## न्यूज फ्लैश

### खेत में घुसा जोहड़ का गंदा पानी, किसान ने लगाई उपायुक्त से निकासी की गुहार

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**खंड के आट्टा गांव के किसान** तेजेन्द्र ने आरोप लगाया है कि गांव के सरपंच की कथित लापरवाही के कारण जोहड़ का गंदा पानी उसके खेतों में घुसने से गेहूं की फसल के साथ साथ पशुओं का चारा भी नष्ट हो गया है। किसान तेजेन्द्र ने जिला उपायुक्त के साथ साथ कृषिमंत्री व प्रधानमंत्री को शिकायत भेजकर खेत से गंदे पानी की निकासी करवाने तथा सरपंच व पंच के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। किसान तेजेन्द्र ने उपायुक्त को भेजी शिकायत में बताया कि गांव के बस अड्डे के पास उसकी पांच बीघा जमीन है जिसमें उसने गेहूं की फसल व पशुओं के लिए चारा लगाया हुआ है। लेकिन मेरे खेत के पास एक पुराना जोहड़ है जिसके गंदे पानी की निकासी उससे आधा किलोमीटर दूर बने जोहड़ में होती है लेकिन पंच व सरपंच ने इस तरह ध्यान नहीं दिया जिससे पुराना जोहड़ ओवरफ्लो हो गया ओर जोहड़ का गंदा पानी मेरे खेत में घुस गया। जोहड़ के गंदे पानी से मेरी गेहूं की फसल व पशुओं के चारा बिल्कुल नष्ट हो गया है। उन्होंने अपने खेत में घुसे गंदे पानी की निकासी करवाने तथा कथित लापरवाह सरपंच के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### मतगणना केंद्रों में किया गया मीडिया सेंटर स्थापितः अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 व करनाल विधानसभा उपचुनाव के मतों की गणना करने वाली टीमों के अलावा माईक्रो ऑब्जर्वर भी मतगणना केंद्रों में तैनात रहेंगे। मतगणना का कार्य 4 जून को कड़ी सुरक्षा के बीच पारदर्शी ढंग से किया जाएगा। मतगणना का कार्य प्रातः 8 बजे से शुरू हो जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक मतगणना केंद्र पर अधिकारियों के लिए एक संचार कक्ष बनाया गया है, जिसमें मेज, कुर्सी, टेलिफोन, प्रिंटर के साथ कम्प्यूटर और इंटरनेट की सुविधा होगी। ऐसे संचार कक्ष में एक वरिष्ठ अधिकारी की नियुक्ति की गई है। अधिकृत मीडियाकर्मियों के उपयोग के लिए प्रत्येक मतगणना केंद्र में मुख्य मतगणना हॉल से कुछ दूरी पर एलईडी, प्रिंटर के साथ कम्प्यूटर और इंटरनेट सुविधाओं के साथ एक मीडिया सेंटर भी स्थापित किया गया है। जहां राउंड वाईज मतगणना की सूचना मीडिया को उपलब्ध करवाई जाएगी।

### नगर निगम की टीमें डोर टू डोर जाकर कर रही सम्पत्तियां सत्यापित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। नगर निगम आयुक्त** अभिषेक मीणा के निर्देश पर निगम क्षेत्र की सम्पत्तियां शत प्रतिशत सत्यापित करने के लिए निगम कर्मी डोर टू डोर जाकर लोगों की सम्पत्तियां स्व-प्रमाणित करने में जुटे हैं। उप निगमायुक्त अशोक कुमार ने बताया कि शहर के प्रत्येक वार्ड में नगर निगम की टीमें इस कार्य को कर रही हैं।

उन्होंने शहर वासियों से भी अपील करते कहा है कि नागरिक अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित करवाने के लिए निगम कर्मचारियों का सहयोग करें। उन्होंने बताया कि अब तक 29 हजार से अधिक प्रॉपर्टी आई.डी. स्व-प्रमाणित हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि सभी सम्पत्ति धारकों की सम्पत्ति का स्व-प्रमाणित होना आवश्यक है और यह उन्हीं के हित में भी है।

# प्रत्येक युवा स्वस्थ जीवन के लिए साइकिल का करे प्रयोग : डा. अशोक

## अंतर्राष्ट्रीय विश्व साइकिल दिवस पर नशे से दूर रहने का किया आह्वान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। अंतर्राष्ट्रीय** विश्व साइकिल दिवस पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तरावड़ी में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 187वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे। संस्थान के प्राचार्य गुरप्रीत सिंह की अध्यक्षता और जीआई अनूप भारद्वाज की उपस्थिति में 132 विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। मंच का संचालन अनूप भारद्वाज ने



किया। डॉ.अशोक कुमार वर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय साइकिल दिवस है। आज प्रत्येक युवा स्वस्थ जीवन के लिए साइकिल का प्रयोग करे और नशे से दूर रहकर न केवल अपने जीवन का विकास करे अपितु समाज और राष्ट्र के विकास में सहभागिता करे। उन्होंने स्वरचित कविता की पंक्तियों के माध्यम से युवाओं को जागरूक करते हुए कहा-मोटर वाहनों का प्रसार जब यौवन में आया, मनुष्य हुआ विलासी रोगों ने घेरा पाया। चिकित्सक ने दिया लिखकर परामर्श, 30 मिनट प्रतिदिन साइकिल चलाओ जीवन होगा आदर्श। स्वास्थ्य की कुंजी है साइकिल चलाना, अनेक रोगों से है यदि स्वयं को बचाना। शर्करा की समस्या न आएगी पास, यदि साइकिल के पैडल लगा दिए खास। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव गिनवाते हुए कहा कि नशा होता अच्छा तो माँ कहती खा ले मेरे बच्चा। उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित नशों में अफीम चरस हेरोइन स्मैक चिट्टा और एलएसडी सहित असंख्य नशे हैं। यदि यह नशा मनुष्य के लिए तनिक भी लाभकारी होता तो सरकार इसके ठेके खोल देती। उन्होंने ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुलिस जनता की सेवा सुरक्षा और सहयोग के लिए है। जनता से यह आशा की जाती है कि वह इस अभियान में सहभागिता करें। उन्होंने बढ़ रही गर्मी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण में सभी का दायित्व है। उन्होंने विभिन्न कविताओं और गायन के माध्यम से शिक्षकों और विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए शपथ ग्रहण करवाई कि वे जीवन में कोई नशा नहीं करेंगे।

## अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर रहेगी पाबंदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिलाधीश उत्तम सिंह** ने मंगलवार 4 जून को एस.डी.मॉडल सी.से.स्कूल, एसडी सी.से. स्कूल और डीएवी सी.से.स्कूल में होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करने के लिए आपराधिक प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत एक आदेश जारी कर मतगणना केन्द्र की 200 मीटर की परिधि में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी है। आदेश में कहा गया है कि सुरक्षा की दृष्टि से मतगणना केन्द्र के 200 मीटर के घेरे में 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों के इका होने पर पाबंदी रहेगी तथा कोई भी व्यक्ति अपने साथ घातक हथियार, आग्रेयास्त्र व तकनीक ी यंत्र लेकर



नहीं चल सकेगा। आदेशों में मतगणना केन्द्रों की 100 मीटर की परिधि के क्षेत्र को पैडेस्ट्रियन जोन यानी पैदल यात्री क्षेत्र घोषित किया गया है। यह आदेश मतगणना डयूटी पर तैनात सरकारी कर्मियों पर लागू नहीं होंगे। पुलिस अधीक्षक व सभी सम्बंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी इन आदेशों को लागू करवाना सुनिश्चित करेंगे।

## पोल्ट्री फार्म में चोरी करने वाले 4 आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**थाना मतलौडा की थर्मल** चौकी पुलिस ने आसन कला में नौहरा मोड़ पर स्थित पोल्ट्री फार्म में चोरी करने वाले 4 आरोपियों को रविवार देर शाम आसन कला में रिफाइनरी रोड से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान अमन, सन्नी, गुरप्रीत व नवजोत निवासी सिठाना के रूप में हुई। थर्मल चौकी इंचार्ज एएसआई कुलदीप ने बताया कि पूछताछ से खुलासा हुआ गिरोह का मास्टर माइंड आरोपी सन्नी है। सन्नी पहले उक्त पोल्ट्री फार्म में काम करता था इसलिए उसको स्टोर में रखे सामान के बारे में जानकारी थी। आरोपी सन्नी ने करीब 1 महीना पहले पोल्ट्री फार्म पर काम करना बंद कर दिया था। आरोपी सन्नी ने शार्टकट तरिके से पैसे कमाने की चाहत में अपने उक्त तीनों साथी आरोपियों के साथ मिलकर साजिश रच चोरी की पोल्ट्री फार्म ने चोरी की उक्त वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने चोरी की टुल्लु पंप की 2 मोटर राह चलते अज्ञात कबाड़ी को 4 हजार रुपए में बेच दी। पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक बाइक, चोरीशुदा सबमर्सिबल की 1 मोटर व 4 हजार रुपए बरामद कर पूछताछ के बाद सोमवार को चारों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से आरोपी अमन, गुरप्रीत व नवजोत को न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया व आरोपी सन्नी को 1 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी सन्नी से गहनता से पूछताछ करने के साथ ही वारदात में प्रयुक्त एक अन्य बाइक बरामद करने का प्रयास करेंगी। थाना मतलौडा में तरूण पुत्र अशोक निवासी आसन कला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसने अपने दोस्त प्रवीन व ललित के साथ मिलकर गांव आसन कला में गउशाला नौहरा मोड़ पर पोल्ट्री फार्म खोल रखा है। 1 जून की सुबह वह फार्म हाउस पर पहुंचा तो मेन गेट पर अंडे बिखरे पड़े थे।

## अधिकृत व्यक्ति का काउंटिंग सेंटर में होगा प्रवेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 व करनाल विधानसभा उप चुनाव के मतों की गणना 4 जून को प्रातः 8 बजे से मतगणना केन्द्रों में शुरू हो जाएगी। मतगणना के लिए सभी प्रबंध मुक्कमल कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतगणना कार्य के दौरान काउंटिंग हॉल में केवल अधिकृत व्यक्ति ही प्रवेश करेगा। अधिकृत व्यक्ति के पास उसका पहचान पत्र होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतगणना संपन्न करवाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के सभी नियमों की पालना की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना के दौरान पहले बैलेट पेपर के मतों की गणना होगी। इसके बाद ईवीएम मशीन के मतों की गणना की जाएगी। उन्होंने कहा कि मतों की गणना में पहले राउंड का परिणाम क्लीयर होने के बाद ही दूसरे राउंड के लिए मशीन टेबल पर लगाई जाएगी। मतगणना के पूरे कार्य की वीडियोग्राफी की जाएगी। मतगणना केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि काउंटिंग टीमों में काउंटिंग सुपरवाईजर, काउंटिंग असिस्टेंट और माइक्रो ऑब्जर्वर भी शामिल हैं।

**प्रत्येक राउंड का परिणाम बोर्ड पर किया जाएगा अंकित**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना केन्द्रों में संबंधित एआरओ द्वारा प्रत्येक राउंड का परिणाम बोर्ड पर अंकित किया जाएगा, ताकि वहां पर मौजूद काउंटिंग एजेंट भी उसे देख सकें। उन्होंने कहा कि स्ट्राँग रूम से ईवीएम लाने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। ईवीएम मशीन केवल उसके निर्धारित किए टेबल पर ही भेजी जाएगी। इसी प्रकार से मतों की गणना के बाद ईवीएम को सील करके वापिस स्ट्राँग रूम में ही उसी समय जमा की जाएंगी।

**काउंटिंग एजेंट को मौके पर मिलेंगे कागज व पेंसिल**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना केन्द्रों में सभी पार्टियों के काउंटिंग एजेंट को काउंटिंग हॉल में कागज व पेंसिल दिए जाएंगे। बाहर से कोई चीज लाने की अनुमति नहीं होगी। एजेंट के साथ-साथ किसी भी कर्मचारी को अपने साथ मोबाईल ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

**मतगणना केंद्र पर मीडिया सेंटर किया जाएगा स्थापित**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 व करनाल विधानसभा उप चुनाव के मतों की गणना के लिए मतगणना केंद्रों पर मीडिया सेंटर स्थापित किए गए है। मीडिया सेंटर पर इंटरनेट, कम्प्यूटर, फोटोस्टेट मशीन तथा एलईडी लगवाई जाएगी ताकि मीडियाकर्मियों को मतगणना की कवरेज के समय किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। मतगणना के प्रत्येक राउंड की रिपोर्ट सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग द्वारा मीडिया को उपलब्ध करवाई जाएगी। मीडिया सेंटर में जलपान की भी व्यवस्था रहेगी।

**इन स्थानों पर होगी मतगणना**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नीलोखेड़ी विधानसभा-19 की मतगणना एसडी मॉडल स्कूल के लाईब्रेरी हॉल, इंद्री विधानसभा-20 की मतगणना एसडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल के लाईब्रेरी हॉल, करनाल विधानसभा -21 की मतगणना डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल के
हॉल नम्बर 1, करनाल विधानसभा-21 उप चुनाव की मतगणना डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल के लाईब्रेरी हॉल, घरौंडा विधानसभा-22 की मतगणना एसडी मॉडल स्कूल के विवेकानंद हॉल में तथा असंध विधानसभा -23 के मतों की गणना एसडी मॉडल स्कूल के विवेकानंद ब्लॉक में की जाएगी।

## मतगणना अभिकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**भाजपा जिला कार्यालय में** भाजपा मतगणना अभिकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की। जिला महामंत्री कृष्ण छोक्कर ने एजेंडा प्रस्तुत किया और बाबैल मंडल अध्यक्ष संजय त्यागी ने सभी का स्वागत किया` मंडल अध्यक्ष राजेश भारद्वाज ने सभी का आभार व्यक्त कियो इस अवसर पर बिचपड़ी मंडल अध्यक्ष अर्जुन शर्मा, वीरेंद्र तनेजा, कुलदीप जांगड़ा, कृष्ण आर्य भी मौजूद रहे भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यन्त भट्ट ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत




निर्वाचन आयोग के निदेर्शो के अनुसार 4 जून मंगलवार को प्रातः 8 बजे मतगणना का कार्य आरम्भ कर दिया जाएगा मतगणना प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक और शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने में मतगणना अभिकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है इन अभिकताओं का ज्ञानवर्धन करने के लिए ही इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है

**`ध्यान से देखें मतगणना प्रक्रिया** – जिला अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि मतगणना अभिकर्ता का मतगणना केंद्र पर समय से पूर्व पहुंचना जरूरी है और मतों की गणना पूरी होने तक केंद्र के अन्दर उपस्थित रहना अनिवार्य है उन्होंने कहा कि नई प्रक्रिया की विशेष बात यह है कि इसमें तीन प्रकार की मतगणना होती है झ सबसे पहले ईवीएम कण्ट्रोल यूनिट पर दिखने वाली संख्या और दो प्रकार के डाक मतपत्र की गणना तथा वीवीपैट की पर्चियों की गिनती इसलिए इस पूरी प्रक्रिया को पूरे धैर्य और ध्यान से देखें उन्होंने कहा कि यूं तो सभी अभिकताओं के पहचान पत्र बना दिए गए हैं, फिर भी प्रत्येक अभिकर्ता को कोई एक अन्य फोटोयुक्त पहचान पत्र अपने साथ जरूर रखें जिनमें मतदाता पहचान पत्र, आधार और ड्राइविंग लाइसेंस आदि शामिल हैं मतगणना प्रक्रिया को संपन्न करवाने में अभिकताओं की अहम भूमिका होती है इसी के दृष्टिगत अभिकताओं को मतगणना हेतु आवंटित मेज पर आगे बैठने का अधिकार चुनाव आयोग ने दिया है सभी मतगणना अभिकर्ता, मतगणना आरम्भ होने से लेकर मतगणना पूरी होने तक अपनी आवंटित मेज न छोड़ें उन्होंने कहा कि भाजपा एक अनुशासित पार्टी है इसलिए सभी अभिकर्ता मतगणना पूरी होने तक अधिकारियों के साथ शालीनता से पेश आएं और मतगणना सम्पूर्ण होने तक अपनी मेज पर ही बने रहें` इस अवसर पर कृष्ण आर्य , सुनील सोनी , जसबीर टिटाना ,कुलदीप जांगड़ा ,अर्जुन शर्मा , अनिल मदान , सुनील परढाना भी मौजूद रहे।

## गंभीर चोट मारने के मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**समालखा पुलिस ने नामुंडा** गांव में घर में घूसकर व रास्ता रोककर युवक को गंभीर चोट मारने मामले में फरार चल रहे तीसरे आरोपी को रविवार देर शाम समालखा रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान कशिश निवासी नामुंडा के रूप में हुई। वारदात में शामिल इसके दो साथी आरोपी नौशाद व गुलसार निवासी नामुंडा को गत दिनों गिरफ्तार कर दोनों आरोनिपयों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत जेल भेजा जा चुका है। थाना समालखा प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि आरोपी कशिश के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त 1 देसी पिस्तौल, 1 जिंदा रौंद, 1 गंडासी व डंडे में जुड़ा बाइक का चैन सेट बरामद कर पुलिस ने सोमवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 3 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ करने के साथ ही वारदात में शामिल फरार आरोपियों के ठीकानों का पता लगा काबू करने के प्रयास करेंगी। इंस्पेक्टर फुलकुमार ने बताया कि थाना समालखा में सद्दाम निवासी नामुंडा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 25 मार्च को वह गांव में राणा के घर मजदूरी के पैसे लेने के लिए गया था। राणा से मजदूरी के पैसे मांगे तो राणा ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। झगड़े को देखकर भाभी मोसिन, भाई नवाब, प्रवीन व रयासत छुड़ाने के लिए आए तो राणा के दोस्त कशिश, जुलफान, इरफान, नवाब, नौसाद, तसवर, शारूख व अर्जुन निवासी नामुंडा ने लाठी डंडो व तेज हथियार से हमला कर दिया। वहा से जान बचाकर वह अपने घर आए तो आरोपियों ने घर पर आकर उनसे मारपीट की। 26 मार्च को बड़ा भाई प्रवीन काम से समालखा गया था।

## चिटफंड कंपनी में रुपए लगवाने के नाम पर ठगा, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, कमाल हुसैन**
**पानीपत के गांव नांगल** खेड़ी के रहने वाले व्यक्ति को चिटफंड कंपनी में रुपए लगवाने के नाम पर ठग लिया। पीड़ित को तीन गुना अधिक मुनाफे का लालच दिया। जिसके चलते उसने 10 लाख रुपए इंवेस्ट कर दिए। रुपए मिलने के बाद ठगों ने पीड़ित से संपर्क तोड़ दिया। उसकी किसी बात का जवाब नहीं दिया। यहां तक कि उसके फोन भी उठाने बंद कर दिए। जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस को दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

**ज्यादा इन्वेस्टमेंट, ज्यादा प्रौफिट के जाल में फंसाया**

पुलिस को दी शिकायत में नरेश कुमार ने बताया कि वह गांव नांगल खेड़ी का रहने वाला है। उसने बताया कि उसके साथ ऑनलाइन चिटफंड कंपनी स्कीम के नाम पर 10 लाख रुपए की ठगी हुई है। मामले के अनुसार उसके साथ कथित कंपनी के तरूण, राहुल खुराना, अनूप सैनी, विनोद वर्मा व अन्यों ने उसके साथ धोखा धड़ी की है। नरेश ने बताया कि कंपनी की वेबसाइट का मास्टमाइंड तरूण और राहुल है। कंपनी हर सप्ताह 5% और मासिक 20% तक बढ़ोत्तरी के साथ रुपए देने का झांसा देती है। 20% से अधिक मुनाफा लेने के लिए इंवेस्ट की गई राशि से तीन गुना अधिक रुपए लगाने पड़ते है। कंपनी, अपने क्लाइंग को कई तरह के प्रलोभन देती है।

## आब्जर्वर की उपस्थिति में रैंडामाईजेशन का कार्य सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, कमाल हुसैन**
**लोकसभा चुनाव की** मतगणना को शांतिपूर्ण तरीके से कराने को लेकर जिला सचिवालय के सभागार में सोमवार को मतगणना आर्ब्जवर व जिला निर्वाचन अधिकारी और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की उपस्थित में मतगणना में डयूटी देने वालों की सूची का रैंडामाईजेशन किया गया। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि मतगणना के लिए सभी कर्मचारी व अधिकारी




मतगणना केन्द्रों पर समय पर पहुंच कर अपनी डयूटी का ईमानदारी व निष्ठता से निर्वहन करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना की डयूटी में अधिकारी डयूटी के प्रति निष्ठता बरतेंगे और एक उदाहरण देंगे। उन्होंने सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों निर्देश दिए कि उन्होंने अभी तक जिम्मेदारी से सभी को साथ लेकर मतदान के इस पर्व को शानदार बनाया है व आम नागरिक को वोट के प्रति जागरूक किया है। उन्होंने सभी का मतगणना को शांतिपूर्ण तरीके से कराने को लेकर हौसला बढ़ाया व अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर एडीसी एवं पानीपत शहरी विधानसभा के एआरओ डॉ. पंकज, सहायक रिटर्निंग अधिकारी मनदीप सिंह, अमित कुमार, ज्योति, सीटीएम टीनू पोसवाल, निर्वाचन तहसीलदार सुदेश राणा के अलावा जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

## फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
सीआईए टू पुलिस टीम ने नशा तस्करी के मामले में जेल में बंद आरोपी की जमानत के लिए फर्जी मेडिकल सर्टीफिकेट बनाने वाले आरोपी को रविवार देर शाम यूपी के बुढाना से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान संजय निवासी शामली यूपी के रूप में हुई। सीआईए टू कार्यकारी प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि सीआईए टू पुलिस टीम ने 10 मार्च 2023 को कुटानी रोड पर सेंट्रो कार सवार नशा तस्कर आरोपी रमेश निवासी डाबर कॉलोनी को 45 किलो 400 ग्राम गांजा पत्ती सहित गिरफ्तार किया था। आरोपी ने उक्त गांजा आरिफ निवासी मंदवाडा



मुजफ्फरनगर यूपी से 2.25लाख रुपए में खरीदकर लाने बारे स्वीकारा था। पुलिस टीम ने थाना किला में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर नशा सप्लायर आरोपी आरिफ को यूपी के कैराना से गिरफ्तार किया। पूछताछ के दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर वहा से न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया था। सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि कुछ दिन बाद आरोपी आरिफ के छोटे भाई आरिज ने कोर्ट में आरिफ का मेडिकल सर्टिफिकेट लगा जमानत के लिए अर्जी लगाई थी। जांच में मेडिकल सर्टिफिकेट फर्जी पाए जाने पर पुलिस ने दर्ज मामले में धोखाधड़ी की धाराएं इजाद कर जुलाई 2023 में आरोपी आरिज को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो आरोपी ने फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट संजय निवासी नौ कुआ रोड शामली यूपी से 9 हजार रुपए में बनवाने बारे स्वीकारा था। पुलिस ने आरोपी आरिज को माननीय न्यायालय में पेश कर जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजने के बाद आरोपी संजय की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया सीआईए टू पुलिस टीम ने रविवार देर शाम मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर आरोपी संजय को यूपी के बुढाना से गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने पैसे लेकर उक्त फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने बारे स्वीकारा।

पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसका यूपी के बुढाना में एक प्राइवेट हॉस्पिटल में कुछ प्रतिशत हिस्सा है। गहनता से पूछताछ करने के लिए पुलिस ने सोमवार को आरोपी संजय को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 3 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया।

## डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, कमाल हुसैन**
**मंगलवार को होने** वाली मतगणना को लेकर डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने सोमवार को आर्य पी.जी. कॉलेज में बनाए गए मतगणना केन्द्रों का दौरा किया व सुरक्षा की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना वाले दिन मतगणना की पूरी प्रक्रिया की वीडियों रिकॉर्डिंग करवाई जाएगी। स्ट्रांग रूम से लेकर मतगणना केन्द्रों तक मतगणना की एक-एक गतिविधि कैमरे में कैद होगी। इसकी व्यवस्था की गई है।



उन्होंने बताया कि सभी मतगणना केन्द्रों पर प्रात 8 बजे मतगणना का कार्य शुरू हो जाएगा। मतगणना की प्रक्रिया पूर्ण रूप से पारदर्शी होगी। मतगणना के लिए बनाए गए मतगणना केन्द्रों पर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां कर ली गई है। उन्होंने बताया कि पानीपत ग्रामीण -24 की मतगणना के लिए आर्य कन्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल।

## संपादकीय

# कैसे मोदी ने जीता देश की जनता का अभूतपूर्व विश्वास?

**लोकसभा** चुनाव के 4 जून को आने वाले नतीजों से पहले एग्जिट पोल के अनुमान तो आ गए हैं। वे कमोबेश वैसे ही हैं जैसा कि मैंने अपने कई पूर्व के लेखों में लिखा है। उन्होंने बहुत साफ संकेत दे दिया है कि देश में तीसरी बार नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की ही सरकार बनने जा रही है। एग्जिट पोल के अनुमानों से साफ है कि नरेन्द्र मोदी आज देश के एकछत्र नेता बन चुके हैं। अब बड़ा सवाल यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनता का इतना अभूतपूर्व विश्वास कैसे मिलने लगा है? अगर आप इस सवाल का उत्तर तलाशेंगें तो आपको पता चलेगा कि एक वे अपने वादों को सही ढंग से समय सीमा के अन्दर ही पूरा करते हैं। "मोदी की गारंटी" विभिन्न क्षेत्रों, नागरिकों और योजनाओं में किए गए वादों की एक विस्तृत श्रृंखला को कवर करती है। "मोदी की गारंटी" का अर्थ ही है लोगों के कल्याण के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता। "मोदी की गारंटी" का अर्थ है विकसित भारत, एक श्रेष्ठ भारत। यह युवाओं के विकास, महिलाओं के सशक्तिकरण, किसानों के कल्याण और दशकों से उपेक्षित सभी हाशिए पर रहने वालों और कमजोर वर्गों के लिए एक गारंटी है।

**कल्याण की गारंटी:** सबसे बुनियादी जरूरतों से शुरूआत करते हुए, मोदी सरकार द्वारा आज सबसे गरीब लोगों को प्रमुख सरकारी कल्याणकारी कार्यक्रमों से लैस किया गया है। मोदी सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज प्रदान करते हुए, 25 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया है। इस गारंटी से यह सुनिश्चित होता है कि भारत वर्ष में कोई भी भूखा न सोए। प्रत्येक व्यक्ति को एक छत प्रदान करने के उद्देश्य से, मोदी सरकार शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लाखों लोगों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से "सभी के लिए आवास" की गारंटी देती है। आज, इस योजना के तहत चार करोड़ से अधिक घरों को मंजूरी दी गई है। गांवों का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण भी इस वादे का हिस्सा है। आज जल जीवन मिशन के तहत 14 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों तक पानी पहुंच रहा है, जो भारत के सभी ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित और पीने योग्य नल के पानी के कनेक्शन की गारंटी देता है।

**सब हों स्वस्थ:** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) है, जो सरकार द्वारा वित्त पोषित दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है, जो लगभग 12 करोड़ कमजोर परिवारों से संबंधित लगभग 55 करोड़ व्यक्तियों को कवर करती है। योजना एक सुरक्षा जाल के रूप में काम करती है और यह सुनिश्चित करती है कि चिकित्सा आपात स्थिति गरीबों और कमजोर वर्गों के लिए कर्ज के चक्र में न बदल जाए। प्रधानमंत्री मोदी खुद इस योजना के क्रियान्वयन पर नजर रखते हैं। इसलिए गरीबों को लाभ हो रहा है, वे उनसे जुड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की किसानों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता कृषि बजट में उल्लेखनीय वृद्धि से स्पष्ट है, जो 2024-25 में 1.27 लाख करोड़ रुपये तक पहुँच गया है, जो 2014-15 के बाद से उल्लेखनीय 300 प्रतिशत की वृद्धि है। पीएम-किसान योजना से 11 करोड़ से अधिक किसानों को सीधा लाभ हुआ है, जिन्हें सहायता के रूप में 2.6 लाख करोड़ रुपये दिए गए हैं। सरकार किसानों को उद्यमी बनने में भी सक्रिय रूप से समर्थन कर रही है।

# बढ़ती मानवीय सुविधा बनी जलवायु परिवर्तन चक्र के लिए असुविधा

राजेश माहेश्वरी

"इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर की रेड लिस्ट के अनुसार, देश में 1212 पशु प्रजातियों में से 12% से अधिक को 'लुप्तप्राय' के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हाल के वर्षों में 25 प्रजातियाँ विलुप्त हो गई हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट है कि जलवायु परिवर्तन हर साल कम से कम 150,000 मौतों के लिए जिम्मेदार है, 2030 तक यह संख्या दोगुनी होने की संभावना है। आईपीसीसी की रिपोर्ट का अनुमान है कि बढ़ते तापमान से एशिया में 130 मिलियन लोगों के लिए भोजन की कमी हो सकती है। 2050 तक तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ, देश को दोगुना भोजन आयात करना होगा। भारत में 85 प्रतिशत से अधिक ताजे पानी का उपयोग कृषि के लिए किया जाता है, दूसरी ओर जल संकट के कारण, देश के कुछ प्रमुख शहरों में 2030 तक भूजल खत्म हो जाएगा, जिससे लगभग 40% आबादी प्रभावित होगी"

**ग्लोबल** वार्मिंग आज पूरी दुनिया में सजीवों के लिए सबसे ज्वलंत मुद्दा है, आधुनिकता ने ग्लोबल वार्मिंग की समस्या को सबसे बड़े अभिशाप के रूप में बढ़ा दिया है। आज गर्मी के मौसम में बारिश हो रही है, बरसात के मौसम में गर्मी है, ठंड के मौसम में बारिश हो रही है। जिसका सीधा असर मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, घातक बीमारियों का साम्राज्य चरम पर पहुंच रहा है, असामयिक मौतों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हो रही है, मौसम बिगड़ने का दूसरा सबसे बड़ा असर फसलों पर पड़ता है, ऊपर से कभी बाढ़ तो कभी अकाल की स्थिति पैदा हो जाती है। मंडियों में पर्याप्त अनाज भंडारण न होने के कारण हर साल लाखों टन अनाज बर्बाद हो जाता है, जिसका नुकसान किसानों को उठाना पड़ता है, शहरों में विकास के नाम पर पेड़ काटे जा रहे हैं और बचे-खुचे पेड़ भी जरा सी हवा में उखड़ जाते हैं, क्योंकि पेड़ों की जड़ों को पनपने के लिए पर्याप्त मिट्टी नहीं है, हर जगह सीमेंट का जंगल उग रहा है।

मनुष्य से अधिक संख्या में वाहन एवं यांत्रिक संसाधन बढ़ रहे हैं। मिलावट, खेती में रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग, प्रदूषण, शोर, बढ़ता कचरा और इसके उचित प्रबंधन की कमी, घटते जंगल, औद्योगिक क्षेत्रों द्वारा नियमों की अवहेलना और लोगों की लापरवाही ने जलवायु चक्र को बाधित कर दिया है। सबसे ज्यादा परेशानी किसानों और गरीब तबके को हो रही है, इससे आर्थिक असमानता की खाई बढ़ती जा रही है। आज के लोग इस बात पर गहराई से विचार नहीं करते कि थोड़ी सी लापरवाही से बिगड़ते जलवायु चक्र का खामियाजा आने वाली पीढ़ियों को कितना भुगतना पड़ेगा। पर्यावरण संरक्षण में प्रत्येक पशु-पक्षी का विशेष योगदान है। पृथ्वी पर मनुष्य ही एकमात्र ऐसा प्राणी है जो अपने स्वार्थ के लिए पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है।

वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक 2021 में जलवायु जोखिमों की घटनाओं और संवेदनशीलता के मामले में भारत सबसे अधिक प्रभावित देशों की सूची में 7वें स्थान पर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 2030 से 2050 के बीच, जलवायु परिवर्तन के कारण हर साल कुपोषण, मलेरिया, दस्त और गर्मी के तनाव से अनुमानित ढाई लाख अतिरिक्त मौतें होने की आशंका है। बढ़ते तापमान के कारण ग्लेशियरों के पिघलने से समुद्र के स्तर में वृद्धि से तटीय कटाव, भूस्खलन, तूफान, बाढ़ और गर्मी की लहरें जैसी समस्याएं



बढ़ेंगी। पिछले कुछ समय से मौसम के बदलते मिजाज के कारण देश का सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इससे पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए भी बड़ा खतरा पैदा हो गया है। जलवायु परिवर्तन के कारण कृषि उपज कम हो गई है और मलेरिया, डेंगू, हैजा, हीट स्ट्रोक, श्वसन संक्रमण और मानसिक तनाव जैसी बीमारियाँ बढ़ गई हैं। पिछले दशक में बाढ़ से देश को 3 अरब अमेरिकी डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ है, जो वैश्विक आर्थिक नुकसान का 10% है, और गर्मी के तनाव से संबंधित उत्पादकता में गिरावट के कारण भारत 2030 तक 3.4 मिलियन नौकरियां खो देगा। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, भारत की प्राथमिक ऊर्जा मांग 2030 तक दोगुनी हो जाएगी। विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2021 के अनुसार, 100 सबसे प्रदूषित शहरों में से 63 शहर भारत के हैं। वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन, औद्योगिक कचरा, चुल्हे का धुआं, निर्माण क्षेत्र, फसल अपशिष्ट जलाना और बिजली उत्पादन भारत में वायु प्रदूषण के प्रमुख स्त्रोत हैं, इससे हर साल वायुमंडल में 2.65 बिलियन मीट्रिक टन कार्बन का योगदान होता है। कोयला, तेल और गैस वैश्विक जलवायु परिवर्तन में सबसे बड़ा योगदानकर्ता हैं, जो वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का 75 प्रतिशत से अधिक और सभी कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन का लगभग 90 प्रतिशत है। अब दुनिया किसी भी समय की तुलना में तेजी से गर्म हो रही है। इससे मनुष्यों और पृथ्वी पर मौजूद अन्य सभी जीवन रूपों के लिए कई खतरे पैदा होते हैं। प्रतिदिन लगभग 4 करोड़ लीटर सीवेज नदियों और अन्य जल निकायों में बहता है। इनमें से, पर्याप्त बुनियादी ढांचे और संसाधनों की कमी के कारण केवल एक छोटे से हिस्से का ही पर्याप्त उपचार किया जाता है। जल प्रदूषण से भारत सरकार को सालाना 6.7 से 7.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है, जिससे सरकारी कर और कृषि आय प्रभावित होती है। हर साल लगभग 4 करोड़ भारतीय टाइफाइड, हैजा और हेपेटाइटिस जैसी जल जनित बीमारियों से पीड़ित होते हैं और लगभग 4 लाख लोग मर जाते हैं।

लगभग 140 करोड़ की आबादी में हर साल 277 मिलियन टन नगरपालिका ठोस कचरा उत्पन्न होता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वर्ष 2030 तक इसके 387.8 मिलियन टन तक पहुंचने की संभावना है और 2050 तक यह वर्तमान से दोगुना हो जाएगा। बढ़ता शहरीकरण अपशिष्ट प्रबंधन को बेहद चुनौतीपूर्ण बनाता है। वर्तमान में, एकत्र किए गए कुल कचरे का लगभग 5% पुनर्नवीनीकरण किया जाता है, 18% खाद बनाया जाता है और बाकी को लैंडफिल साइटों पर डाल दिया जाता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, भारत वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 25,000 टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न करता है, जो देश में उत्पन्न कुल ठोस कचरे का लगभग 6% है। सबसे प्रदूषित नदियाँ, दुनिया का लगभग 90% प्लास्टिक समुद्र में बहाती हैं। इस सदी की शुरूआत के बाद से, भारत ने अपने कुल वृक्ष आवरण का 19 प्रतिशत खो दिया है। अधिकांश नुकसान जंगल की आग के कारण होता है, जो प्रतिवर्ष 18,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक जंगल को प्रभावित करता है, जो वार्षिक औसत वनों की कटाई दर से दोगुना है। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर की रेड लिस्ट के अनुसार, देश में 1212 पशु प्रजातियों में से 12% से अधिक को 'लुप्तप्राय' के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हाल के वर्षों में 25 प्रजातियाँ विलुप्त हो गई हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट है कि जलवायु परिवर्तन हर साल कम से कम 150,000 मौतों के लिए जिम्मेदार है, 2030 तक यह संख्या दोगुनी होने की संभावना है। आईपीसीसी की रिपोर्ट का अनुमान है कि बढ़ते तापमान से एशिया में 130 मिलियन लोगों के लिए भोजन की कमी हो सकती है। 2050 तक तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ, देश को दोगुना भोजन आयात करना होगा। भारत में 85 प्रतिशत से अधिक ताजे पानी का उपयोग कृषि के लिए किया जाता है, दूसरी ओर जल संकट के कारण, देश के कुछ प्रमुख शहरों में 2030 तक भूजल खत्म हो जाएगा, जिससे लगभग 40% आबादी प्रभावित होगी। देश में हर साल गर्मी के मौसम में लू के कारण बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। वर्तमान समय में गर्मी के मौसम में सूरज आग उगल रहा है। दिल्ली में तापमान 52 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। फिलहाल महाराष्ट्र के नागपुर शहर में लू के कारण दो दिनों में 10 लोगों की जान चली गई है। अगर ये एक शहर की तस्वीर है तो पूरे देश में गर्मी के असर से हालात कितने भयावह हो सकते है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट ने अपनी रिपोर्ट में देश के प्रमुख महानगरों में बढ़ते तापमान का विश्लेषण किया और कहा कि लगातार कांक्रीटीकरण के कारण गर्मी बढ़ रही है और हालात इतने खराब हो गए हैं कि रात में भी तापमान कम नहीं हो रहा है। ऊर्जा का उपयोग, रहन-सहन कैसा हैं, क्या खाते हैं और कितना फेंक देते हैं, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स और प्लास्टिक जैसी चीजों का उपभोग ये सभी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में योगदान करते हैं। दुनिया की सबसे अमीर 1 प्रतिशत आबादी मिलकर सबसे गरीब 50 प्रतिशत की तुलना में अधिक ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन करती है। लोगों की सोच इतनी खराब हो गई है कि गर्मी बढ़ने पर एयरकंडीशनर और कूलर ही याद आते हैं, लेकिन गर्मी से बचाव के लिए पेड़-पौधे लगाने के प्रति कर्तव्य की भावना नहीं। इस गर्मी में मनुष्य इतना बेहाल है, तो पशुओं का क्या हाल होगा? परंतु पशु-पक्षी और वन्यजीवों के बारे में सोचने के लिए किसी के पास समय ही नहीं

## कविता

प्रकृति की लीला कितनी न्यारी
हम सबको लगती कितनी प्यारी बहती नदिया
कितनी न्यारी
जल, नदिया और लताएं प्यारी
इन की रक्षा करना जिम्मेदारी हमारी'

भालू ,हिरण और बंदर कितने मासूम प्यारे.
हम सबके करीबी दोस्त सब ये न्यारे,
हम सब करेंगे जंगल की रक्षा
तब होगी इन सब की सुरक्षा'

दूध सी बहती नदिया की धार
पुकार रही है हमें बार-बार,
दूषित करके हे मानव
तुमने हमें किया कितना लाचार.
हमसे तुम करो प्यार दुलार,
तुम्हें देंगे शुद्ध जल का उपहार'

बारिश की बूंदे भी देखो
सबके मन को भाती है,
करती हरा भरा धरती को
हमें नवजीवन दे जाती हैं'

धरती हमसे करे पुकार,
मत करो प्रकृति पर अत्याचार,
मां हूं मैं तेरी कोई गैर नहीं
अमूल्य जीवन हूं तेरा कुछ और नहीं'

आओ अब लेते हैं इस बात की शपथ
हम सब करेंगे धरती जल और वन की सुरक्षा.
तब जाकर होगी मानव जीवन की रक्षा'
जल ,पर्यावरण ,वनों की सुरक्षा सारी

संजीव
---------

# पर्यावरण संतुलन बनाने की जरूरत

संजीव

**पर्यावरण** संतुलन से आर्थिक, सामाजिक विकास की अवधारणा की भारत जैसे विकासशील देश को नितांत आवश्यकता है। जहां देश के वार्षिक बजट का बड़ा हिस्सा पर्यावरण प्रदूषण को दूर करने एवं पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने हेतु खर्च किया जाता है। अपने देश में दिल्ली सर्वाधिक प्रदूषित शहर है' इसके बाद अनेक राज्यों की राजधानियां भी प्रदूषण में एक दूसरे को टक्कर दे रही हैं' दिल्ली मे तो प्रदूषण बेचारा केंद्र और राज्य की राजनीति का शिकार हो गया है ,दिल्ली प्रशासन और केंद्र शासन एक दूसरे पर पर्यावरण तथा यमुना नदी के प्रदूषण पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं पर प्रदूषण कम करने के उपाय ऊपर हाथ में हाथ धरे बैठे हैं ।अमूमन यही स्थिति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी है' वर्तमान में वृहद चिंतन की आवश्यकता है कि पर्यावरण संतुलन से आर्थिक, सामाजिक विकास की अवधारणा है कैसे जन्म लेंगी? उसमें गहन चिंतन विभिन्न मानव प्रजातियों के आर्थिक तथा पर्यावरण संतुलन को लेकर भी है' इस विषय पर एक खुली बहस की आवश्यकता है' खुली बहस इसलिए भी कि मनुष्य के जीवन के लिए जितना आवश्यक पर्यावरण संतुलन है उतना ही आवश्यक उसका आर्थिक विकास भी है' अब ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरे को देखकर पर्यावरण संतुलन को आर्थिक विकास के साथ जोड़ा जाना अत्यंत महत्वपूर्ण एवं मानवीय जीवन की सुरक्षा के लिए आवश्यक है' बढ़ते असमान आर्थिक विकास तथा उपभोक्तावादी प्रकृति ने जहां सामाजिक विभेद की दरार को चौड़ा कर दिया है वही विश्व स्तर पर विस्तारवाद तथा उपनिवेशवाद को बढ़ावा भी मिला है' राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भेदभाव के इस बड़े स्तर को आर्थिक विकास तथा पर्यावरण संतुलन को प्राथमिकता देना नदी के दो अलग किनारों को जोड़ने जैसा ही है' विकास की दौड़ में जहां मनुष्य जीवन के इस व्यस्तता में थककर वापस प्रकृति की ओर उन्मुख होना चाहता है' शहरी मनुष्य प्रकृति की शीतलता, हरियाली और खुली स्वच्छंद हवा में सांस लेने के लिए उत्सुक है और कल्पना करता है कि गांव में जीवन कितना सुमधुर और स्वच्छंद आनंदमई है, इसकी दूसरी तरफ ग्रामीण जंगली इलाकों के रहने वाले लोग कल्पना करते हैं कि शहर में कितनी सुविधाएं हैं जो जीवन जीने को एकदम सरल एवं आसान बनाती है। यह द्विपक्षीय लालसा शहर में रहने वाले और ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के बीच बराबर की है, हमें इनके आपसी संतुलन को बनाए रखना और आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण संतुलन को भी बढ़ते सोपान के साथ बढ़ावा देना है' यूरोपीय देशों में कई देशों ने इसके उदाहरण प्रस्तुत किये हैं, जहां आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है' इसके लिए हमें उपभोक्तावादी संस्कृति को नियंत्रित कर नागरिकों को पर्यावरण के संतुलन के प्रति जागरूक करना होगा' टेक्नोलॉजी के स्तर पर पर्यावरण अनुकूल साधनों का ऊर्जा स्त्रोत ग्रीन तकनीक, हरित भवन, कार्बन न्यूट्रल वाहनों की तरफ उनके नियंत्रण पर हमें ध्यान देने की आवश्यकता होगी।

## ब्यूटी टिप्स

# धूप से पैरों पर आ गए चप्पल के निशान तो घरेलू उपाय कारगर होंगे

शहनाज हुसैन

**गर्मियों** के इस मौसम में सबसे ज्यादा परेशान करने वाली समस्या है त्वचा में टैनिंग होना। टैनिंग की बजह से शरीर का खुला हिस्सा काला हो जाता है, जिससे स्किन दो रंगों में बट जाती है /

इस गर्माहट के मौसम में जूते पहनना मुश्किल होता है लेकिन चप्पल पहन लेने से हमारे पैरों में काले निशान पड़ने लगते हैं / धूल, मिट्टी और पसीने पर धूप इतना गहरा प्रभाव डालती है कि पैर काले और गंदे दिखाई देने लगते हैं, और ज्यादातर महिलाएं महंगे सैलून्स में जाकर पेडिक्योर का सहारा लेती हैं लेकिन कुछ दिन बाद ही स्थिति बापिस वैसी ही हो जाती है / अगर आपके पैरों की भी यही हालत है , तो आप घरेलू उपायों की मदद से गर्मियों के इस मौसम में अपने पैरों को सुंदर और नरम बनाये रख सकते हैं।

**स्क्रबिंग ---------**

पैरों की गंदगी को साफ करने के लिए स्क्रबिंग का इस्तेमाल एक बेहतर बिकल्प माना जाता है / पैरों की टैनिंग हटाने के लिए टूटपेस्ट, सोडा और नींबू का पैक काफी मददगार साबित होता है /

बेकिंग सोडा और नींबू त्वचा के एक्सफोलिएट करने में मदद करेगा। नींबू में मौजूद विटामिन सी त्वचा पर हाइपरपिग्मेंटेग्मेंटेशन की समस्या को दूर करने में मदद करता है / कांच की कटोरी में टूटपेस्ट लें। इस पेस्ट में एक चम्मच बेकिंग सोडा और आधा नींबू का रस मिलाएं। इन तीनों चीजों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें और ब्रश की मदद से इसे पूरे पैरों पर लगाएं। अब नींबू के छिलके से पैरों को कुछ देर स्क्रब करें। कुछ देर तक इस पेस्ट को पैरों पर लगा रहने दें और फिर पैरों को पानी से साफ कर लें तथा सूखने दें / इस पैक को हफ्ते में दो बार लगाने से पूरी तरह से टैनिंग से छुटकारा पाया जा सकता/ पैरों को स्क्रब करने के लिए आप कॉफी और शहद को मिलाकर देसी स्क्रब बना सकते हैं/ इससे पैर साफ भी होंगे और त्वचा नरम भी रहेगी।

**बेसन और दही------**

दही और बेसन को एक साथ अच्छे से मिलाकर पैरों पर 30 मिनट लगाए रखें और फिर पैर धो लें/ दही पैरों को मॉइश्चराज करेगा और बेसन टैनिंग को हटाने में असरदार साबित होगा/ इसमें ज्यादा बेहतर परिणाम के लिए नींबू का रस भी मिला सकते हैं/

**टैन रिमूविंग पेस्ट------**

सबसे पहले एक कटोरी में गर्म पानी लें/ इसके बाद इसमें इनो पाउडर डालें, फिर 1 चम्मच नींबू का जूस डालें/ इसमें नारियल का तेल, शैंपू की कुछ बूंदें, 1 चम्मच कॉफी पाउडर और 2 चम्मच आटा डालकर मिक्स कर लें/ जब अच्छे से पेस्ट बनकर तैयार हो जाए तो उसे टैनिंग वाले एरिया पर 10 मिनट तक रगड़ें /

**मॉइस्चराइजर-----**

आपके पैर रोजाना धूल.मिट्टी, धूप और कई प्रकार की गंदगी के संपर्क में आते हैं। इसलिए रोजाना बाहर से आकर शाम के समय अपने पैरों को गुनगुने पानी में अच्छे से धोएं और फिर साफ तौलिए के साथ उन्हें हल्के.हल्के पौंछ लें। / पैरों को धोने के बाद सबसे ज्यादा जरूरी है कि आप उन्हें मॉइस्चराइज जरूर करें। हमेशा रात को सोने से पहले अपने पैरों को किसी अच्छी गुणबत्ता की मॉइस्चराइजर क्रीम से मॉइस्चराइज्ड करना बिल्कुल न भूलें / ये पैरों को नरम और मुलायम बनाता है /

**संतरा और कच्चा दूध.---------**

दो बड़े चम्मच संतरे के छिलके का पाउडर लें ले और इसमें 3 चम्मच कच्चा दूध मिलाकर कर पेस्ट बनाएं / इस पेस्ट को आप पैरों पर अप्लाई करें और करीब 30 मिनट बार पैरों को धो लें/ संतरे के छीलके में बारीक कण होते हैं जिनके इस्तेमाल से पैरों से टैनिंग निकलने लगती है।

संतरे में विटामिन.सी होने के साथ स्किन व्हाइटनिंग गुण होते हैं, जो त्वचा को निखारने में मदद करते हैं । इसमें एक चम्मच चावल का आटा भी मिला लें। 2 चम्मच चावल के आटे में 2 चम्मच कच्चा दूध और थोड़ा सा शहद मिलाएं। इस पेस्ट को पाँव पर लगाने से टैनिंग को दूर करने में मदद मिलेगी।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**

**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**

9999889104, 9250706656

ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# 370 की धार क्या ले जाएगी 400 पार?

**प्रियंका सौरभ**

लोकसभा चुनाव अभियान के समापन के बाद बीजेपी अपने प्रदर्शन के आकलन में जुट गई है। बीजेपी को देशभर से मिले फीडबैक के आधार पर उम्मीद है कि एक बार फिर मोदी सरकार बनने जा रही है। बीजेपी सूत्रों के मुताबिक, पार्टी को कुछ राज्यों में 2019 की तुलना में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।लोकसभा चुनाव की मतगणना चार जून को होगी। चुनावी एग्जिट पोल आने शुरू हो गए हैं। जगह-जगह एग्जिट पोल को लेकर लोगों की अलग-अलग राय है। इस बार 400 पार का आंकड़ा पूरा नहीं होगा। हां इतना जरूर है कि भाजपा फिर से सरकार बनाएगी। लोगों का मानना है कि 370 के करीब भाजपा को सीटें मिलेंगी। अब से तीन दिन बाद, हमें आखिरकार पता चल जाएगा कि भाजपा या एनडीए अपने घोषित "400 पार" सीट लक्ष्य के कितने करीब पहुंच पाती है। भारत के चुनावी इतिहास में, किसी पार्टी ने केवल एक बार उस संख्या को पार किया है, जब इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने 414 सीटें (मतदान वाली 541 सीटों में से) जीती थीं। हालांकि अब से दी दिन बाद, ही हमेंपता चलेगा कि एनडीए अपनेघोषित "400 पार" के लक्ष्य के कितनेकरीब पहुंच पाती है। भारत के चुनावी इतिहास में, किसी पार्टी नेकेवल एक बार इस आंकड़े को पार किया है, जब इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए लोकसभा चुनावों मेंकांग्रेस ने 414 सीटें जीती थीं। उस समय 541 सीटों पर मतदान हुआ था जिसमेंसेकांग्रेस ने 414 सीटें जीती थीं। राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने थे। राजीव गांधी, जिन्हें उनकी मां की हत्या के बाद जल्दबाजी में अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में चुना गया था, ने 1984 में सरकार बनाई। हालांकि, उस भारी बहुमत का मतलब यह नहीं था कि उनकी सरकार परेशानियों से मुक्त थी। वास्तव में, यह शाहबानो फैसले से लेकर बाबरी मस्जिद के मंदिर के ताले खोलने से लेकर बोफोर्स घोटाले तक की समस्याओं से घिरी रही।

# नई बीमारी- डायवर्टिज: डायबिटीज से एकदम अलग

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

**डायवर्टिज!** सुनने में तो नई बीमारी है, लेकिन डायबिटीज से एकदम अलग है। वैसे तो दोनों आम बीमारी लगते हैं, लेकिन लोग कभी महसूस नहीं कर सकते हैं कि उन्हें डायवर्टिज पहले हुआ या डायबिटीज। लोग डायबिटीज के कम डायवर्टिज के अधिक शिकार होते जा रहे हैं। डायबिटीज एक चयापचय विकार है जिसे उच्च रक्त शर्करा के स्तर से पहचाना जाता है। रक्त शर्करा के स्तर में वृद्धि से महत्वपूर्ण अंगों के साथ-साथ इंसानी शरीर के अन्य अंगों को नुकसान होता है, जिससे अन्य संभावित स्वास्थ्य बीमारियाँ होती हैं। जबकि डायवर्टिज की बीमारी डायवर्ट करने से होती है। लोग भूख से मर रहे हों तो उन्हें मंदिर-मस्जिद, महंगाई बढ़ रही हो तो शिवलिंग और चुनाव समीप हो तो सरहद पर माहौल गरमाकर मुद्दे को डायवर्ट कर दो, आदमी ससुरा खुद-ब-खुद डायवर्टिज का शिकार होकर झोला उठाकर चल देता है। डायबिटीज के ज्यादातर सामान्य लक्षण हैं थकान, जलन, तनाव, थकान, बार-बार पेशाब आना और सिरदर्द जिसमें ताकत और स्टैमिना कम होना, वजन कम होना, भूख का बढ़ना आदि। जबकि डायवर्टिज में ऊटपटांग बातें करना, महंगाई का नाम लेते ही गोमूत्र पीने को कहना, विकास के नाम पर शहरों के नाम बदल देना, गिरते रुपए की बात उठे तो हनुमान चालीसा पढ़वा देना, जहाँ दाल न गल रही हो वहाँ सीबीआई को भेज देना, कोई देश के कर्ज के बारे में बात करे तो उसे देशद्रोही घोषित कर देना आदि इसके लक्षण हैं। ड़ायबिटीज में ब्लड शुगर लेवल दो प्रकार के होते हैं- फास्टिंग ब्लड शुगर लेवल और पोस्टप्रैंडियल ब्लड शुगर लेवल। अ
ाम तौर पर इसे रात भर के उपवास के बाद मापते हैं। डायवर्टिज में खून मापने की जगह बहाने पर विश्वास किया जाता है। बहने वाला खून कितने काम का है इसकी जाँच चुनाव में पड़ने वाले वोटों से की जाती है।

गौरतलब है कि खून बहाने वाले डायवर्टिज प्रेरक अपने खून को इन खूनों से दूर रखते हैं। इनके लिए अपना खून, खून और गैरों का पानी होता है। डायबिटीज गंभीर स्वास्थ्य परिणामों का कारण बनता है और यह शरीर के महत्वपूर्ण अंगों को भी प्रभावित करता है।

## न्यूज फ्लैश

### उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने 900वें बैंकिंग आउटलेट का किया भव्य उद्घाटन

**हिसार।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने खुंटी, रांची, झारखंड में बैंक के 900वें आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की। यह मील का पत्थर व्यापक विस्तार का हिस्सा है, जिसमें आज बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में 7 नए आउटलेट खोले गए हैं। इसके साथ ही, अब बैंक झारखंड में 81 बैंकिंग आउटलेट्स और पूरे देश में कुल 903 आउटलेट्स का संचालन करता है। अब खुंटी, रांची के ग्राहक बैंक के विभिन्न उत्पादों और सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इनमें बचत खाता, चालू खाता, फिक्स्ड डिपॉजिट, रिकरिंग डिपॉजिट और विभिन्न ऋण उत्पाद जैसे आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के खिलाफ ऋण, क्रेडिट, बीमा, और निवेश उत्पाद शामिल हैं। बैंक की विस्तृत अवसंरचना, डिजिटल बैंकिंग क्षमताएं और एटीएम नेटवर्क समग्र ग्राहक सेवा प्रदान करने का उद्देश्य रखता है। विस्तार पर टिप्पणी करते हुए, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा, "आज हमारे लिए एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि हमने झारखंड के खुंटी, रांची में बैंक के 900वें बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन किया। झारखंड हमारे लिए एक महत्वपूर्ण राज्य है, और बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में हमारे 7 नए बैंकिंग आउटलेट्स का उद्घाटन इन क्षेत्रों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। हमारे नए बैंकिंग आउटलेट्स न केवल स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देंगे बल्कि इन उद्यमियों और व्यक्तियों की वित्तीय स्थिरता को मजबूत करने के लिए आवश्यक संसाधन भी प्रदान करेंगे।" ये बैंकिंग आउटलेट्स उन निम्न-आय व्यक्तियों या समूहों को व्यवसाय विकास सेवाओं के लिए माइक्रो-बैंकिंग ऋण प्रदान करेंगे जिनके पास वित्तीय सेवाओं तक सीमित पहुंच है। समूह उधार का जेएलजी मॉडल एक सह-गारंटी ऋण मॉडल शामिल करता है, जिससे व्यक्तियों को व्यक्तिगत रूप से संपार्श्विक या सुरक्षा प्रदान किए बिना ऋण लेने में सक्षम बनाया जाता है, जबकि समूह के भीतर पारस्परिक समर्थन के माध्यम से ऋण अनुशासन को बढ़ावा दिया जाता है और उनके ऋणों की शीघ्र चुकौती की जाती है। ये ऋण आपके व्यवसाय का विस्तार करने के लिए आवश्यक पूंजी प्रदान करने का उद्देश्य रखते हैं। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक माइक्रो बैंकिंग जेएलजी ऋण उत्पाद प्रदान करता है जो व्यक्तियों को उनके उद्यमी यात्रा को सुगम बनाने के लिए तैयार किए गए हैं। यह व्यक्ति को सहजता से अपना उद्यम शुरू करने, बनाने या विस्तारित करने में मदद करता है।




### ड्यूरेक्स TBBT ने आउटलुक पत्रिका के विशेष अंक के साथ LGBTQIA+ कम्युनिटी का जश्न मनाया

**नोएडा ।** यौन स्वास्थ्य और कल्याण को प्रोत्साहन देने के लिए काम करने के लिए ड्यूरेक्स पूरी दुनिया में एक जाना-माना नाम है। ड्यूरेक्स विशिष्ट प्राइड मासिक संस्करण के लिए आउटलुक पत्रिका के साथ एक विशेष साझेदारी की घोषणा करते हुए काफी उत्साहित है। अपनी अनोखी पहल 'द बर्ड्स एंड बीज टॉक (टीबीबीटी)' के अंतर्गत तैयार इस अंक को इस साल के प्राइड मासिक विषय, 'रिफ्लेक्ट. एम्पावर. यूनाइट' के अनुरूप LGBTQIA+कम्युनिटी का जश्न मनाने और उसको समर्थन देने के लिए डिजाइन किया गया है। ड्यूरेक्स TBBT के साथ साझेदारी में आउटलुक पत्रिका का यह विशेष संस्करण, प्रकाशन से कहीं बढ़कर है।

यह एक अधिक समावेशी और बेहतर समझ रखने वाले समाज को बढ़ावा देने में कहानी सुनाने, शिक्षा और सामुदायिक समर्थन की शक्ति का एक प्रमाण है। LGBTQIA + कम्युनिटी की उपलब्धियों का जश्न मनाने और चुनौतियों का समाधान करके, यह पहल यकीनन 'रिफ्लेक्ट. एम्पावर. यूनाइट' के प्राइड मसिक विषय साकार करती है। रेकिट के कार्यकारी उपाध्यक्ष गौरव जैन ने इस पहल पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, "प्राइड माह हमारे लिए LGBTQIA+ कम्युनिटी के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर विमर्श करने और उनका समर्थन करने के लिए अर्थपूर्ण काम करने का मौका है।

# सीएम नायब सैनी ने करनाल में एग्जिट पोल को नकारा

## हरियाणा में खिलेंगे 11 कमल, केजरीवाल ने कोई जंग नहीं जीती

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल जिले** में कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करने पहुंचे सीएम नायब सिंह सैनी एग्जिट पोल को सिरे से खारिज करते नजर आ रहे हैं। एग्जिट पोल के मुताबिक बीजेपी की सरकार बन रही है, लेकिन हरियाणा में वोट प्रतिशत और सीटें कम बताई जा रही हैं। जिस पर नायब सैनी ने जवाब देते हुए कहा कि 4 जून को जब नतीजे आएंगे तो उस नतीजे से साबित हो जाएगा कि हरियाणा की सभी सीटों पर 11 कमल के फूल खिल रहे हैं और इसमें कोई शक नहीं है, क्योंकि हमारे कार्यकताओं ने पूरी मेहनत से काम किया है और वे सभी बधाई के पात्र हैं। सीएम नायब सिंह सैनी ने राहुल गांधी के



इंडिया गठबंधन को 295 सीटें मिलने के दावे पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस के पास झूठ के अलावा कुछ नहीं है। वे सरासर झूठ बोलते हैं, मैंने भी उनकी बाइट सुनी। राहुल गांधी एग्जिट पोल पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कांग्रेस के लोग झूठ बोलकर लोगों का ध्यान भटकाने का काम करते हैं। पूरा चुनाव दो महीने तक चला, किसी भी कांग्रेस नेता या किसी अन्य नेता ने अपनी बाइट में यह नहीं कहा कि हमने गरीब वर्ग के लिए काम किया है, हमने महिलाओं, किसानों और युवाओं के लिए ये काम किए हैं। सीएम ने कहा कि इन लोगों ने झूठ बोलकर चुनाव लड़ा है। ये झूठ फैलाते हैं कि अगर मोदी तीसरी बार सत्ता में आए तो संविधान खत्म कर देंगे। कांग्रेस वाले कहते हैं कि अगर आप हमें वोट देंगे तो हम गरीबों के खाते में एक लाख रुपए जमा करा देंगे। हम एक झटके में गरीबी खत्म कर देंगे।

इन झूठों के दम पर चुनाव लड़े जा रहे हैं और इनका कोई जनसमर्थन नहीं है। अहंकारी गठबंधन से लोगों का भरोसा उठ चुका है और बीजेपी तीसरी बार सत्ता में आ रही है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल अपने माता-पिता का आशीर्वाद लेकर वापस जेल चले गए हैं, इस सवाल पर सैनी ने कहा कि केजरीवाल ने आम आदमी को बदनाम करने का काम किया है। केजरीवाल ने कौन सी जंग जीती है उन्होंने कोई सराहनीय काम नहीं किया है, उन्होंने भ्रष्टाचार किया है और इसीलिए जेल गए हैं।

## सीएम नायब सैनी का सुरजेवाला के बयान पर पलटवार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सीएम नायब सिंह** सैनी ने कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कैरियर खत्म हो चुका है और अब सुरजेवाला की फ्रस्ट्रेशन निकल रही है। सुरजेवाला को यह ध्यान नहीं है कि जिस सरकार में वह मंत्री था, उस सरकार के अंदर किस आधार और किस मैरिट पर युवाओं को रोजगार मिलता था। कितना रोजगार दिया है और किस आधार पर दिया है। उन्होंने कहा कि माननीय कोर्ट ने जो इनकी प्रक्रिया होती थी, जिसमें सुरजेवाला शामिल होता था, उसमें कोर्ट ने 5 साल और दस साल के बाद बाहर का रास्ता युवाओं को दिखाया था। उनके भविष्य को चौपट करने का काम सुरजेवाला की सरकार ने किया है, जिसके मुखिया भूपेंद्र हुड्डा थे।

नायब सिंह सैनी के कहा कि उनके टाइम पर किस तरह से पर्ची और खर्ची पर रोजगार मिलता था, यह भी सुरजेवाला को बताना चाहिए। मैं




आश्वस्त हूं कि इस सरकार ने कांग्रेस से ज्यादा युवाओं को रोजगार देने का काम किया है और वह भी पारदर्शिता के आधार पर दिया गया है। उसका लाभ युवाओं को मिला है। हाईकोर्ट की डबल बैंच ने जो फैसला दिया है, उसका भी सम्मान करते हैं और इस मामले को सुप्रीम कोर्ट में रखने का काम हरियाणा सरकार मजबूती से करेगी। केजरीवाल ने अपने कार्यकताओं को मतगणना के दौरान चौकस रहने के निर्देश दिए हैं, इस पर सीएम ने जवाब दिया कि अच्छी बात है, केजरीवाल को भी चौकस रहना चाहिए जेल में पड़े पड़े।

## मतगणना केन्द्र में किया गया मीडिया सेंटर स्थापित

**सोनीपतः जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने बताया कि जिला सोनीपत लोकसभा आम चुनाव के लिए मतगणना प्रक्रिया 04 जून को सुबह 08 बजे से बिट्स कॉलेज मोहाना में शुरू होगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा अनुसार बनाए गए प्रत्येक मतगणना केंद्र पर अधिकारियों के लिए एक संचार कक्ष बनाया गया है, जिसमें मेज, कुर्सी, टेलिफोन, फैक्स, प्रिंटर के साथ कम्प्यूटर और इंटरनेट की सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि अधिकृत मीडियाकर्मियों के उपयोग के लिए मतगणना केंद्र में एलईडी, प्रिंटर के साथ कम्प्यूटर और इंटरनेट सुविधाओं के साथ एक मीडिया सेंटर भी स्थापित किया गया है।

## मतगणना की तैयारियों को लेकर जरनल ऑब्जर्वर ने किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः सोनीपत लोकसभा को** लेकर बिट्स कॉलेज मोहाना में जिला की सभी छः विधानसभाओं की मतगणना की तैयारियों को लेकर जनरल ऑब्जर्वर डॉ० मंजुला एन व उपायुक्त ने बिट्स कॉलेज मोहाना का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज में विधानसभा अनुसार अलग-अलग बनाए गए मतगणना केन्द्रों में बारीकि से सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। जनरल ऑब्जर्वर ने कहा कि गर्मी के चलते सभी मतगणना केन्द्रों पर पानी, पखें व कूलर सहित कर्मचारियों के बैठने व पार्टी एजेंटों के बैठने की उचित व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करें ताकि किसी कर्मचारी या अन्य



व्यक्ति को परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि मतगणना लगाई गई टेबलों पर ड्यूटी पर कार्यरत सभी कर्मचारी पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें इस कार्य में किसी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कंट्रोल यूनिट में उम्मीदवार वाईज वोटों की गिनती का डाटा भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर भी पूरी तरह चैक कर अपलोड करें। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा के दिशा निर्देशानुसार जिला में मंगलवार 4 जून को होने वाली लोकसभा आम चुनाव की मतगणना के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के छः विधानसभा क्षेत्रों राई, गन्नौर, खरखौदा, सोनीपत, गोहाना तथा बरोदा की मतगणना के लिए मतगणना टीम के अधिकारियों व कर्मचारियों को आज द्वितीय मतगणना प्रशिक्षण दिया गया है, जिसमें मतगणना टीम में मतगणना ऑब्जर्वर, माइक्रो आब्जर्वर व मतगणना सहायक शामिल रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना प्रक्रिया मंगलवार 4 जून को ठीक प्रातः 8 बजे से आरंभ होगी। पूरी मतगणना प्रक्रिया की वीडियोग्राफी होगी।

## मास्टीक लेयर बिछाने का काम शुरू,



**गन्नौर। गुमड़ रोड** पर रेलवे फ्लाई पर बने गड्ढों से वाहन चालकों को निजात दिलाने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क पर मास्टीक लेयर डालने का काम शुरू कर दिया है। फ्लाईओवर पर वाहनों के आवागमन की ज्यादा भीड़ होने के कारण मास्टीक लेयर बिछाने का रात के समय काम किया जा रहा है। वाहन चालक सुरेन्द्र, सतबीर, महेन्द्र ने बताया कि मास्टीक लेयर बिछने के बाद वाहन चालकों को सुविधा होगी। अब फ्लाई ओवर पर बनी सड़क कई जगह से टूटने के कारण वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी होती थी। उन्होंने बताया कि रात को लेयर बिछाने का काम करने के बाद दिन के समय निर्माण सामग्री को साईड में डालना चाहिए ताकि आवागमन करने वाले वाहन चालकों को परेशानी न हो। विभाग के जेई नवनीत ने बताया कि फ्लाईओवर पर मास्टीक लेयर बिछाने का काम किया जा रहा है। गन्नौर जी टी रोड से शाहपुर तक सड़क निर्माण के लिए जो टैंडर लगाया गया है। वहीं एजेंसी यह काम कर रही है। इसका अलग से टैंडर नही है। उनका पूरा प्रयास है कि मास्टीक लेयर बिछाने के दौरान वाहन चालकों को कोई परेशानी न आए।

## विभाग की लापरवाही से पेयजल को तरसे हरिजन मोहल्ले के लोग

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः जनस्वास्थ्य विभाग की** लापरवाही के कारण गांव राजलू गढ़ी के ग्रामीण पेयजल को तरस रहे है। गांव में हरिजन बस्ती में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाई गई ट्यूबवैल की मोटर पिछले एक सप्ताह से खराब पड़ी है। इससे पहले भी ट्यूबवैल के लिए लगाए गए मोटर में खराबी आ गई थी, जिस वजह से उन्हें पेयजल नसीब नहीं हुआ था। ग्रामीणों में विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली के प्रति रोष है। ग्रामीण महिला मुकेश, संतोष, बबली, बिमला ने



बताया कि गांव में हरिजन बस्ती में लगे ट्यूबवैल की मोटर पिछले छह-सात दिनों से खराब है। जिससे उनके मोहल्ले में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। महिलाओं ने बताया गांव में दो पंचायत हैं। दो पंचायतों की तीन ट्यूबवैल से पूरे गांव की पेयजल आपूर्ति होती है। अब एक ट्यूबवैल की सप्लाई खराब होने के कारण हरिजन मोहल्ले के लोग पेयजल को तरस रहा है और विभाग के अधिकारी उनकी समस्या की तरफ बिल्कुल ध्यान नही देते है। उन्होंने विभाग कार्यप्रणाली के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए उनकी समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने की गुहार लगाई है।

**आनलाइन कर रखी है शिकायत**

ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने मोटर को ठीक करवाने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग के आनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवा रखी है। शिकायत दर्ज करवाए भी कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन आज तक मोटर को विभाग द्वारा ठीक नहीं करवाया गया है।


**जेई बोले आज हो जाएगी ठीक**

इस समस्या को लेकर जब विभाग के जेई अंकुश से बात की गई तो उन्होंने इसकी सूचना न होने की बात कही। उन्होंने कहा कि यदि ऐसी समस्या है तो मोटर को कल ही ठीक करवा दिया जाएगा।

## रक्तदान, जीवन दान है, यह बहुत बड़ी सेवा : प्रमोद नागपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भारत विकास परिषद** की श्री राधा कृष्ण शाखा के उपाध्यक्ष प्रमोद नागपाल ने कहा कि रक्तदान, जीवन दान है, यह बहुत बड़ी सेवा है। क्योंकि रक्त दान करने से किसी पीड़ित व्यक्ति का जीवन बचाया जाता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर में रक्तदान करके सभी को सहयोग करना चाहिए, ताकि जिन्हें ब्लड की आवश्यकता पड़ती है उसे ब्लड देकर उनकी जान समय बचाया जा सके। प्रमोद नागपाल ने कुंजपुरा रोड स्थित श्री



सनातन धर्म मंदिर में श्री सनातन धर्म सभा, जेसी आई करनाल गोल्ड, ईकवीटास स्माल फाईनैंस बैंक, संजीव बंसल सिगनस हास्पिटल, करनाल कैमिस्ट एसोसिएशन एवं जिला रैडक्रास सोसायटी के सहयोग से थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए आयोजित शिविर में 53वीं बार ब्लड डोनेट कर रक्तदान करने का संदेश दिया।

## भाजपा पेपर बेच सरकार है, खर्ची या पर्ची वाली नहीं : रणदीप सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा के** करनाल पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला को लोकसभा चुनावों के बाद युवाओं की व्यथा की याद आई है और उन्होंने भाजपा को सवालों के कटघरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने भाजपा पर 20 लाख युवाओं की जिंदगी और भविष्य बर्बाद करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सीईटी के नाम पर युवाओं के साथ छल किया गया और यही भाजपा का डीएनए है और यही एचएसएससी का घिनौना चेहरा। इस दौरान उन्होंने सीएम नायब सिंह सैनी से इस्तीफा देने की भी मांग की। रणदीप सिंह सुरजेवाला ने एचएसएससी को



हेराफेरी सांठगांठ सर्विस कमीशन बताया है। सूरजेवाला ने कहा कि हरियाणा में एचएसएससी भाजपा की मनमर्जी वाली दुकान बन चुकी है और इनके तुगलकी फरमानों ने हरियाणा के 20 लाख युवाओं की जिंदगी को बर्बाद करने का काम किया है। बीते साढ़े तीन सालों से सीईटी के नाम पर युवाओं के भविष्य की भ्रूण हत्या का खेल चल रहा है। साल 2021 में हरियाणा सरकार ने सीईटी की पॉलिसी बनाई। जब से पटवारियों की भर्तियां रद्द करके सीईटी के माध्यम से भर्ती किए जाने का फरमान जारी हुआए यानी 2019 से 2024 तक कोई भी भर्ती नहीं हो पाई है। हालांकि भाजपा ने कहा था कि प्रत्येक साल में दो बार सीईटी परीक्षा होगी, लेकिन आज तक सिर्फ एक ही सीईटी परीक्षा हो पाई है, लेकिन पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने रिजल्ट खारिज कर दिया और दोबारा रिजल्ट देने का आदेश जारी कर दिया था। उन्होंने कहा कि आज तक लाखों बच्चे सीईटी के इंतजार में बैठे है और 20 लाख युवा दर दर की ठोकरें खा रहे है। इसलिए हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी अपने पद से इस्तीफा दे और एचएसएससी को बर्खास्त किया जाए, ताकि हरियाणा के युवाओं का भविष्य बच सके।

सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा के युवा आज भटक रहे हैं, उन्हें रोजगार नहीं मिल रहा। जो भर्तियां निकाली, वे हुई नहीं। इसके पीछे हरियाणा भाजपा-जजपा की एक दुर्भावना रही कि भर्ती ही नहीं होने देनी। वह एक खड़ी बोली में एक कहावत है कि गधी गेड़ में डाले रखो। भर्ती भी निकाल दी और भर्ती भी नहीं होने दी। युवाओं को भर्तियों में उलझाए रखा और युवाओं की वोट ली। एक सवाल यह भी है कि जो बच्चे ओवरएज हो गए, उनका क्या कसूर था। उन्होंने कहा कि हरियाणा के युवाओं को प्राइवेट सेक्टर में नौकरियों के नाम पर भाजपा-जजपा ने 100 करोड़ की पिब्लसिटी कर दी। बड़ी-बड़ी ढींगे हांकी गई, लेकिन क्या कोई एक बच्चा भी भर्ती नहीं हुआ। सबको पता था कि यह स्टे हो जाएगा।

## मतगणना का कार्य शांतिपूर्ण ढंग से होगा संपन्न, तैयारियां पूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 की मतगणना का कार्य करनाल जिले में 4 जून को सुबह 8 बजे शुरू हो जाएगा। इस मतगणना के कार्य को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं और मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अहम पहलू है कि मतगणना केंद्रों की 5 किलोमीटर की परिधि में ड्रोन इत्यादि के उड़ाने पर प्रतिबंध लगाया गया है और इसके लिए धारा 144 लगाने के आदेश भी जारी किए गए हैं। इन आदेशों की अवहेलना करने पर आईपीसी की धारा 188 के तहत



कार्यवाही की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने सोमवार को मतगणना कार्य के रिहर्सल के दौरान अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि करनाल जिले में मतगणना का कार्य शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से पूरा करवाने के लिए डीएवी सीनियर सैकेंड्री स्कूल और एसडी मॉडल स्कूल में कड़े प्रबंध किए गए हैं। सभी मतगणना केंद्रों में ड्यूटी करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनाव आयोग के निर्देशों के बारे में अवगत करा दिया गया है। इन सभी मतगणना केंद्रों पर पर्यवेक्षकों की कड़ी नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि एसडी मॉडल स्कूल में पोस्टल बैलेट पेपर की गणना की जाएगी। इस कार्य के लिए पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था कर दी गई है। सभी अधिकारी व कर्मचारी पूरी ईमानदारी से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। अगर किसी भी स्तर पर अधिकारी/कर्मचारी ने लापरवाही बरती तो नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि सभी एआरओ को आवश्यक हिदायत दे दी गई है और एआरओ द्वारा मतगणना के लिए रिहर्सल का कार्य कर लिया गया है। सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को ड्यूटी के बारे में आवश्यक हिदायतें जारी कर दी गई है। इन मतगणना केंद्रों पर सभी अधिकृत ड्यूटी कार्ड लेकर पहुंचे। बिना ड्यूटी कार्ड के किसी को मतगणना केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। इसके अलावा मतगणना केंद्र के अंदर किसी को भी मोबाईल लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इस मौके पर एडीसी अखिल पिलानी, एसडीएम अनुभव मेहता, एसडीएम वीरेंद्र ढुल, एसडीएम अशोक कुमार, एसडीएम राजेश सोनी आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

**700 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की लगाई सुरक्षा व्यवस्था के लिए ड्यूटी**

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने सोमवार को देर सायं एसडी मॉडल स्कूल, एसडी सीनियर सैकेंड्री स्कूल और डीएवी सीनियर सैकेंड्री स्कूल में बनाए गए मतगणना केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## घर में घुस चोरों ने छात्र पर किया चाकू से हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। शालीमार कॉलोनी** में चोरी के दौरान कमरे में सो रहे छात्र पर 2 चोरों ने चाकू से हमला कर दिया। बाद में दोनों चोरों ने छात्र को कमरे में बंद कर दिया और मौके से फरार हो गए। घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य छत पर सो रहे थे। छात्र ने अपने मोबाइल टैब से अपनी बुआ को कॉल किया और मौसी ने छात्र के पिता को कॉल कर नीचे कमरे में भेजा। इसके बाद छात्र को अस्पताल ले जाया गया। उपचार के बाद छात्र को छुट्टी दे दी गई। पीड़ित परिवार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ



मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करनाल के हांसी रोड पर स्थित शालीमार कॉलोनी निवासी राम संजीवन पुत्र नरेश कुमार अपने परिवार के सदस्यों के साथ छत पर सोया हुआ था। उसका 17 वर्षीय बेटा शिवा नीचे कमरे में सो रहा था। शिवा 12वीं कक्षा का छात्र है। रविवार की आधी रात दो चोर घर में घुस गए। शिकायतकर्ता राम संजीवन के मुताबिक चोरों ने उसका पर्स चोरी किया। पर्स में 12 हजार रुपए की नकदी, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, ई-श्रम कार्ड व आधार कार्ड था। जैसे ही चोर लडके वाले कमरे में घुसे तो लडके की आंख खुल गई। उसने शोर मचाना चाहा, लेकिन चोरों ने उस पर हमला कर दिया और उसका गला दबा लिया। इसी दौरान उस पर चाकू से वार किया, जिससे थोड़े खून आने भी शुरू हो गए थे। उसके बाद दोनों चोर लडके को कमरे में बंद करके भाग गए।

# चुनाव के रिजल्ट का जश्न मनाएंगे दिल्ली के बाजार

## एग्जिट पोल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार बहुमत से सरकार बनाने की भविष्यवाणी की है

**विशेष तैयारियां**

**एलईडी स्क्रीन लगाकार परिणामों का सुबह से लाइव प्रसारण के साथ जश्न की तैयारी है**





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: लोकसभा** चुनाव की चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर तैयारियां जोरों पर है। बाजार भी परिणामों का जश्न मनाने को तैयार है। एग्जिट पोल ने बाजार को मोदी सरकार के स्पष्ट बहुमत को लेकर आश्वस्त किया है। इसे देखते हुए बाजारों में विशेष तैयारियां चल रही है। एलईडी स्क्रीन लगाकार परिणामों का सुबह से लाइव प्रसारण के साथ जश्न की तैयारी है।

**मिठाईयों के दिए जा रहे ऑर्डर :** साथ ही मुंह मीठा कराने के लिए मिठाईयों के ऑर्डर भी दिए जा रहे हैं। प्रचार में जुटे रहे नेताओं को भी सम्मानित करने पर जोर है। एग्जिट पोल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार बहुमत से सरकार बनाने की भविष्यवाणी की है। किसी-किसी पोल ने भाजपानीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को 400 पार का आंकड़ा भी दिया है। बाजार इसे अर्थव्यवस्था के लिए काफी सकारात्मक मान रहा है, क्योंकि इससे सरकार की ओर से चल रहे आर्थिक सुधार के कदमों को गति मिलेगी। साथ ही मेक इन इंडिया व स्टार्टअप इंडिया जैसे अभियानों से देश की अर्थव्यवस्था को उछाल मिलेगा। जीएसटी के साथ बैंक के कारोबारियों को सस्ते ऋण में आने वाली परेशानियों में भी राहत मिलने की उम्मीद है।

**देश में स्थिर और निर्णायक सरकार हो :** कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रदेश महासचिव देवराज बवेजा के अनुसार, बाजार इस चुनाव से काफी आस लगाए हुए हैं, क्योंकि पिछले 10 वर्षों में देश का विकास अतुलनीय है। इसे और आगे जाना है। इसके लिए जरूरी है कि देश में स्थिर और निर्णायक सरकार हो। इसलिए बाजार ने एग्जिट पोल के रूझानों को सकारात्मक तरीके से लिया है। वह भी परिणामों का जश्न मनाने को तैयार है। उन्होंने बताया कि इसलिए भी महापर्व के परिणामों को लेकर कारोबारियों में दिलचस्पी है। चांदनी चौक, सदर बाजार, चावड़ी बाजार, करोलबाग, साउथ एक्स व मयूर विहार समेत राष्ट्रीय राजधानी के करीब 20 से अधिक प्रमुख बाजारों में एलईडी स्क्रीन लगाकर चुनाव परिणामों का लाइव प्रसारण किया जाएगा। इसके लिए बकायदा लोगों के बैठने और पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन (फेस्टा) के महासचिव राजेंद्र शर्मा के अनुसार, अभी देश जिस स्थिति में खड़ा है, वह निर्णायक स्थिति है। उसमें देश को आगे ले जाने वाली सरकार चाहिए, जिसके लिए बड़े सुधारवादी फैसले जरूरी है। इसलिए,मजबूत सरकार जरूरी है।

**बाजार में लगाई जाएगी स्क्रीन**

व्यापारियों ने सारे तथ्यों को ध्यान में रखकर मतदान किया है। अब हम सभी उसका जश्न मनाने को तैयार हैं। बाजार में स्क्रीन लगाई जाएगी। दिल्ली हिंदुस्तानी मर्केंटाइल एसोसिएशन के महासचिव श्रीभगवान बसंल ने कहा कि चांदनी चौक में बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाकार कपड़ा कारोबारी महापर्व का जश्न मनाएंगे। भाजपा की विजय कामना को लेकर सुंदरकांड पाठ चांदनी चौक सहित दिल्ली की सभी सातों सीटों पर भाजपा की जय - विजय की कामना के साथ मतगणना की पूर्व संध्या पर दिल्ली में कई स्थानों पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया जा रहा है। सोमवार की शाम में कई मंदिरों और घरों में यह आयोजन होंगे।

### सांसद संजय सिंह ने एग्जिट पोल्स की विश्वसनीयता पर उठाए सवाल



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी ने एग्जिट पोल्स की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए हैं। आप के राज्यसभा सदस्य संजय ने सोमवार दोपहर को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर जिन एजेंसियों ने सर्वे किया उन्हें कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने झारखंड, तमिलनाडु सहित कई राज्यों के उदाहरण दिए। उन्होंने कहा कि जहां जितनी सीटें नहीं, उतनी सीटों पर चुनाव लड़वा रहे। कहीं भाजपा को दे रहे कुल वोट से ज्यादा शेयर तो कहीं उस पार्टी को चुनाव लड़वा दिया, जिसने उम्मीदवार ही नहीं उतारे।

**एग्जिट पोल्स एजेंसियों ने खुद को किया एक्सपोज:** एग्जिट पोल्स के जरिए मतगणना को भ्रमित करने की नाजायज कोशिश की जा रही है। एग्जिट पोल्स खुद को झूठा और गलत साबित कर रहा है, वो किसी के प्रमाण की जरूरत नहीं समझता। मैं एग्जिट पोल करने वाली एजेंसियों को धन्यवाद देना चाहूंगा, जिन्होंने खुद को उजागर कर दिया।

# दिल्ली जल संकट पर हुई 'सुप्रीम' सुनवाई

**आदेश**

**दिल्ली जल संकट पर पांच जून को केंद्र, दिल्ली, हरियाणा और हिप्र की बैठक बुलाए अपर यमुना रिवर बोर्ड**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने अपर यमुना रिवर बोर्ड से कहा है कि दिल्ली में जल संकट के मद्देनजर केंद्र, दिल्ली, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के प्रतिनिधियों की बैठक 5 जून को बुलाये। मामले की अगली सुनवाई 6 जून को होगी। कोर्ट ने कहा कि यमुना रिवर बोर्ड की बैठक में इस बात पर विचार हो कि दिल्ली वालों को कैसे जल संकट से निजात मिल सकती है। कोर्ट ने यमुना रिवर बोर्ड से कहा कि बैठक में हुई चर्चा और संकट के मद्देनजर उठाये जा रहे कदमों की जानकारी कोर्ट के सामने 6 जून को रखें। सुनवाई के दौरान हिमाचल प्रदेश सरकार ने कहा कि उसे दिल्ली को अतिरिक्त पानी देने में कोई परेशानी नहीं है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि दिल्ली में पानी की बर्बादी भी एक अहम मुद्दा है।


दिल्ली को दिए जाने वाले पानी में से 52 फीसदी की बबार्दी होती है, जिसमें टैंकर माफिया और इंडस्ट्रीज द्वारा पानी की चोरी भी बड़ी वजह है। याचिका में दिल्ली में पानी की किल्लत को देखते हुए हरियाणा और हिमाचल प्रदेश से एक महीने के लिए अतिरिक्त पानी दिए जाने का निर्देश देने की मांग की गई है। दिल्ली सरकार ने भीषण गर्मी का हवाला देते हुए कहा है कि दिल्ली की पानी की जरूरत बढ़ गई है।

### क्राइम ब्रांच ने वांछित आरोपित को दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल की पुलिस टीम ने एक वांछित आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित हत्या और हत्या के प्रयास के मामले में फरार था। इसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 20 हजार का इनाम भी रखा हुआ था। डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान अमित उर्फ काले के रूप में हुई है। यह जहांगीरपुरी का रहने वाला है।

# सिसोदिया ने जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया



**चुनौती**

**सिसोदिया ने 21 मई को दिल्ली हाई कोर्ट की ओर से जमानत देने से मना करने के आदेश को चुनौती दी है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया नियमित जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। जस्टिस संजय कुमार की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच सुनवाई करेगी। सिसोदिया ने 21 मई को दिल्ली हाई कोर्ट की ओर से जमानत देने से मना करने के आदेश को चुनौती दी है। दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा था कि सिसोदिया ने पद का दुरुपयोग किया। घोटाले के इलेक्ट्रॉनिक सबूत भी मिटाए। बाहर आकर सबूतों और गवाहों पर असर डाल सकते हैं। हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश वकील जोहेब हुसैन ने कहा था कि इस मामले के ट्रायल में आरोपितों की वजह से देरी हो रही है। उन्होंने कहा था कि एक आरोपित ने ट्रायल कोर्ट में याचिका दायर कहा कि 1700 पेज की चार्जशीट में से उन्होंने 1600 पेज का परीक्षण नहीं किया है। मनीष सिसोदिया की ओर से जमानत की मांग करते हुए दलील दी गई थी कि अभी भी इस मामले में ईडी और सीबीआई की जांच जारी है। सिसोदिया की ओर से वरिष्ठ वकील दायन कृष्णन ने कहा था कि इस मामले में अभी भी गिरफ्तारी जारी है। सुनवाई के दौरान दायन कृष्णन ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जिक्र किया था और कहा था कि सीबीआई ने इस मामले में एक मुख्य चार्जशीट और दो पूरक चार्जशीट दाखिल की है। ईडी ने एक मुख्य चार्जशीट और छह पूरक चार्जशीट दाखिल की हैं। दोनों मामलों में अभी जांच जारी है। इस मामले में अभी गिरफ्तारी भी जारी है। सबसे ताजा गिरफ्तारी 3 मई को की गई है। उन्होंने कहा था कि एक आरोपित के खिलाफ तो अभी आरोप भी तय नहीं किए गए हैं। ट्रायल कोर्ट ने सिसोदिया की जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान इस पहलू पर गौर नहीं किया।

# दिल्ली में अवैध सबमर्सिबल चलाने वाले सावधान

**जुर्माना**

**एक दिन में दो घंटे ही लोगों को पीने का पानी नसीब हो पा रहा है। दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया हुआ है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चिलचिलाती गर्मी में राजधानी में पानी की किल्लत चल रही है। एक दिन में दो घंटे ही लोगों को पीने का पानी नसीब हो पा रहा है। दिल्ली सरकार ने पानी की बबार्दी करने वालों पर दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया हुआ है। दिल्ली पुलिस ने पानी की किल्लत को गंभीरता से लेते हुए सोनिया विहार इलाके में पानी की बबार्दी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की है। अवैध रूप से सबमर्सिबल चला रहे छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी की है। सबमर्सिबल सील करने के लिए एसडीएम के पास मामले भेज दिए हैं। उत्तर पूर्वी जिले के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुबोध कुमार गोस्वामी के पास शिकायत आई थी कि सोनिया विहार में छह निर्माण स्थलों पर अवैध रूप से सबमर्सिबल लगाए हुए हैं। जिनका इस्तेमाल धड़ल्ले से किया जा रहा है। कुछ लोग सबमर्सिबल से पानी भी बेच रहे थे। मामला संज्ञान में आने पर उपायुक्त ने सोनिया विहार थाना पुलिस को कार्रवाई के लिए भेजा। पुलिस ने छह लोगों पर पर्यावरण एक्ट के तहत प्राथमिकी की। उपायुक्त ने कहा जिन लोगों ने अवैध रूप से सबमर्सिबल लगाए हुए है, उनके खिलाफ प्राथमिकी की जाए।

# अग्निकांड के आरोपित डॉक्टर की जमानत याचिका खारिज



**सुनवाई**

**केयर सेंटर में बतौर ट्रेनी काम कर रहे थे। वे जनवरी, 2024 से अस्पताल में काम कर रहे थे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट ने विवेक विहार के बेबी केयर सेंटर में अग्निकांड मामले के आरोपित डॉक्टर आकाश की जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने आज जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रखकर आज ही 4 बजे के बाद फैसला सुनाने का आदेश दिया था। सुनवाई के दौरान डॉक्टर आकाश की ओर से पेश वकील नवीन कुमार सिंह ने कहा कि डॉक्टर आकाश बेबी केयर सेंटर में बतौर ट्रेनी काम कर रहे थे। वे जनवरी, 2024 से अस्पताल में काम कर रहे थे। नवीन कुमार ने डॉक्टर आकाश की जमानत की मांग करते हुए कहा कि डॉक्टर आकाश अस्पताल प्रबंधन के निदेर्शानुसार अस्पताल के स्टाफ की मदद कर रहे थे। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने डॉक्टर आकाश की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि अगर जमानत दी जाती है तो साक्ष्यों और सबूतों के साथ छेड़छाड़ की जा सकती है। इस अग्निकांड में बच्चों की मौत हुई है। कोर्ट ने 30 मई को डॉक्टर आकाश और नवीन कीची को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा था। कोर्ट ने 30 मई को ही डॉक्टर आकाश की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था।

विवेक विहार के इस बेबी केयर सेंटर में 25 मई को आग लगने से 7 बच्चों की मौत हो गई थी। इस अस्पताल में 12 मासूम भर्ती थे। आग लगने पर पुलिस, दमकल विभाग, अस्पताल, स्टाफ और आम लोगों ने किसी तरह अस्पताल की इमारत के पिछले हिस्से में मौजूद खिड़की के रास्ते सभी 12 बच्चों को निकाला। इस घटना के बाद दिल्ली पुलिस ने अस्पताल के मालिक डॉक्टर नवीन कीची और एक डॉक्टर आकाश को गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली पुलिस ने नवीन कीची के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 336 और 304 ए के तहत एफआईआर दर्ज किया। डॉक्टर आकाश के पास बीएएमएस की डिग्री है।

अस्पताल को चलाने के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर की जरूरत होती है, इसके बावजूद अस्पताल के मालिक डॉक्टर नवीन कीची ने आयुर्वेदिक डॉक्टर आकाश को रखा हुआ था।

# ईडी की चुनौती पर संजय शेरपुरिया को नोटिस

## जस्टिस मनोज कुमार ओहरी की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को करने का आदेश दिया



**सुनवाई**

**ट्रायल कोर्ट ने 23 मार्च को संजय शेरपुरिया को जमानत दी थी। ईडी ने हाई कोर्ट में चुनौती दी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कथित ठग संजय प्रकाश राय ऊर्फ संजय शेरपुरिया को ट्रायल कोर्ट से मिली जमानत को ईडी की तरफ से दी गई चुनौती पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने संजय प्रकाश राय को नोटिस जारी किया है। जस्टिस मनोज कुमार ओहरी की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को करने का आदेश दिया। ट्रायल कोर्ट ने 23 मार्च को संजय शेरपुरिया को जमानत दी थी। ट्रायल कोर्ट के इसी आदेश को ईडी ने हाई कोर्ट में चुनौती दी है। ईडी ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने इस आधार पर जमानत दी है कि सीबीआई के मामले में संजय शेरपुरिया को जमानत मिल चुकी है। ईडी ने कहा है कि ईडी की जांच सीबीआई की जांच से स्वतंत्र है। ट्रायल कोर्ट में सुनवाई के दौरान संजय शेरपुरिया की ओर से पेश वकील नीतेश राणा ने कहा कि यह कानून सम्मत नहीं है कि ईडी ने उत्तर प्रदेश में हुए अपराध की जांच की, जिसमें एफआईआर लखनऊ में दर्ज की गयी है। इस बात के कोई साक्ष्य नहीं हैं कि अपराध दिल्ली में हुआ है। उन्होंने कहा था कि ट्रायल कोर्ट ने तथ्यों पर विचार किए बिना ही मामले पर संज्ञान लिया है। संज्ञान लेने का आदेश सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के आदेशों के विपरीत है। नीतेश राणा ने कहा कि ईडी ने प्रधानमंत्री कार्यालय, केंद्रीय मंत्रियों और उच्च पदस्थ नौकरशाहों का नाम लेकर केवल माहौल बनाने का काम किया है।

### घर बैठे मिलेगा पोषण आहार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में भीषण गर्मी को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि दिल्ली के सभी आंगनवाड़ी केंद्र 1 जून से 30 जून 2024 तक बंद रहेंगे। इस दौरान पूरक पोषण खाद्य सामग्री के लिए लाभार्थियों को आंगनवाड़ी केंद्र आने की जरूरत नहीं है। टेक होम राशन के माध्यम से पोषण खाद्य सामग्री सीधे लाभार्थियों के घर तक पहुंचाई जाएगी। दिल्ली सरकार में मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि इसका लाभ बच्चों, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के साथ-साथ, 3-6 वर्ष की आयु के के उन सभी बच्चों को भी होगा, जिन्हें आंगनवाड़ी केंद्रों पर आमतौर पर गर्म पका हुआ भोजन मिलता है।

# विधायक की गिरफ्तारी पर लगी अंतरिम रोक पर सुप्रीम कोर्ट ने उठाया सवाल



**राहत नहीं**

**जस्टिस अरविंद और जस्टिस संदीप की वेकेशन बेंच ने कहा कि ऐसे मामलों में अंतरिम सुरक्षा कैसे दी जा सकती है।**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम तोड़ने के मामले में आंध्र प्रदेश के मचेरला विधानसभा से विधायक पिनेली रामकृष्णा रेड्डी को आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट से गिरफ्तारी पर लगी अंतरिम रोक के आदेश पर सवाल उठाया है। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस संदीप मेहता की वेकेशन बेंच ने कहा कि ऐसे मामलों में अंतरिम सुरक्षा कैसे दी जा सकती है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि अगर हम हाई कोर्ट के आदेश पर रोक नहीं लगाएंगे तो ये सिस्टम का मजाक बन जाएगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट में रेड्डी द्वारा ईवीएम तोड़े जाने का वीडियो प्ले किया गया। वीडियो दिखाए जाने के बाद रेड्डी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने कहा कि ये वीडियो किसका है हम नहीं जानते हैं। ये आधिकारिक वीडियो नहीं है। तब विकास सिंह ने कहा कि रेड्डी 4 जून को मतगणना के दौरान मतगणना स्थल पर नहीं जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट को निर्देश दिया कि वो रेड्डी की याचिका पर 6 जून को कानून के मुताबिक फैसला करें।

# बीआरएस नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ी

**पेश किया**

**न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें स्पेशल जज कावेरी बावेजा की कोर्ट में पेश किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में बीआरएस नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ा दी है। आज के. कविता की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें स्पेशल जज कावेरी बावेजा की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने के. कविता की न्यायिक हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया। इसके पहले 29 मई को कोर्ट ने के कविता के खिलाफ दाखिल ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। कोर्ट ने के कविता के खिलाफ प्रोडक्शन वारंट जारी कर आज कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने के. कविता के अलावा चनप्रीत सिंह, दामोदर शर्मा, प्रिंस कुमार और अरविंद सिंह को भी कोर्ट में पेश होने के लिए समन जारी किया है। इन सभी को ईडी ने 10 मई को छठी पूरक चार्जशीट में आरोपित बनाया था। छठी पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर कोर्ट ने 21 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। ईडी ने 17 मई को सातवीं पूरक चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें आम आदमी पार्टी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आरोपित बनाया है। इस मामले में अब तक 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह, बीआरएस नेता के. कविता हैं। अरविंद केजरीवाल ने 21 दिन तक अंतरिम जमानत पर रहने के बाद 2 जून को सरेंडर कर दिया।

# चांदनी चौक सीट पर प्रवीण और जेपी के बीच है कड़ा मुकाबला




**रिजल्ट आज**

**इस सीट पर भाजपा के उम्मीदवार प्रवीण खंडेलवाल और कांग्रेस के जय प्रकाश अग्रवाल के बीच कड़ा मुकाबला है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: चा**ंदनी चौक सहित दिल्ली की सभी सात सीटों पर छठे चरण में 25 मई को मतदान हुआ था, जिसके नतीजे चार जून को आएंगे। इस सीट पर भाजपा के उम्मीदवार प्रवीण खंडेलवाल और कांग्रेस के जय प्रकाश अग्रवाल के बीच कड़ा मुकाबला है। चांदनी चौक लोकसभा सीट पर इस बार (वर्ष 2024) लभगभ 58.60 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि वर्ष 2019 में 62.78 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस सीट पर करीब 25 प्रतिशत के साथ वैश्य और व्यापारी समुदाय निर्णायक भूमिका में है, जबकि जबकि 14 प्रतिशत मतदाता मुस्लिम समुदाय से हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों ने यहां से वैश्य समुदाय से प्रत्याशी उतारा है।

**राजनीति के पुराने खिलाड़ी हैं जयप्रकाश अग्रवाल:** कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश अग्रवाल का चांदनी चौक लोकसभा सीट से 40 साल पुराना नाता रहा है। उन्होंने पहली बार वर्ष 1984 में लोकसभा चुनाव में चांदनी चौक सीट से चुनाव जीता था। इसके बाद वर्ष 1989 और 1996 के चुनाव भी इसी सीट पर जीत दर्ज की थी। इसके बाद वर्ष 2009 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली से चौथी बार जीत दर्ज की थी। वहीं, वर्ष 1991 व 2019 में घरेलू मैदान के साथ वर्ष 2014 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली से हार का सामना करना पड़ा।

**राजनीति में नए हैं प्रवीण खंडेलवाल:** बीजेपी उम्मीदवार प्रवीण खंडेलवाल राजनीति में नए हैं, हालांकि वह व्यापारियों के बीच लंबे वक्त से सक्रिय हैं। खंडेलवाल ने वर्ष 2008 में बीजेपी के टिकट पर चांदनी चौक विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

**जेपी अग्रवाल की प्राथमिकताएं**

चांदनी चौक को हेरिटेज हब बनाना
यमुना के घाटों और रिवर फ्रंट को विकसित करना
मल्टीलेवल पार्किंग विकसित करना
औद्योगिक क्षेत्रों का विकास
जीएसटी नियमों को सरल बनवाना

**प्रवीण खंडेलवाल की प्राथमिकताएं**

**ट्रैफिक समस्या का समाधान**

मटिया महल, बल्लीमारान, चांदनी चौक का विकास
शक्ति नगर चौक पर फ्लाईओवर
वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में सोलर पावर प्लांट
आदर्श नगर धीरपुर में सेंट्रल स्कूल एवं 100 बेड अस्पताल बनवाना

वर्ष 2019 का चुनाव परिणाम

भाजपा के उम्मीदवार डॉ. हर्षवर्धन ने 2019 के चुनाव में इस सीट पर जीत दर्ज की थी।

कांग्रेस के जय प्रकाश अग्रवाल दूसरे स्थान पर रहे, जिन्हें 290910 वोट मिले थे।

# पूर्व सीएम मनोहर लाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं का जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पूर्व सीएम एवं** करनाल लोकसभा के प्रत्याशी मनोहर लाल खट्टर ने विश्रामगृह के पास स्थित एक निजी वेंकटहाल में भाजपा कार्यकताओं का आभार प्रकट किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कार्यकताओं की मेहनत से ही चुनाव को जीता जा सकता है। भाजपा के पास कर्मठ और अनुशासित कार्यकताओं की बडी टीम है। भाजपा एक समुन्द्र है, जो भी इसमें शामिल होता है, इसकी विचारधारा में ढ़ल जाता है। उन्होंने चुनाव के अनुभव को




कार्यकताओं के साथ सांझा किया और कार्यकताओं को लगातार मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विपक्षी दलों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ दलों में भ्रष्टाचार की परम्परा है। भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा ये है कि एक व्यक्ति का हाथ दूसरे की जेब में और दूसरे का तीसरे की जेब में रहता है। उन्होंने चुनाव प्रबन्धन पर प्रयोग करने की बात भी कही और बताया कि किस प्रकार कम से कम खर्च में चुनाव जीता जा सकता है। उन्होंने सांसद संजय भाटिया की तारीफ की और कहा कि इस तरह के त्याग की परम्परा बीजेपी में ही है। इससे पूर्व सांसद संजय भाटिया ने कहा कि पार्टी द्वारा उत्तर प्रदेश में जिम्मेवारी लगाई थी, इसलिए वह चुनाव प्रचार में शामिल नहीं रह सके, लेकिन करनाल लोकसभा क्षेत्र में समर्थ टीम ने अपनी जिम्मेवारी अच्छे से निभाई। करनाल लोकसभा संयोजक व विधायक हरविन्द्र कल्याण ने उपस्थित कार्यकताओं का आभार जताते हुए कहा कि मनोहर लाल ने बिना भेदभाव साढ़े नौ साल प्रदेश की सेवा की है। नई जिम्मेवारी मिलने के बाद पूरे देश में मनोहर लाल अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने मनोहर लाल को भावी सांसद करार देते हुए कहा कि बड़ी जिम्मेवार मिलने के बाद सभी कार्यकताओं या अपने क्षेत्र के लोगों से मिलना सम्भव नहीं हो पाता। ऐसे में कार्यकताओं को अपनी जिम्मवारी निभाते हुए इस कमी की पूर्ति करनी चाहिए और लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं को हल करवाने की कोशिश करनी चाहिए। इस मौके पर निर्मला बैरागी, रमेश कश्यप, जिले राम शर्मा सहित क्षेत्र के बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# करनाल विधानसभा उपचुनाव की मतगणना की सभी तैयारियां पूरी : अनुभव मेहता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल विधानसभा** उपचुनाव के आरओ एवं एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि करनाल विधानसभा उपचुनाव की मतगणना का कार्य 4 जून को डीएवी सीनियर सैकंडरी स्कूल के लाइब्रेरी हॉल में किया जाएगा। इस मतगणना को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस कार्य के लिए बकायदा ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई। आरओ एवं एसडीएम अनुभव मेहता सोमवार को मतगणना केंद्र में गणना के कार्य को लेकर फाईनल रिहर्सल में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि डीएवी सीनियर



सेकेंडरी स्कूल के लाइब्रेरी हॉल में करनाल विधानसभा उपचुनाव की मतगणना का कार्य किया जाएगा। इसी स्कूल के हॉल नंबर 1 में लोकसभा के लिए करनाल विधानसभा के मतों की गिनती भी की जाएगी। इस मतगणना के लिए टेबल अनुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार ड्यूटियां लगाई गई हैं। इन मतगणना केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जा रही है और मतगणना केंद्रों में बिना ड्यूटी पास के प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि करनाल विधानसभा उपचुनाव के मतों की गणना करने के लिए 14 टेबल लगाई गई है।

## न्यूज फ्लैश

### चुनाव मतगणना में नामित मतगणना एजेंट की जाएगी पुलिस वेरिफिकेशन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि 4 जून को लोकसभा आम चुनाव-2024 के मतों की होने वाली मतगणना के लिए राजनैतिक पार्टी या चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की ओर से नामित मतगणना एजेंट की पुलिस वेरिफिकेशन की जाएगी। जिला लोकसभा के चुनाव निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से हुए हैं। यह रिकॉर्ड की बात है कि इस बार राज्य में कहीं भी पुनर्मतदान नहीं कराया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 2004 के बाद यह पहला अवसर था कि राज्य व जिले में किसी भी पोलिंग बूथ पर पुनर्मतदान करने की आवश्यकता नहीं पड़ी। यह सब चुनाव ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों के निष्ठा से कर्तव्य निर्वहन व मतदाताओं के सकारात्मक सहयोग के फलस्वरूप हुआ है। मतगणना के दिन भी सभी नागरिकों व ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों व सुरक्षाकर्मियों का इसी प्रकार का सहयोग मिलेगा और यह चुनाव आयोग की निष्पक्ष पारदर्शी तरीके से चुनाव करवाने के लक्ष्य को सफल बनायेगा। उन्होंने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया से भी अपील करते हुए कहा कि 4 जून को वोटों की गिनती के दौरान हर चरण की जानकारी लोगों तक पहुंचाएं। हालांकि चुनाव आयोग ने अलग से एक चुनाव परिणाम हेल्पलाइन ऐप भी जारी किया है जिस पर कोई भी नागरिक अपने मोबाइल पर इसे डाउनलोड करके पूरे देश के चुनाव नतीजों की जानकारी हासिल कर सकता है।

### चुनाव आयोग की वेबसाइट पर देख सकते हैं लोकसभा मतगणना परिणाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला निर्वाचन अधिकारी** एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि अत्यधिक गर्मी के चलते लोकसभा चुनाव के परिणाम घर बैठे आसानी से देखे जा सकते हैं। इसके लिए चुनाव आयोग की वेबसाइट रिजल्ट.ईआईसी.इन या वोटर हेल्पलाइन एप का इस्तेमाल किया जा सकता है। मौसम विभाग ने भी गर्मी के बढ़ती हीट वेव को देखते हुए घरों से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि भारत चुनाव आयोग के अनुसार 4 जून को लोकसभा चुनाव के लिए मतगणना का का कार्य सुबह 8 बजे से शुरू हो जाएगा। इस दौरान मतगणना केन्द्रों में और उसके आस पास केवल प्राधिकृत व्यक्ति, अधिकारी या कर्मचारी ही जा सकेंगे। ऐसे में चुनाव का परिणाम जानने के लिए लोगों को काफी दूर धूप में खड़ा रहना पड़ सकता है। आमजन व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, कार्यकताओं को मतगणना क्षेत्र के आस-पास भीड़ करने की जरूरत नहीं है, बल्कि घर बैठे ही परिणाम जान सकते हैं। इसके लिए उनको भारत निर्वाचन चुनाव आयोग की वेबसाइट रिजल्ट.ईआईसी.इन पर जाना होगा। इसके अतिरिक्त, वोटर हेल्पलाइन एप पर भी यह सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुरूप मतगणना जिला मुख्यालय पर बनाए गए मतगणना केंद्रों पर मीडिया के लिए मीडिया सेंटर बनाया गया है, ताकि वे वहां से परिणाम की नवीनतम जानकारी हासिल कर सकें। मतगणना केंद्रों में केवल अधिकृत व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे। मतगणना केंद्रों के आसपास धारा 144 लागू की गई है।

### मार्किट से डॉ की बाइक चोरी

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**



**खरखौदा के वार्ड 14 के रहने** वाले डॉ जगन्नाथ ने खरखौदा पुलिस को शिकायत देते हुए बताया कि उसने एक क्लीनिक रतन सिह मार्किट मे जगन हस्पताल के नाम से किया हुआ है। सोमवार की सुबह समय करीब 8 बजे एच एफ डीलक्स बाइक खड़ी की थी।
करीब 11 बजे वो बाइक नही मिली। जिसे किसी अज्ञात चोर ने चुरा लिया है। फिलहाल उपरोक्त की शिकायत पर खरखौदा पुलिस ने

# पर्यावरण संरक्षण हेतु कई तरह की गतिविधियां आयोजित

**पानीपत ,कमाल हुसैन**

**पानीपत रिफाइनरी** एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) रिफाइनरी टाउनशिप में विश्व पर्यावरण दिवस से पूर्व पर्यावरण संरक्षण हेतु कई तरह की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में साइक्लोथॉन कार्यक्रम का आयोजन रविवार दिनांक 02.06.2024 जोकि विश्व साइकिल दिवस की पूर्वसंध्या भी है को आयोजित किया गया। विश्व साइकिल दिवस साइकिल चलाने के लाभ और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु हर वर्ष 3 जून को मनाया जाता है। इस साइक्लोथॉन का शुभारंभ एम.एल. डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी द्वारा हरी झंडी



दिखाकर किया गया। कार्यक्रम में पीआरपीसी परिवार के लगभग 500 सदस्यों जिनमे विशेष रूप से बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए बड़ी रूचि से भाग लिया। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण हेतु एक चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें लगभग 400 बच्चों ने बड़ी सक्रियता से भाग लिया। इस अवसर पर डहरिया ने प्रतिभागियों को फल एवं हर्बल पौधे भी वितरित किए। इसके अलावा, पीआरपीसी टाउनशिप के निवासियों द्वारा एकत्रित 67 किलोग्राम ई-वेस्ट को भी एक अधिकृत ई-वेस्ट रिसाइक्लर, मैङ्ग आदिनाथ, पानीपत को इसकी रिसाइकलिंग के लिए दिया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में, टीम पीआरपीसी ने श्री डहरिया के नेतृत्व में 50 औषधीय पौधों का रोपण करके पर्यावरण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। आने वाले दिनों में पीआरपीसी द्वारा पर्यावरण अनुकूलन अनेक प्रकार की गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर डहरिया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, "फिट और स्वस्थ रहने के लिए साइकिल चलाने को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। नियमित साइकिल चलाने से न केवल स्वच्छ, एवं स्वस्थ पर्यावरण का निर्माण होता है, बल्कि इंडियनऑयल की प्रतिबद्धता जोकि वर्ष 2046 तक शून्य परिचालन उत्सर्जन को प्राप्त करना है की दिशा में भी एक और कदम बढ़ाना है।

# जनसेवा समिति कुरुक्षेत्र की मासिक बैठक हुई आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : मुख्यतः पर्यावरण** ,भाईचारे एवं मानव परिष्कार को समर्पित शहीद मेजर नितिन बाली जनसेवा समिति कुरुक्षेत्र की मासिक बैठक अशोक कुमार गुप्ता जी की अध्यक्षता में हुई। इसमें 5 जून 2024 को सायं 7 बजे विश्व पर्यावरण दिवस शहीद नितिन बाली पार्क में बच्चों की प्रतियोगिता के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। प्रतियोगिता में बच्चों को पर्यावरण के प्रति सजग और सचेत रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा जिससे कि आने वाली पीढ़ी को पर्यावरण प्रदूषण की मार न झेलनी पड़े। मीटिंग में



यह भी निर्णय लिया गया कि पौधारोपण और स्वच्छता के विषय में भी जागरूक किया जाएगा। मिटिंग में प्रधान अनिल कुमार शर्मा , उपप्रधान अशोक मल्होत्रा , सचिव राजेन्द्र वानप्रस्थी, कोषाध्यक्ष राकेश रोहिल्ला एवं कार्यकारिणी के सदस्य जगीर सिंह , दर्शन शर्मा , भारत वाही , अनुज गुप्ता एवं राम स्नेही उपस्थित रहे।

# चौधरी सुरजेवाला के जन्मदिन को पौधारोपण कर मनाया : स्वीटी रंगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : कांग्रेस पार्टी** के राष्ट्रीय महासचिव एवम् सांसद चौधरी रणदीप सिंह सुरजेवाला के जन्मदिन के उपलक्ष में स्वीटी रंगा नलवी



हल्का शाहाबाद के मार्गदर्शन में गांव बाहरी में पौधारोपण कर जन्मदिन को धूमधाम से मनाया।। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि आज पूरे देश और हरियाणा प्रदेश में चौधरी रणदीप सिंह सुरजेवाला के जन्म दिन को धूमधाम से मनाया गया ।स्वीटी रंगा ने कहां की आज हम सबको अपने जन्मदिन के अवसर पर अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए ताकि पर्यावरण स्वस्थ रहे और हमारा जीवन संभव हो सके। पूर्व जिला पार्षद मानसिंह बजगावां और श्यामलाल ने कहा कि पौधारोपण ही हमारा जीवन है हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि अधिक से अधिक पौधारोपण जरूर करें। इस अवसर पर रामकुमार, प्रेम ठाकुर, गीता भी मौजूद रहे ।

# मतगणना के लिए तैयार अम्बाला, तैयारियां पूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि अम्बाला लोकसभा चुनाव मतगणना के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। मतगणना के लिए सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं। आज सुबह 8 बजे सबसे पहले पोस्टल बैलेट की मतगणना शुरू होगी। इसके बाद 8.30 बजे जिले के चारों मतगणना केंद्रों पर ईवीएम से मतगणना की शुरूआत होगी। डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि पूरे अम्बाला लोकसभा क्षेत्र के बैलेट पेपर की मतगणना एसडी कॉलेज, अम्बाला कैंट में होगी। इसके लिए ईवीएम काउंटिंग से अलग हॉल की व्यवस्था की गई



है। यह काउंटिंग 8 बजे शुरू होगी। इसके बाद सभी चारों मतगणना केंद्रों पर 8.30 बजे काउंटिंग शुरू हो जाएगी। डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि कड़े सुरक्षा पहरे में मतगणना होगी। इस दौरान थ्री लेयर सिक्योरिटी रहेगी। प्रत्येक व्यक्ति को चैकिंग के बाद ही अंदर जाने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगी हुई है, उन्हें पास दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त उम्मीदवार, उनके काउंटिंग एजेंट को भी पास दिए गए हैं। किसी को भी मोबाइल अंदर लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके साथ-साथ काउंटिंग एजेंट भी खाली हाथ काउंटिंग हाल में अंदर जाएंगे। उन्हें वहीं पैंसिल व कागज उपलब्ध करवाया जाएगा। पूरे हॉल में सीसीटीवी लगे हुए हैं। डीसी डॉ. शालीन ने जिले के सभी मतगणना केंद्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मतगणना में लगे कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे सतर्कतापूर्वक इस कार्य को संपन्न करें। ईवीएम कंट्रोल यूनिट में जो भी संख्या हो, उसे सहीं से दर्ज करें। इसके साथ-साथ उन्होंने सभी ड्यूटी स्टॉफ को मतगणना के दिन समय से मतगणना केंद्रों पर पहुंचने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एआरओ को भी चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों की अनुपालना करते हुए मतगणना के कार्य को संपन्न करवाने के आदेश दिए।

# सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सम्राट पृथ्वीराज** चौहान की जयंती के अवसर पर नगर निगम के गांव उचाना में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के प्रबुद्ध जन एकत्रित हुए और उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान राहगीरों के लिए मीठे व ठंडे जल की छबील भी लगाई गई और प्रसाद वितरित किया गया। मुख्य तौर पर राजपूत सभा के प्रधान डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह , जिला परिषद चेयरपर्सन सोहन सिंह राणा, समाजसेवी प्रमोद राणा उचाना, जोगिंदर सिंह चौहान, महासचिव बृजपाल राणा आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।



उपस्थित लोगों ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान अमर रहे के जयघोष किए। राजपूत समाज के प्रमुख व्यक्तियों अपने संबोधन में कहा कि ज्येष्ठ कृष्ण द्वादशी के दिन चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान का जन्म हुआ था। जब तक सम्राट पृथ्वीराज चौहान जिंदा थे, उन्होंने मुगलों के पांव हिंदुस्तान की धरती पर जमने नहीं दिए। उनके पराक्रम और वीरता के चर्चे पूरे संसार में प्रचलित थे। उन्होंने अपने जीवनकाल के दौरान अनेक युद्ध लड़े और जीत प्राप्त की। पृथ्वीराज चौहान ने मोहम्मद गौरी को 17 बार युद्ध में पराजित किया और बंदी बनाकर रिहा किया। ऐसा इतिहास में बहुत कम ही सुनने को मिलता है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग महापुरुषों की जातियों को लेकर समाज में द्वेष फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे सामाजिक भाईचारा बिगड़ता है। हमें महापुरुषों को जातियों में नहीं बांधना चाहिए, क्योंकि उन्होंने किसी एक वर्ग के लिए और एक जाति के लिए अपने प्राणों का बलिदान नहीं दिया, अपितु हिंदुस्तान के समस्त प्राणियों के लिए अपना जीवन न्योछावर किया। यदि कोई समाज महापुरुषों के जन्मदिवस या अन्य कार्यक्रम मनाना चाहता है, हमें कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन उनके सामने जातिसूचक शब्द न जोड़े जाएं। सभी लोगों को उनके जीवन संघर्ष और त्याग की प्रेरणा लेकर अपने जीवन में उतरना चाहिए।

# रणदीप सुरजेवाला के जन्मदिन पर किया हवन-यज्ञ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : राज्यसभा मैंबर,** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव व कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला के जन्मदिवस पर कांग्रेस कार्यकताओं ने महिला कांग्रेस हरियाणा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवेश राणा, किसान कांग्रेस कुरुक्षेत्र के जिलाध्यक्ष मधुसूदन बवेजा के सान्निध्य में जयराम विद्यापीठ की यज्ञशाला में मंत्र उच्चारण के साथ हवन किया और लड्डू बांटकर रणदीप सुरजेवाला की दीघार्यु व हरियाणा के भावी मुख्यमंत्री बनने की ईश्वर से कामना की गई। कार्यकताओं और समर्थकों ने केक काटते हुए रणदीप सुरजेवाला की अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस मौके पर यशपाल राणा, डा. जीत सिंह शेर, निशी गुप्ता, सत्या शर्मा, कमलेश धीमान आदि मौजूद रहे।

# डा. निशा गुप्ता व अन्य लीडर्स पायनियर लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा टॉप लीडर्स मीट का आयोजन होटल डिवेंचर में नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें फाउंडेशन की नैशनल चेयरपर्सन कृष्णा गुप्ता, राष्ट्रीय निदेशक सतीश कुमार, स्टेट चेयरमैन हरियाणा एनडी गोयल व स्टेट प्रेजिडेंट अनिल गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर लाइव म्यूजिक एंव रात्रि भोजन का विशेष प्रबंध रहा। विख्यात गायक डा. कृष्ण अरोड़ा, कीर्ति मान एंव युसूफ ने अपने गीतों से समां बांधा। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया देश के अग्रणीय संस्थानों में



प्रथम स्थान पर है, जो कि लगाकर छह वर्षों से सम्पूर्ण भारतवर्ष में अवेयरनेस अगेंस्ट करप्शन के लिए कार्य कर रहा है। फाउंडेशन द्वारा करप्शन फ्री इंडिया अभियान में योगदान देने वाले उत्कृष्ट लीडर्स को सम्मान देकर उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है। इसी कड़ी में टॉप लीडर्स मीट में पवन शर्मा, डॉ.निशा गुप्ता, नीतू सिंह, पायल मित्तल, सत नारायण गर्ग, सतीश जांगड़ा, पुनीत गुप्ता, सुनीता गुप्ता, अजीत राही, सौरव, राजेंदर कुमार, पूनम गोयल, अश्वनी मेहता, अनिल कुमार मलिक, रघबीर सिंह, राकेश कौल, हनी बंसल, तरसेम कुमार, भुद्दू राम, परम जांगड़ा, संजय चावला, डॉ. हंसराज, कृष्ण कुमार, सतीश कुमार, राजेश खन्ना, दीपा खन्ना, राजेंद्र ग्रेवाल, राजन छिब्बर, अमित कुमार महर, सुखबीर मलिक, मुक्ता, नरेश कुमार, आशीष कुमार, चश्मपाल, डॉ.अमरजीत कोहली, रमेश कुमार, राकेश कुमार सचदेवा, सावी चौधरी, कुशल वर्मा, गौरव कम्बोज, महेश हसीजा, सतीश मल्होत्रा, स्वाति गुप्ता, मोहन लाल आदि को पायनियर लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# अधिकारियों को मतगणना के दौरान गोपनीयता का रखना होगा ध्यान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए मतगणना 4 जून को प्रातः 8 बजे शुरू होगी। इस मतगणना प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक और शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने मतगणना प्रक्रिया की निगरानी के लिए सभी मतगणना केंद्रों पर मतगणना पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि मतगणना से संबंधित किसी भी जानकारी या शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1950, राज्य कंट्रोल रूम टेलीफोन 0172-2701362 तथा ईमेल पर संपर्क किया जा सकता है। वोटों की रिकॉर्डिंग या गिनती में शामिल प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी, एजेंट या अन्य व्यक्तियों को मतदान की गोपनीयता बनाए रखनी होगी। इसका उल्लंघन करना लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 128 के तहत अपराध माना जाएगा और इसके लिए 3 महीने तक की कैद, जुमार्ना या दोनों सजाएं हो सकती हैं। चुनाव संचालन से जुड़ा कोई भी अधिकारी (मतदान के अलावा) ऐसा कोई कार्य नहीं करेगा, जिससे किसी उम्मीदवार के चुनाव जीतने की संभावना बढ़े। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 129 के तहत उल्लंघन करने पर 6 महीने तक की कैद, जुमार्ना या दोनों सजाएं हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति जो बिना किसी उचित कारण के चुनाव के संबंध में अपने आधिकारिक कत्त्तव्य का उल्लंघन करता है, उस पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के तहत 500 रुपये तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। सरकारी सेवा में कोई भी व्यक्ति जो किसी उम्मीदवार के चुनाव एजेंट, मतदान एजेंट या मतगणना एजेंट के रूप में कार्य करता है।

# बीजीटी ग्रुप ने पौधा वितरण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: पौधारोपण** कर पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करने वाली अग्रणी संस्था बीजीटी ग्रुप द्वारा नई दिल्ली के लोधी गार्डन में संस्था अध्यक्ष अजीत सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को पौधे बांटे और पौधारोपण का कार्य करने वाली संस्थाओं के सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सदस्यों द्वारा सैकड़ो की संख्या में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही उनके बड़े होने तक रक्षा करने का संकल्प भी लिया। इस दौरान हजारों की संख्या में पौधे वितरण कर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य करने वाली संस्था सदस्य शशि बाला को विशेष सम्मान से नवाजा गया। इस मौके पर शशि बाला ने सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करने की अपील की और कहा कि विकास की आपाधापी में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई ने पर्यावरण के संतुलन को बिगाड़ा है। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हम सभी को जागरूक होना होगा। तभी पर्यावरण की सुरक्षा कर सकते हैं। इसके लिए अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाना जरूरी है। संस्था अध्यक्ष अजीत सिंह ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनका पोषण करने की अपील की ओर कहा कि घर के गमलो से लेकर गली मोहल्ले की सड़कों, पार्कों में अधिक से अधिक पौधे लगाए। कार्यक्रम में अर्पित राजपूत, पीयूष गोयल, अजय राणा, नीरू जैन, शरद पूर्णिमा, अनुरंजन सक्सेना, कृष्ण मौर्य, प्रिंस वालिया, नरेंद्र सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।





## क्रिप्टो करेंसी मार्केट में रौनक, बिटकॉइन 69 हजार डॉलर के पार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में सोमवार को रौनक नजर आ रही है। बिटकॉइन और एथेरियम समेत मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल सभी क्रिप्टो करेंसीज आज बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं। आज की तेजी के कारण दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन एक बार फिर 69 हजार डॉलर के ऊपर पहुंच गई है। इसी तरह एथेरियम ने भी आज 1 प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 6 बजे है।

## 'हार की निश्चितता देख चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठा रही कांग्रेस'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: लोकसभा चुनाव** के नतीजों से पहले कांग्रेस के प्रक्रिया पर सवाल उठाने पर भाजपा ने पलटवार करते हुए इसे हार की निराशा बताया है। भाजपा ने कहा कि चुनाव में हार की निश्चितता को देखते हुए कांग्रेस पार्टी चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठा रही है। कांग्रेस अपरिहार्य हार की संभावना से बौखला गई है और अनर्गल बातें कर रही है। लोकतंत्र पर सवाल उठा रही है। सोमवार को भाजपा मुख्यालय पर आयोजित एक प्रेसवार्ता में राज्यसभा सदस्य और भाजपा के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है। विपक्ष ने प्रधानमंत्री के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल किया। अगर आप भाजपा और हमारी सरकार के खिलाफ ऐसा करते हैं तो हम इसे स्वीकार कर सकते हैं, लेकिन जब लोकतंत्र के खिलाफ ऐसा करते हैं तो यह स्वीकार्य नहीं है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे चुनाव के दौरान हमारा आदर्श वाक्य 'विकास और विश्वास' था, जबकि विपक्ष का आदर्श वाक्य 'प्रचार और भय पैदा करें' था। अब चुनावी प्रक्रिया समाप्त हो गई है, परिणाम के लिए कुछ ही घंटों का इंतजार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपरिहार्य हार के कारण बौखला गई है। कांग्रेस की कोई पहली हार नहीं है। चुनाव में कांग्रेस ने कई बार सरकारें खोई हैं। वर्ष 1967 में तमिलनाडु में और वर्ष 1977 में पश्चिम बंगाल में सत्ता खोने के बाद कभी भी सत्ता में वापस नहीं आई। वर्ष 1989 में कांग्रेस उत्तर प्रदेश और बिहार में हार गई और वे कभी सत्ता में वापस नहीं आई। वर्ष 1990 में कांग्रेस ने गुजरात खो दिया और वहां कभी सत्ता में नहीं आई। अब विपक्ष भड़काऊ बातें कर लोगों में भ्रम फैलाने का काम कर रही है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक बयान में दावा किया कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह देशभर में जिला मजिस्ट्रेट को फोन कर रहे हैं।
इस कवायद का मकसद उन्हें प्रभावित करना है। रमेश के मुताबिक गृह मंत्री अब तक 150 से अधिक जिलाधिकारियों को कॉल कर चुके हैं।



## मंत्री सौरभ भारद्वाज ने किया रैन बसेरों का औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को दिल्ली स्थित कई रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। यह औचक निरीक्षण बढ़ती गर्मी और हीट वेव के चलते किया गया। लगभग दोपहर 3:00 बजे के आसपास शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने यह औचक निरीक्षण किया। इस औचक निरीक्षण के जरिए मंत्री सौरभ भारद्वाज रैन बसेरों में गर्मी और हीट वेव से बचने के पुख्ता इंतजामों की जांच करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि रैन बसेरे में गर्मी से बचने के पर्याप्त साधन है या नहीं, लोगों के पीने के लिए पर्याप्त पानी है या नहीं तथा गर्मी से राहत देने वाले अन्य साधनों की पर्याप्त उपलब्धता है या नहीं। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने यह औचक निरीक्षण बिना किसी को बताए अकेले अचानक किया, ताकि परिस्थितियों की सत्यता का पता लगाया जा सके। एक बयान जारी करते हुए मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि जिन रैन बसेरों में उन्होंने औचक निरीक्षण किया, वहां पर जांच के दौरान उन्होंने पर्याप्त मात्रा में लोगों के लिए पीने का ठंडा पानी देने वाले वाटर डिस्पेंसर और ठंडी हवा के लिए वाटर एयर कूलर के पर्याप्त इंतजाम दिखे। उन्होंने बताया कि दिल्ली में बहुत सारे अलग-अलग जगह पर रैन बसेरे बने हुए हैं, तो एहतियात बरसते हुए उन्होंने डूसीब विभाग के सीईओ को निर्देश जारी किए हैं, कि वह युद्ध स्तर पर दिल्ली के सभी रैन बसेरों में निरीक्षण करें और जहां कहीं भी व्यवस्था में कोई भी कमी पाई जाए, उसे तुरंत प्रभाव से दुरुस्त किया जाए। जहां कहीं भी पानी की व्यवस्था में कोई कमी नजर आए तुरंत ठंडे पानी की व्यवस्था की जाए और जहां कहीं भी हवा देने वाले वाटर एयर कूलर की समस्या नजर आए, तुरंत उस समस्या को दूर कर हवा देने वाले वाटर एयर कूलरों का इंतजाम किया जाए।

**निरीक्षण**

**लगभग दोपहर 3:00 बजे के आसपास शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने यह औचक निरीक्षण किया।**



## काव्य गोष्ठी में कई कवियों ने किया पाठ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** टू मीडिया के तत्वावधान में 2 जून 2024 को टू मीडिया स्टूडियो में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज कामदेव ने की और मुख्य अतिथि डॉक्टर जयप्रकाश मिश्र रहे। दिनेश आनंद व निधि भार्गव 'मानवी' विशिष्ट अतिथि रहे। स्वागतकर्ता टू मीडिया के संपादक ओमप्रकाश प्रजापति रहे और कार्यक्रम का मनमोहक संचालक ज्ञानेंद्र प्रयागी ने किया।
कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के श्री चरणों में दीप प्रज्जवलित कर हुई। उसके बाद ओमप्रकाश प्रजापति ने सभी अतिथियों का तिरंगा पटका पहनाकर अभिनन्दन किया। सभी श्रोताओं को आकर्षित करने वाली इस काव्य गोष्ठी में सर्वश्री ओमप्रकाश प्रजापति, ज्ञानेंद्र शर्मा, मनोज कामदेव, नयन नीरज, रूबी शोम, जारा खान, दिनेश आनंद, लक्ष्मी अग्रवाल, पूजा श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव 'राज', प्रभा दीपक शर्मा, संगीता वर्मा, अंजना जैन, निधि भार्गव मानवी, डॉक्टर जयप्रकाश मिश्र, दीपक दीप, बबली सिंह वान्या, हिमांशु शुक्ल, शिव शंकर लोध राजपूत, पारो चौधरी, अनुराधा सिंह, पुनीता सिंह, शशि किरण, पंडित नमन, नेहा शर्मा, दीपिका वल्दिया, भूपिंदर कौर सचदेवा, अर्चना झा, स्नेह लता पांडे ने काव्य पाठ से सभी को आकर्षित किया।



## निगम पार्षद अजीत यादव ने मेट्रो अपार्टमेंट का किया निरीक्षण







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भलस्वा वार्ड** के निगम पार्षद अजीत यादव ने वार्ड-17 भलस्वा में हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया और मेट्रो अपार्टमेंट के अन्दर के नालों की सफाई करवाई और साथ ही बाहर के बड़े नालों की सफाई विक्टर मशीन द्वारा खुद खड़े होकर करवाई। इस अवसर पर निगम पार्षद अजीत यादव ने बताया कि आज मैंने मेट्रो अपार्टमेंट में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया और जनता की जो भी समस्याएं थी उनका समाधान भी किया। साथ ही खुद मौके पर खड़े होकर सफाई कर्मचारियों से नालियों की सफाई करवाई। उन्होंने बताया कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि अगर क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह मुझसे संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अमित कात्याल की अंतरिम जमानत याचिका पर ईडी को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट** ने लैंड फॉर जॉब मामले में अमित कात्याल की स्वास्थ्य के आधार पर दायर अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया है। जस्टिस विकास महाजन की वेकेशन बेंच ने ईडी से स्टेटस रिपोर्ट तलब किया है। अंतरिम जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 7 जून को होगी।
सुनवाई के दौरान अमित कात्याल की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि अमित कात्याल की बेरियाट्रिक सर्जरी हुई है और उनका वजन 10 किलो घट गया है। उन्हें आगे जिस आपरेशन की जरूरत है वो तिहाड़ जेल में उपलब्ध नहीं है। तब कोर्ट ने पूछा कि जब उनकी सर्जरी पहले की गई थी तो आरोपित ने ग्रीष्मावकाश में अंतरिम जमानत की अर्जी क्यों दाखिल की है। तब सिब्बल ने कहा कि उनकी जमानत याचिका ट्रायल कोर्ट ने हाल ही में खारिज की है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 22 मई को अमित कात्याल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इस मामले में 9 जनवरी को ईडी ने चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, मीसा भारती, हिमा यादव, ह्रदयानंद चौधरी और अमित कात्याल को आरोपित बनाया गया है। ईडी ने अमित कात्याल को 11 नवंबर, 2023 को गिरफ्तार किया था। लैंड फॉर जॉब मामले में ईडी के पहले सीबीआई ने केस दर्ज किया था। सीबीआई का मामला भी दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में ही चल रहा है। ईडी के मुताबिक कात्याल एके इंफोसिस्टम्स प्राईवेट लिमिटेड नामक कंपनी का डायरेक्टर था। इस कंपनी के जरिये कात्याल ने रेलवे के ग्रुप डी के विभिन्न अभ्यर्थियों से काफी कम रेट में जमीन लिए। ईडी के मुताबिक इन भूखंडों को बाद में लालू प्रसाद यादव के परिवार के सदस्यों के नाम कर दिए गए।

## एनसीडब्ल्यू ने संदेशखाली का दौरा करने की चुनाव आयोग से मांगी अनुमति

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: चुनाव** के दौरान पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में हुई हिंसा और महिलाओं के खिलाफ अत्याचारों की खबरों को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने चिंता जताते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखा है। पत्र में एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष ने संदेशखाली और पश्चिम बंगाल के अन्य हिस्सों का दौरा करने की अनुमति मांगी है। सोमवार को एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष रेखा शर्मा ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को पत्र लिख कर संदेशखाली और पश्चिम बंगाल के अन्य हिस्सों का दौरा करने की अनुमति मांगी है। रेखा शर्मा ने अपने पत्र में लिखा है कि संदेशखाली और पश्चिम बंगाल के अन्य हिस्सों में चुनाव के बाद हिंसा और महिलाओं के खिलाफ पुलिस अत्याचारों के बारे में मीडिया में खबरे सामने आई हैं। मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए एनसीडब्ल्यू की एक टीम जांच करने और आवश्यक कार्रवाई करने के लिए संदेशखाली और पश्चिम बंगाल के अन्य हिस्सों का दौरा करना चाहती है। चूंकि अभी चुनाव आचार संहिता लागू है, इसलिए आयोग बिना अनुमति के वहां दौरा नहीं कर सकता।

## दिल्ली आबकारी घोटाला: अरुण पिल्लई की जमानत याचिका पर ईडी को नोटिस


**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट** ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले के आरोपित अरुण पिल्लई की स्वास्थ्य के आधार पर दायर जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया है। जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा की वेकेशन बेंच ने अंतरिम जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 10 जून को करने का आदेश दिया। हाई कोर्ट ने ईडी से पिल्लई के स्वास्थ्य संबंधी रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। पिल्लई ने अपनी पीठ में दर्द का हवाला देते हुए आठ हफ्ते की अंतरिम जमानत देने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि केरल के एक आयुर्वेदिक क्लिनिक ने उन्हें 21 दिनों की पंचकर्म चिकित्सा करने की सलाह दी है। इस चिकित्सा के बाद उन्हें आराम करने की भी जरूरत होगी। ईडी ने इस मामले में अरुण पिल्लई को 6 मार्च 2023 को गिरफ्तार किया था। पिल्लई पर आरोप है कि उसने दूसरे आरोपित समीर महेंद्रू से रिश्वत की रकम इकट्ठा कर दूसरे आरोपितों को दी। ईडी ने इस मामले में दाखिल पूरक चार्जशीट में अरुण रामचंद्र पिल्लई और अमनदीप ढल को आरोपित बनाया है।
चार्जशीट में कहा गया है कि पिल्लई ने जांच के दौरान झूठा बयान दिया। अरुण पिल्लई ने साक्ष्यों को नष्ट करने में अहम भूमिका निभाई। दो साल में उसने पांच मोबाइल फोन नष्ट किए। ईडी के मुताबिक जांच के दौरान अरुण पिल्लई घोटाले के दौरान इस्तेमाल किए गए मोबाइल फोन पेश नहीं कर सका। अरुण पिल्लई के पास जो फोन थे।

**जानकारी**

**ईडी ने इस मामले में दाखिल पूरक चार्जशीट में अरुण और अमनदीप ढल को आरोपित बनाया है।**

# आजादपुर मंडी में गंदगी, जाम, आवारापशु व अतिक्रमण से लोग परेशान: राघव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली की आजादपुर फल व सब्जी मंडी में कई समस्याओं का अंबार है, लेकिन समस्याओं का समाधान न होने से यहां पर आने वाले लोग परेशान है। इस संदर्भ में समाजसेवी संजय राघव ने बताया कि मैं अकसर आजादपुर मंडी में आता हूं और मुझे गेट पर ही जाम मिलता है, मुझे लगता है, यह जाम अतिक्रमण की वजह से है, इसलिए प्रशासन को आजादपुर मंडी में जहां पर भी अतिक्रमण है, उसे हटाना चाहिए, जिससे की यहां पर आने वाले लोगों को जाम की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि आजादपुर मंडी में जगह-जगह गंदगी का भी अंबार आप देख सकते है। प्रशासन की जिम्मेवारी है कि आजादपुर मंडी में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाये, जिससे की आजादपुर मंडी साफ और सुन्दर नजर आये। उन्होंने आगे बताया कि मंडी में आवारा पशुओं का जगह-जगह जमावड़ा है। उन्होंने आजादपुर मंडी प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि मंडी प्रशासन को अतिक्रमण पर कार्यवाही करनी चाहिए, जिससे की यहां पर आने वाले लोगों को जाम की समस्या से राहत मिले और सफाई व्यवस्था पर ध्यान देने की अवश्यकता है। श्री राघव ने आजादपुर मंडी में आने वाले लोगों से भी अपील की है कि वह मंडी की स्वच्छता बनाये रखने में प्रशासन की मदद करें और इधर-उधर कूड़ा न फेक कर कूड़ा केवल कूड़ेदान में डाले, जिससे की मंडी साफ और स्वच्छ नजर आये।







# कला कीर्ति भवन में लगने वाली अभिरुचि कक्षाओं के पंजीकरण की अंतिम तिथि आज

अभिरुचि कक्षाएं

- कला कीर्ति भवन में 5 जून से एक्टिंग, पेंटिंग, डांस और संगीत की कक्षाएं शुरू






**टीम एक्शन इंडिया/हरियाणा**
**हरियाणा** कला परिषद द्वारा प्रत्येक वर्ष अलग-अलग विधाओं की अभिरुचि कक्षाएं आयोजित की जाती हैं, जिनमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रतिभागी कला के नए गुर सीखते हुए अभिनय, चित्रकला, संगीत तथा नृत्य आदि का प्रशिक्षण प्राप्त करते रहे हैं। इसी कड़ी को जारी रखते हुए कुरुक्षेत्र के ब्रहमसरोवर स्थित कला कीर्ति भवन में इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन अभिरुचि कक्षाएं 5 जून से प्रारम्भ की जा रही है। जिसमें अभिनय, हरमॉनियम, कत्थक, गायन, ढोलक और चित्रकला का प्रशिक्षण दिया जाएगा। 30 जून तक चलने वाली अभिरुचि कक्षाओं के लिए पंजीकरण की आज 4 जून अंतिम तिथि है। यह जानकारी हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि हॉबी कक्षाओं के लिए विद्यार्थियों से केवल पंजीकरण शुल्क लिया जाएगा तथा किसी भी प्रकार की अलग से फीस नहीं ली जाएगी। हरियाणा कला परिषद द्वारा लगाई जाने वाली अभिरुचि कक्षाओं के माध्यम से लोगों की छुपी हुई प्रतिभा को बाहर निकालने का प्रयास किया जाता है, जिसमें कुशल प्रशिक्षक अलग-अलग विधा का प्रशिक्षण देकर विद्यार्थियों को एक कलाकार बनाने का प्रयास करते है। एक माह तक प्रशिक्षण देने के उपरांत समस्त प्रतिभागियों द्वारा कैम्प के समापन अवसर पर अपनी प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिसके पश्चात सभी कलाकारों को हरियाणा कला परिषद की ओर से प्रशस्ति पत्र दिए जाएगें।

# भाजपा में शामिल होने वाले नेता अब पछता रहे : लाल बहादुर खोवाल

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार :**
हाल ही में जारी हुए एग्जिट पोल पर अविश्वास जताते हुए हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि चार जून को मतगणना के बाद ही सही परिणाम सामने आएगा।
उन्होंने कहा इस लोकसभा चुनाव का परिणाम आते ही भाजपा की असलियत भी जनता के सामने आ जाएगी। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े वादे व दावे करके भाजपा दो बार सत्ता हासिल कर चुकी है लेकिन इस बार जनता उसके बहकावे में नहीं आई। इसलिए चार जून के परिणाम के बारे में सोचकर भाजपा बौखलाई हुई है।



एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि बहुत से नेता भाजपा से प्रभावित होकर चुनाव से पहले उसमें शामिल हो गए थे लेकिन अब वे पछता रहे हैं।
भाजपा ने हमेशा की तरह चुनाव परिणाम से पहले ही तानाशाही रवैया अपना लिया है। अपने पदाधिकारियों व नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है।
इतना ही नहीं भाजपा के साथ मिलीभगत में साथ न देने वाले अधिकारियों की लिस्ट तक तैयार की गई है ताकि कोई न कोई झूठा आरोप लगाकर इनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि भाजपा के बहुत से नेता ही पार्टी की जनविरोधी नीतियों से परेशान हैं, इसलिए उन्होंने भाजपा के नेताओं के विरुद्ध ही वोटिंग करवाई है। इस बात से वरिष्ठ भाजपा नेता तिलमिलाए हुए हैं।
एडवोकेट खोवाल ने कहा कि बहुत से भाजपा नेताओं को गांवों में घुसने तक नहीं दिया गया। इस स्थिति से सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि विभिन्न क्षेत्रों में भाजपा को कितने वोट मिले होंगे। उन्होंने कहा कि चार जून का चुनावी परिणाम कांग्रेस के पक्ष में आएगा और कांग्रेस पार्टी स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी विचारधारा, नीतियों व दृष्टिकोण को जनता के साथ साझा कर चुकी है।

## संक्षिप्त खबरें

### यमुनानगर: पांच दिवसीय राज्य स्तरीय बाढ़ राहत शिविर का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
बाढ़ जैसी आपदा से निपटने के हथिनी कुंड बैराज के नजदीक पश्चिमी यमुना नहर की लिंक चैनल पर सीवर को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा द्वारा सोमवार को आयोजित पांच दिवसीय राज्य स्तरीय बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अंबाला आयुक्त रेणु.एस.फुलिया मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची।
इस मौके पर रेणु.एस. फुलिया ने कहा कि जब भी बाढ़ जैसी आपदा आती है तो प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्ति ही बाढ़ में फंसे लोगों की बेहतर ढंग से सहायता कर सकते हैं। किसी भी प्रकार का प्रशिक्षण लेने से जहां व्यक्ति का आत्मविश्वास बढ़ता है वहीं उसमें निपुणता आती है। उन्होंने कहा कि हर तैराक को चाहिए कि वह अपनी ऊर्जा पानी से ज्यादा बना कर रखे ताकि पानी पर विजय प्राप्त की जा सके, इसके लिए हर तैराक को मानसिक रूप से तैयार रहना है। उन्होंने कहा कि 5 दिन तक चलने वाले इस बाढ़ राहत प्रशिक्षण में पूरे राज्य से 40 प्रशिक्षणार्थी व 13 प्रशिक्षिक भाग ले रहें है। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा व समाज की रक्षा के लिए ऐसे प्रशिक्षणों को जरूर सीखना चाहिए और जब प्राकृतिक एवं अप्राकृतिक आपदा आती है तो ऐसे में आपदा से सही समय पर सही ढंग से निपटने के लिए बेहतर नेतृत्व की आवश्यकता होती है क्योंकि आपदा के आने पर बेहतर नेतृत्व लोगों को जायेगा। प्रशिक्षणार्थियों व प्रशिक्षकों के ठहरने व खान पान की बेहतरीन व्यवस्था की गई है । मुख्य प्रशिक्षक भगत सिंह ने बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षणार्थियों को मोटर बोट चलाना, चप्पू से नाव चलाना, तैराकी व प्राथमिक उपचार आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

### हिसार: सेना से सेवानिवृत्त हुए सूबेदार का बस अड्डे पर स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
भारतीय सेना में 33 साल 13 दिन की देश सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त हुए सूबेदार मेजर शैलेंद्र सिंह कुंडू का हिसार बस अड्डे पर पहुंचने पर परिवारजनों व रोडवेज कर्मचारियों ने जोरदार स्वागत किया। सूबेदार मनोज कुंडू ने सोमवार को बताया कि उनके गांव फरीदपुर निवासी शैलेंद्र सिंह कुंडू 20 मई 1991 को सेना में बतौर सिपाही भर्ती हुए थे और 31 मई 2024 तक 33 साल 13 दिन देश सेवा करने के बाद जोधपुर राजस्थान से सूबेदार मेजर के पद से रिटायर्ड हुए हैं।
उन्होंने बताया कि सेवा के दौरान शैलेंद्र सिंह कुंडू जम्मू-कश्मीर के बारामूला, आसाम व पश्चिम बंगाल आदि संवदेनशील जगहों पर देश सेवा की है। इस दौरान सूबेदार मेजर शैलेंद्र सिंह कुंडू ने कहा कि वो अपने आप को सौभाग्यशाली मानते हैं कि उनको देश की सेवा करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि वो अपनी मां भरथो देवी, पिता राजकुमार व अपनी धर्मपत्नी सुमन देवी को प्रणाम करते हैं कि उनकी गैर मौजूदगी में परिवार व खुद को संभालते हुए सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाया। उन्होंने बताया कि उनकी माता भरथो देवी व धर्मपत्नी सुमन देवी का निधन हो चुका है। इस दौरान बस स्टेंड पर उपस्थित रोडवेज कर्मचारियों द्वारा पर्यावरण बचाने का संदेश देते हुए एक पौधा भेंटकर उनका जो अभूतपूर्व स्वागत किया है उसकी तो उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। उन्होंने कहा कि वो सभी देशवासियों से अपील करते हैं कि पर्यावरण को बचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधे लगाएं व उनकी देखभाल भी करें।
इस मौके पर बेटा इंजीनियर विकास, बेटी पल्लवी, महेश श्योराण, किरण, सरोज, माया देवी, रोडवेज यूनियन के पूर्व प्रधान राजपाल नैन, प्रधान राजबीर दुहन, कुलदीप कुंडू, विकास कुंडू, विजय बुधवार, भीम सिंह, अमरदीप रेड्डू, भागीरथ शर्मा, रणबीर सोरखी, अनिल सरसाना, हनुमान बिश्नोई, कर्मबीर सिंह, संदीप जैनावास, दयानंद सरसाना, संदीप ख्यालिया, वीरेंद्र राठी व कपिल कुंडू आदि भी उपस्थित रहे।

### रणदीप सुरजेवाला के जन्मदिवस पर बांटी राहत सामग्री

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, कर्नाटक व मध्यप्रदेश के प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला का जन्म दिवस सोमवार को कांग्रेस नेताओं व कार्यकताओं ने हांसी में अग्निकांड के पीड़ित झुग्गी झोपड़ी वासियों को राशन का सामान, कपड़े व पुस्तकें इत्यादि वितरित कर मनाया।

## फतेहाबाद: शहर में बढ़ती चोरियां, लाखों की नकदी व गहने चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
शहर में चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। चोरों ने रविवार को दिनदहाड़े ऑफिसर कालोनी में दो मकानों के ताले तोड़कर वहां से लाखों की नकदी व गहने चोरी कर लिए।
इस बारे में सूचना मिलते ही शहर फतेहाबाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। सोमवार को पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बहबलपुर निवासी सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि वह अब ऑफिसर कालोनी फतेहाबाद में रहता है। रविवार सुबह वह सिरसा रोड स्थित अपनी वर्कशॉप में काम पर गया था।

# बीड़ बबरान धाम में संकीर्तन के दौरान बाबा के भजन सुनकर नाचने लगे श्रद्धालु

मंत्रमुग्ध

- बीड़ बबरान धाम के अर्जी संकीर्तन में विनय शर्मा ने भजन गाकर श्रद्धालुओं को किया मंत्रमुग्ध



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार :**
श्याम बाबा के दरबार में माथा टेकने और अर्जी लगाने के लिए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बीड़ बबरान धाम में आयोजित अर्जी संकीर्तन में बढ़-चढकर हिस्सा लिया। महाभारतकालीन साक्ष्यों से लबरेज बीड़ बबरान धाम में सायंकाल शुरू हुआ संकीर्तन रात्रि तक चला। इस संकीर्तन में धाम के निज पुजारी विनय शर्मा एवं कई अन्य गायकों ने श्याम बाबा के भजन गाकर उनकी महिमा का गुणगान किया। विनय शर्मा ने अपने मधुर कंठ से भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रद्धालु श्याम बाबा की महिमा सुनकर नाचने व झूमने लगे। इस दौरान भक्तों ने श्याम बाबा की पूजा व आराधना करते हुए अर्जी लगाकर मन्नतें मांगी। मान्यता है कि इस दरबार में जो भी सच्चे मन से अर्जी लगाता है तो उसकी इच्छा अवश्य पूरी होती है।
निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि बीड़ बबरान धाम में पहुंचते ही भक्तों को अलग ही अनुभूति होती है। यहां पर श्रद्धालुओं को श्याम बाबा के भव्य दरबार व वीर हनुमान के मंदिरों के दर्शन का अवसर मिलता है। इसके साथ ही श्रद्धालु अखंड जोत, महाभारतकालीन पीपल के वृक्ष, शिव परिवार, धूणा, घोड़े के पांव के निशान वाली शिला व मढ़ी के दर्शन भी करते हैं। उन्होंने बताया कि यहां स्थित पीपल के वृक्ष का अपना अलग ही इतिहास है। दरअसल वीर बर्बरीक के जीवन से यह वृक्ष जुड़ा है।
भगवान श्रीकृष्ण के समक्ष वीर बर्बरीक ने एक ही तीर से इस पीपल के वृक्ष के हर पत्ते में छेद करके अपने कौशल का परिचय दिया था। इस प्रतिभा व कुशलता से श्रीकृष्ण काफी प्रभावित हुए थे। विनय शर्मा ने बताया कि बीड़ बबरान धाम आने वाले श्रद्धालु इस पीपल के वृक्ष पर नारियल चढ़ाते हैं और इसके छेदनुमा पत्तों को देखना नहीं भूलते।
उन्होंने बताया कि बीड़ बबरान धाम में 7 जून से 18 जून तक 11 दिवसीय श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। इस अनुष्ठान में बीड़ बबरान धाम के महंत महाराज विनोद शर्मा लगातार अपने हाथ पर बाबा की ज्योति जगाएंगे। 11 दिन तक चलने वाले इस अखंड ज्योति अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालु हर रोज ज्योति दर्शन कर पाएंगे। अनुष्ठान के अंतिम दिन 18 जून को रात्रि 9 बजे से श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

# युवा पीढ़ी पौधे लगाने, हरियाली बचाने और साइकिल अपनाने का ले संकल्प: जांगड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार:**
समाजसेवी व सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र जांगड़ा भगाणा ने ईंधन या बिजली से चलने वाले वाहनों की अपेक्षा साइकिल अपनाने एवं अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि 3 जून को विश्व साइकिल दिवस और 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इन दोनों दिवसों की सार्थकता तब है जब इंसान साइकिल को दिनचर्या में अपनाए और पौधे लगाए।
सुरेंद्र जांगड़ा ने कहा कि निरंतर वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है। वह दिन दूर नहीं जब पेट्रोल व डीजल समाप्त हो जाएंगे। इसके



विकल्प के रूप में इंसान बिजली के वाहन इस्तेमाल करने लगा है लेकिन इन सबसे बेहतर साइकिल है। साइकिल से जहां किसी तरह का प्रदूषण नहीं होता, वहीं साइकिल का उपयोग करने वाला इंसान स्वस्थ भी रहता है। उन्होंने कहा निरंतर पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है और ओजोन लेयर क्षतिग्रस्त होती जा रही है।
गर्मी के मौसम में तो बाहर निकलना ही मुश्किल हो गया है। ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। ये सभी संकेत विनाश की तरफ इशारा कर रहे हैं। इसलिए इंसान को समझदारी दिखाते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी समुचित देखभाल करनी चाहिए क्योंकि वृक्ष ही पर्यावरण से सबसे बेहतर संरक्षक हैं।
उन्होंने कहा कि युवाओं को दिनचर्या में साइकिल का उपयोग बढ़ाना चाहिए। कम दूरी के लिए तो हर हाल में साइकिल का प्रयोग होना चाहिए।

## जींद : ट्रक ने मारी स्कूटी को टक्कर, व्यक्ति की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
भिवानी-हांसी रोड बाइपास पर तेज रफ्तार ट्रक ने सोमवार को स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। सदर थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर फरार ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मृतक के शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है।विकास नगर निवासी गोबिंद कार्यवश स्कूटी लेकर गांव मलिकपुर गया हुआ था। वापसी के दौरान जब वह हांसी रोड से भिवानी रोड बाइपास की तरफ जा रहा था तो उसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी।

# केंद्र द्वारा टोल प्लाजा में बढ़ोतरी करने से जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा: बजरंग गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि लोकसभा चुनाव खत्म होते ही केंद्र सरकार ने फिर से राष्ट्रीय राजमार्ग के टोलों की दरों में 5 प्रतिशत वृद्धि व दूध में 2 रुपए लीटर वृद्धि की है। टोल के किराए में बार-बार वृद्धि करने से यात्रियों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा और ट्रांसपोर्ट महंगी होने से हर जरूरत का सामान भी महंगा होगा जबकि देश भर में लगभग 855 टोल प्लाजा लगे हुए हैं। बजरंग गर्ग ने कहा कि केंद्र सरकार के नियम अनुसार एक से दूसरा टोल प्लाजा 60 किलोमीटर की दूरी पर ही लगाया जा सकता है मगर अग्रोहा व माईयड़ के बीच टोल प्लाजा कि सिर्फ लगभग 34 किलोमीटर की दूरी है। ऐसे में अग्रोहा में जो टोल प्लाजा लगाया गया है वह सरासर गलत है। अग्रोहा टोल प्लाजा हटाने के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के कई बार ब्यान आ चुके हैं मगर कई साल बीत जाने के बाद भी अग्रोहा टोल प्लाजा अभी तक नहीं हटा है। ऐसे देश भर में अनेकों नाजायज टोल प्लाजा लगे हुए हैं। जिसकी दूरी 60 किलोमीटर से कम है। सरकार को तुरंत प्रभाव से 60 किलोमीटर की दूरी के अंदर जो टोल प्लाजा लगे हुए हैं उसे तुरंत प्रभाव से हटाना चाहिए और



टोल की दरों में जो बढ़ोतरी की है वह तुरंत प्रभाव से वापिस लेनी चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार ने अमूल व वेरका दूध में 2 रुपए प्रति लीटर वृद्धि कर दी है जबकि इससे पहले भी 7 फरवरी को दूध के रेटों में वृद्धि की थी।
बजरंग गर्ग ने कहा कि देश में जब से भाजपा सरकार आई है तब से अब तक दूध, दही, आटा, दालें, चावल, सरसों तेल, रसोई गैस आदि सामान की कीमतें पहले से लगभग 100 से 250 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। जब से देश आजाद हुआ है तब से अब तक कपड़ा, चीनी, दूध, दही, लस्सी पर कभी टैक्स नहीं था मगर भाजपा सरकार ने इन चीजों पर भी 5 प्रतिशत जीएसटी लगाकर गरीबों के मुंह का निवाला छीनने का काम किया है। देश व प्रदेश में लगातार बेतहाशा महंगाई बढ़ने से जनता में सरकार के प्रति बड़ी भारी नाराजगी है।
बजरंग गर्ग
9215142070

# ओशो ध्यान उपवन में चल रहे शिविर में बच्चे निखार रहे प्रतिभा

शिविर

- ओशो ध्यान उपवन में बच्चों को एकाग्र होकर अध्ययन करने के उपाय समझाए, अभ्यास करवाया



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
ओशो ध्यान उपवन में चल रहे पांच दिवसीय चिल्ड्रन मेडिटेशन व सेलिब्रेशन रिट्रीट में बच्चों को एकाग्र होकर अध्ययन करने के उपाय बताए गए। इसके साथ-साथ इन उपायों का अभ्यास भी करवाया गया। बच्चों ने बहुत से फन एक्टिविटी में भी हिस्सा लिया। उन्होंने गायन व नृत्य करते हुए आत्मविश्वास का परिचय दिया। इसी भांति रोप एडवेंचर का बच्चों ने खूब मजा लिया और ब्रेन जिम व एनएलपी तकनीक की उन्हें जानकारी दी गई। बच्चों ने आर्ट एंड क्राफ्ट में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके साथ-साथ उन्होंने डांस व मड बाथ का भरपूर आनंद लिया। विशेषज्ञों ने बच्चों को जीवन के विविध आयामों से परिचय करवाया। इस दौरान स्वामी संजय व मां रेणुका ने बच्चों का मार्गदर्शन किया।
स्वामी संजय ने बताया कि बच्चे अपनी कक्षा में और विद्यालय का कार्य करते हुए एकाग्र नहीं हो पाते। इसलिए शिविर के माध्यम से उन्हें एकाग्र होने की विधियां बताई गई। उन्होंने कहा कि पांच दिन तक इन विधियों का अभ्यास करने के बाद बच्चे निश्चित रूप से कक्षा में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि शिविर में सीखी गई बातें उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होंगी। उन्होंने बताया यह शिविर 6 जून तक चलेगा और इसमें विभिन्न क्षेत्रों से बच्चे हिस्सा ले रहे हैं। हिसार से बाहर के बच्चों के रहने व भोजन की समुचित व्यवस्था ओशो ध्यान उपवन में ही की गई है। स्वामी संजय ने बताया कि विभिन्न विधाओं के विशेषज्ञ बच्चों को प्रशिक्षित कर रहे हैं।

# हरियाणा के चहुंमुखी विकास के शिल्पकार थे चौ. भजनलाल : कुलदीप बिश्नोई

पुण्यतिथि

- 13वीं पुण्यतिथि पर पूर्व सीएम को किया याद, समर्थकों ने की श्रद्धांजलि अर्पित



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई ने कहा है कि हरियाणा के पूर्व मूख्यमंत्री स्व. चौ. भजनलाल विरले इंसान थे, जिन्होंने सदैव समाज के गरीब, पिछड़े तथा कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए काम किया।
भले ही वे आज हमारे बीच मौजूद नहीं है परंतु जनता अपने महान नेता को सदैव अपने दिलों में जिंदा रखेगी।
पिछले 12 वर्षों में मुझे पारिवारिक, सामाजिक तथा राजनीतिक स्तर पर उनकी बहुत कमी महसूस हुई, परंतु एक अद्वितीय शक्ति के रूप में वे सदा मेरे साथ रहेंगे और उनके संस्कार मुझे लोगों के हितों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देते रहते हैं। कुलदीप बिश्नोई सोमवार को अपने पिता एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौ. भजनलाल की 13वीं पुण्यतिथि पर हिसार स्थित बिश्नोई मंदिर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं आदमपुर स्थित उनकी समाधी पर पुष्पाजंलि अर्पित करने उपरांत समर्थकों को संबोधित कर रहे थे। आदमपुर स्थित बिश्नोई मंदिर में आयोजित रक्तदान शिविर में भी कुलदीप बिश्नोई ने भाग लिया। चौ. भजनलाल की 13वीं बरसी पर हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली सहित विभिन्न क्षेत्रों में लोगों ने रक्तदान शिविर, हवन यज्ञ तथा गरीबों, बच्चों को फल वितरित करके उन्हें याद किया।
कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि स्व. चौ. भजनलाल राजनीति में होते हुए भी सदैव सामाजिक रहे। विरोधियों को भी अपना बनाने की उनकी कला का हर कोई मुरीद था। विधायक, सांसद, केन्द्रीय मंत्री तथा मुख्यमंत्री के ओहदे पर रहते हुए उन्होंने समाज की 36 बिरादरी व प्रदेश के हर क्षेत्र का एक समान चहुंमुखी विकास करवाया। फतेहाबाद विधायक दुड़ाराम, द्वारका प्रसाद, ओमप्रकाश गवर्नर, विक्रांत बिश्नोई सहित सभी पारिवारिक सदस्यों ने चौ. भजनलाल की समाधी पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान रणधीर सिंह पनिहार, जगदीश कड़वासरा, सुभाष देहडू, बलदेव खोखर, नरेश जांगड़ा चेयरमैन, निहाल सिंह गोदारा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी भगवती वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
को शाहाबाद के सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भगवती वेलफेयर सोसाइटी, अंबाला द्वारा आयोजित भव्य समारोह में ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र के मेधावी छात्रों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह में कुरूक्षेत्र, शाहाबाद, अंबाला और करनाल, फतेहाबाद से विभिन्न स्कूलों के 400 से अधिक वे विद्यार्थी सम्मानित किए गए,
जिन्होंने 12वीं की परीक्षाओं में मेरिट लिस्ट में अपना स्थान बनाया। इस लिस्ट में ग्रीन फील्ड पब्लिक




स्कूल से प्रिशा, प्रभलीन, ज्योति, अभिषेक, लवलीन, प्रभदीप, सोहाली, नितिन, केशव, लगन और दिशु आदि विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी संदीप गर्ग, लाडवा, कुरुक्षेत्र, विशिष्ट अतिथि के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के उप कुल सचिव जितेंद्र कुमार और प्रेरणा वृद्ध आश्रम की अध्यक्षा श्रीमती रेणु खुग्गर ने शिरकत की।

**फास्ट न्यूज**

## पान मसाला-तंबाकू अलग दुकानों पर बेचने का विरोध

**टीम एक्शन इंडिया**
**मेरठ:** पान मसाला और तंबाकू अलग-अलग दुकानों पर बेचने के आदेश का व्यापारियों ने विरोध शुरू कर दिया है। सोमवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश के बैनर तले व्यापारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर इस पर रोक लगाने की मांग की। उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल के नेतृत्व में सोमवार को व्यापारियों ने कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर व्यापारियों ने कहा कि हजारों सालों से व्यापारी घरेलू प्रयोग का सभी आवश्यक सामान अपनी दुकानों पर उपलब्ध कराता है, लेकिन खाद्य सुरक्षा आयुक्त द्वारा पान मसाला और तंबाकू को अलग-अलग दुकानों पर बेचने का आदेश जारी किया गया है। इस आदेश का सभी व्यापारी विरोध कर रहे हैं। व्यापारियों ने मुख्यमंत्री से इस आदेश को तुरंत वापस लेने की मांग की। यदि व्यापारी विरोधी यह आदेश वापस नहीं लिया गया तो व्यापारियों को सड़क पर उतरकर आंदोलन की राह पकड़नी पड़ेगी। इस अवसर पर राम अवतार बंसल, अतुल्य गुप्ता, सुशील जैन, विजय मान, दुर्गेश मित्तल, संजय आदि उपस्थित रहे।

## ठगे छह लाख रुपये

**जयपुर:** मालवीय नगर थाना इलाके में वॉट्सऐप कॉल पर धमकी देकर छह लाख रुपए वसूलने का मामला सामने आया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि कॉल करने वाले बदमाश ने खुद को केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) अधिकारी बताकर गिरफ्तारी वारंट निकलने का डर दिखाकर धमकाया। इस संबंध में पीड़ित थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर मोबाइल नंबर के आधार पर कॉल करने वाले बदमाश की लोकेशन निकाल कर उसकी तलाश कर रही है। जांच अधिकारी पुलिस हेड कांस्टेबल राजेश कुमार ने बताया कि मालवीय नगर निवासी प्रशांत (35) ने मामला दर्ज करवाया है कि गत दिनों पहले उसके पास वॉट्सऐप पर कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) अधिकारी बताते हुए कहा कि उसका गिरफ्तारी वारंट निकला है। उस पर चाइल्ड ट्रैकिंग, ह्यूमन ट्रैफिकिंग और मनी लांड्रिंग का मामला है और मामले में समझौता करना चाहते हो तो बैंक खाते में रुपए जमा कराने होंगे। डर के मारे पीड़ित ने बदमाश के बैंक खाते में 2 लाख 95 हजार रुपए जमा करवा दिए।

# पंजाब में आज 117 केंद्रों पर होगी मतगणना

**दिशा-निर्देशों की सख़्ती से पालना करते निष्पक्ष, कुशल और पारदर्शी ढंग के साथ वोटों की गिनती को यकीनी बनाया जाये**

**वोटों की गिनती**

**▶▶ पालना को यकीनी बनाने के लिए रोजमर्रा के आधार पर अधिकारियों द्वारा स्थिति का निरीक्षण किया जा रहा है**




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: पंजाब के मुख्य निर्वाचन** अधिकारी सिबिन सी ने बताया कि लोक सभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती मंगलवार को सुबह 8 बजे शुरू होगी और अलग-अलग राज्यों के आल इंडिया सर्विसिज और सिवल सर्विसिज काडर के कुल 64 पर्यवेक्षकों द्वारा वोटों की गिनती की निगरानी की जायेगी। इन अधिकारियों को यह यकीनी बनाने के लिए कहा गया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की सख़्ती से पालना करते निष्पक्ष, कुशल और पारदर्शी ढंग के साथ वोटों की गिनती को यकीनी बनाया जाये। मतगणना केन्द्रों के बारे में सिबिन सी ने बताया कि राज्य में 27 अलग-अलग स्थानों पर 48 इमारतों में कुल 117 मतगणना केंद्र स्थापित किये गए हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से ज्यादातर स्थान जिला मुख्यालय पर स्थित हैं, जबकि 7 स्थान जिला मुख्यालय से बाहर अर्थात अजनाला, बाबा बकाला, अबोहर, मलोट, धुरी, छोकरा राहों- नवां शहर और खूनी माजरा (खरड़) में स्थित है। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय संगरूर और नवांशहर में मतगणना नहीं करवाई जायेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इन मतगणना केन्द्रों में स्ट्रांग रूम में रखी गई इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों (ई. वी. ऐमज) की सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता दी गई है। इन स्ट्रांग रूमों में दोहरे लॉक सिस्टम और सी. सी. टी. वी. निगरानी के जरिये सुरक्षा के पुख़्ता प्रबंध किये गए हैं। उन्होंने बताया कि राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधि और अधिकारित कर्मचारी हरेक स्ट्रांग रूम के बाहर लगाई गई एल. ई. डी. स्क्रीनों, जिनमें स्ट्रांग रूम के आसपास की लाइव फुटेज देखी जा सकती है, के द्वारा सुरक्षा की निगरानी कर सकते हैं। इसके इलावा यहाँ आने वाले हरेक व्यक्ति का रिकार्ड रखने के लिए आन-ड्यूटी कर्मचारियों द्वारा एक विजटर रजिस्टर लगाया गया है। इसके साथ ही सभी प्रोटोकोलों की सख़्ती के साथ पालना को यकीनी बनाने के लिए रोजमर्रा के आधार पर अधिकारियों द्वारा स्थिति का निरीक्षण किया जा रहा है।

## किसके सिर सजेगा ताज, अब ईवीएम खुलने का इंतजार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मीरजापुर:** लोकसभा चुनाव के मतदान समाप्ति के बाद अब मतगणना की तैयारी तेज हो गई है। मीरजापुर लोकसभा सीट पर चुनाव के लिए अंतिम चरण में गत एक जून को कुल 57.92 प्रतिशत मतदान हुआ था और कुल 10 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में कैद है। हालांकि किसके सिर ताज सजेगा यह तो चार जून को नतीजे आने के बाद ही पता चलेगा। दिन-ब-दिन बढ़ती गर्मी के साथ सियासी सरगर्मी भी तेज हो गई है। ऐसे में जहां मतदाताओं को ईवीएम खुलने का इंतजार है तो वहीं राजनैतिक दल भी निगाह गड़ाए बैठे हैं। अब इंतजार की घड़ी नजदीक आ चुकी है। एक दिन बाद चार जून को मतगणना होगी। वहीं चुनाव आयोग भी मतगणना की तैयारियों को लेकर अलर्ट मोड पर है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने पोस्टल बैलेट गणना कक्ष से लेकर मतगणना स्थल तक समुचित व्यवस्थाओं को सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए हैं। मतगणना स्थल पर अभिकर्ताओं को सुबह सात बजे तक पंहुचना अनिवार्य है। मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं है। अभिकर्ता मतगणना की गोपनीयता बनाए रखेंगे। मतगणना केंद्र पर विधानसभावार स्थापित होंगे 14-14 टेबल: जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतगणना केंद्र पर प्रत्येक विधानसभा में 14-14 टेबल स्थापित होंगे। सुबह आठ बजे तक डाक मत पत्रों की गिनती के बाद ईवीएम मतों की गणना की जाएगी। मतगणना लगभग 31 चक्रों तक चल सकती है।

नोडल मीडिया मतगणना स्थल पर स्थापित मीडिया सेंटर में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे।

## केन्द्र में बनेगी इंडिया की सरकार: अखिलेश यादव




**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को 18वीं लोकसभा चुनाव के परिणाम आने से एक दिन पूर्व लखनऊ में प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने 'देश के नाम, सपा का पैगाम नाम' के माध्यम से भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस चुनाव को जनता ने खुद लड़ा है। जनता भाजपा के खिलाफ आंदोलित है। इस लोकसभा चुनाव में इंडी (आईएनडीआईए) गठबंधन जीतने जा रहा है। इंडी की जीत देश की जनता की जीत है। जनता के आशीर्वाद से केन्द्र में आईएनडीआई की सरकार बनेगी।

**सपा का पैगाम**

**▶▶ सपा अध्यक्ष ने चुनाव परिणाम से पूर्व लखनऊ में प्रेस वार्ता कर भाजपा पर जमकर साधा निशाना**

अखिलेश ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए से कहा कि बीजेपी ने जाति को जाति के साथ लड़वाया है। बीजेपी सरकार ने पेपर लीक करवाया, चुनावी बॉन्ड से भ्रष्टाचार किया। भाजपा ने देश को मंदी का शिकार बनाया। महंगाई को कम नहीं किया।

## रवि किशन-निरहुआ को जीत का पूर्ण विश्वास



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ: उत्तर प्रदेश की गोरखपुर और आजमगढ़ लोकसभा सीटों से चुनाव** मैदान में उतरे भोजपुरी सितारे रवि किशन व दिनेश लाल निरहुआ को उनकी जीत का पूर्ण विश्वास है। दोनों ही भोजपुरी सितारे एक बार सांसद रह चुके हैं और दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट से भाग्य आजमाने उतरे हैं। आजमगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी दिनेश लाल निरहुआ ने एक बयान में कहा कि आजमगढ़ की जनता ने एक बार पहले भी उन्हें विजय हासिल करायी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आजमगढ़ में विकास कार्यों की गंगा बहायी है तो जनता ने भाजपा को दिल खोलकर मतदान किया है। भाजपा के प्रत्याशी के रूप में उनकी जीत सुनिश्चित है।

लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान दिनेश लाल निरहुआ का गाया हुआ गीत बुलडोजर बाबा चाप रहे हैं, इसका जमकर उपयोग हुआ है। आजमगढ़ के अलावा भोजपुरी भाषायी लोकसभा क्षेत्रों गोरखपुर, देवरिया, बलिया, गाजीपुर, वाराणसी, चंदौली में भाजपा ने अपने प्रचार वाहन पर इस गीत का भरपूर उपयोग किया। गोरखपुर लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी रवि किशन ने अपनी जीत का दावा करते हुए कहा कि गोरखपुर की जनता ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में उन्हें भरपूर प्यार दिया है। उन्हें विश्वास है कि इस बार बड़ी जीत के अंतर से रवि किशन चुनाव जीतेगा।

**विश्वास**

**▶▶ भोजपुरी सितारे एक बार सांसद रह चुके हैं और दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट से भाग्य आजमाने उतरे**

## सरकार प्रायोजित एग्जिट पोल्स झूठे: अजय राय

**टीम एक्शन इंडिया**
वाराणसी: लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के वाराणसी प्रत्याशी उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने अलग-अलग एजेंसियों के एग्जिट पोल के नतीजों पर सवाल उठाया है। एग्जिट पोल के नतीजों को झूठा बताते हुए अजय राय ने कहा कि सरकार प्रायोजित एग्जिट पोल्स महाभारत की तरह चुनावी युद्ध के मतगणना का अंतिम 7वां द्वार छल से जीतने के मनोवैज्ञानिक दबाव की एक रणनीति मात्र है। इंडिया गठबंधन के मतगणना अभिकर्ता एकाग्रता एवं तन्मयता से मतगणना के अंतिम क्षण तक स्वच्छ पारदर्शी गणना के लिए जूझेंगे । और सरकार प्रायोजित एग्जिट पोल रणनीति को विफल कर इंडिया सरकार के लिये मिले जनादेश को साकार परिणाम तक पहुंचायेंगे। सोमवार को लहुराबीर महामण्डल नगर स्थित अपने केन्द्रीय चुनाव कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान अजय राय ने एग्जिट पोल के बहाने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकारी एग्जिट पोल पूरी तरह आंख में धूल झोंक कर अधिकारियों को धौंस में लेने तथा विपक्ष एवं उनके मतगणना अभिकर्ताओं को मानसिक दबाव बनाकर हताश मानस के साथ मतगणना में खड़े करने की रणनीति का हिस्सा है। चुनाव और मतगणना को लेकर सट्टा बाजार में भारी धन लगा हुआ है, इसलिए बाजार और सरकार की यह बेईमान इरादों की साझी रणनीति है, जो एक तरह का मैच फिक्सिंग खेल है।



**दावा**

**▶▶ कार्यकर्ता हार जीत की चिन्ता छोड़ अपना पूरा ध्यान मतगणना कराने के दायित्व पर अंत तक केन्द्रित रखें: अजय**

## चार जून को विपक्ष खटाखट सफा हो जाएगा : ओम प्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** चार जून के बाद विपक्ष खटाखट-खटाखट सफा हो जाएगा। यह बात सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) अध्यक्ष एवं योगी सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कही। ओम प्रकाश राजभर ने सोमवार को पत्रकारों से बात करते हुए विपक्षी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम के बाद कोई बंगाल की खाड़ी, कोई इटली में पहुंच जाएगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर अपने ही अंदाज में सुभासपा अध्यक्ष ने कटाक्ष करते हुए कहा कि वो झूठ बोलने का काम करते हैं।



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के प्रोफेसर (डॉ.) अतुल गोयल नई दिल्ली में भारत और डेनमार्क के बीच "संक्रामक रोग, एएमआर और वन हेल्थ डायलॉग" के दौरान एक समूह तस्वीर में।२

## काउंटिंग स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी-डीजीपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** लोकसभा चुनाव के परिणाम चार जून (मंगलवार) आएंगे। मतगणना सुबह आठ बजे शुरू होगी। शांतिपूर्ण तरीके से मतगणना के लिए शासन और पुलिस प्रशासन ने सारी तैयारियां कर ली है। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार का कहना है कि काउंटिंग स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। सोमवार की दोपहर अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद और पुलिस महानिदेशक ने प्रेसवार्ता की। इस दौरान डीजीपी ने कहा कि 75 जनपदों में 81 जगहों पर मतगणना की व्यवस्था होगी। कुछ जिले ऐसे हैं जहां दो मतगणना केंद्र बनाए गए हैं और उन सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पुलिस व्यवस्था की गई है।

इस संबंध में भारतीय निर्वाचन आयोग के जो भी निर्देश है, उसके आधार पर पुलिस फोर्स की व्यवस्था की गयी है। मतगणना स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। सबसे भीतरी घेरा केंद्रीय सुरक्षा बल, बीच का घेरा पीएसी और सबसे बाहरी घेरा स्थानीय पुलिस के जिम्मे रहेगा।

## कार में जिंदा जलकर मरने वालों की पहचान, तीन महिलाएं शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**मेरठ:** जानी थाना क्षेत्र में गंगनहर कांवड़ पटरी मार्ग पर कार में आग लगने से जिंदा जलकर मरने वालों की पहचान हो गई। मरने वालों में तीन महिलाएं शामिल रहीं। मृतकों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। दुर्घटना से कुछ दूरी पर पुलिस को एक मोटरसाइकिल पड़ी हुई मिली। पुलिस मोटरसाइकिल के नंबर के आधार पर उसके मालिक तक पहुंच गई है और पूरे मामले की जांच कर रही है। जानी थाना क्षेत्र में अपर गंगनहर कांवड़ पटरी मार्ग पर जानी और भोला के बीच रविवार की देर रात सेंट्रो कार में आग लगने से चार लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। आग इतनी भयंकर थी कि फायर ब्रिगेड द्वारा आग बुझाने के बाद कार के अंदर केवल कंकाल ही मिले। पुलिस ने कार की नंबर प्लेट के आधार पर उसके मालिक की पहचान की तो मृतकों के बारे में भी जानकारी मिल गई। मरने वालों में मां-बेटे भी शामिल हैं। धरमपुरा थाना बादलपुर, गौतम बुद्ध नगर, कविता (50) पत्नी बलिराम निवासी ग्राम तिबड़ा थाना मोदीनगर गाजियाबाद के रूप में हुई।

**दर्शन-पूजन**

**▶▶ मृतकों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। दुर्घटना से कुछ दूरी पर पुलिस को बाईक पड़ी हुई मिली**

## राजस्थान में भाजपा सात सीट हारी तो इस्तीफा दे दूंगा- मीणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दौसा: कैबिनेट मंत्री डॉ किरोडीलाल** मीणा ने लोकसभा चुनाव के परिणाम से पहले सोमवार को दौसा में मीडिया से बात करते हुए सात सीट हारने पर इस्तीफा देने की बात फिर दोहराई। भारतीय जनता पार्टी नेताओं द्वारा प्रदेश की सभी 25 लोकसभा सीट जीतने के दावे के बावजूद इस्तीफे के सवाल पर मंत्री मीणा ने कहा कि बाड़मेर-जैसलमेर जैसी कुछ सीटों पर संशय है। लेकिन मेरा मानना है कि दौसा सीट से भाजपा की जीत होनी चाहिए। मैंने प्रधानमंत्री के दौसा आने से पहले महुवा में बयान दिया था कि दौसा से भाजपा नहीं जीती तो इस्तीफा दे दूंगा। बाद में प्रधानमंत्री ने मुझे लिस्ट दी। ग्यारह में से सात सीटों पर मैंने ज्यादा मेहनत की। यदि भरतपुर, धौलपुर-करौली, दौसा, अलवर, जयपुर ग्रामीण, टोंक-सवाईमाधोपुर, कोटा-बूंदी लोकसभा सीट से भाजपा हारी तो इस्तीफा दे दूंगा। उन्होंने कहा मंगलवार को लोकतंत्र की रक्षा का पिटारा खुलेगा।

## भीषण गर्मी बिगाड़ रहा इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस, प्रभावित हो रहा लिवर और मस्तिष्क

**टीम एक्शन इंडिया**
**कानपुर:** सूरज की आग उगलती लपटों से लोग बिलबिला रहे हैं और शुष्क वातावरण होने से भीषण गर्मी शरीर पर प्रतिकूल असर डाल रही है। इस भीषण गर्मी से शरीर में इलेक्ट्रालाइट बैलेंस बिगड़ रहा है और लिवर व मस्तिष्क भी प्रभावित हो रहा है। इससे अस्पतालों में मरीजों की संख्या में बराबर बढ़ोत्तरी हो रही है। डॉक्टरों का कहना है कि लोगों के मस्तिष्क का गर्मी नियंत्रण सिस्टम संयुक्त रूप से फेल हो रहा है। ऐसे में तरल पेय पदार्थों का लोग अधिक सेवन करें और गरिष्ठ भोजन से परहेज करें। केरल में मानसून ने दस्तक दे दी है और बारिश भी होने लगी, लेकिन उत्तर प्रदेश सहित उत्तर भारत में भीषण गर्मी कहर बरपा रही है। इसके अलावा वातावरण शुष्क होने से यह गर्मी जानलेवा साबित हो रही है। बाहर माहौल की गर्मी और शरीर के अंदर के ताप में तालमेल न बैठ पाने के कारण लोगों को तेज बुखार आ रहा है। ऐसी स्थिति अधिक देर तक रहने पर शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस बिगड़ जाता है और लिवर और मस्तिष्क पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने लगता है।

**प्रभाव**

**▶▶ डॉक्टरों का कहना है कि लोगों के मस्तिष्क का गर्मी नियंत्रण सिस्टम संयुक्त रूप से फेल हो रहा**

**जिम्मेदारी** सीएम योगी ने दो माह से भी ज्यादा लंबे दौर तक चले चुनावी कार्यक्रमों की डबल सेंचुरी लगाने के साथ ही उन्होंने अपने धार्मिक कर्तव्यों का भी बखूबी निर्वहन किया

## राम नाम के आधार के साथ योगी ने निभाई गोरक्षपीठाधीश्वर की भी भूमिका

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** 'फिर एक बार मोदी सरकार' और 'अबकी बार 400 पार के लक्ष्य' को फलीभूत करने के लिए पिछले दो माह से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मैराथन चुनावी रैलियां यूपी सहित विभिन्न राज्यों में इतिहास लिखने जा रही हैं। सीएम योगी ने दो माह से भी ज्यादा लंबे दौर तक चले चुनावी कार्यक्रमों की डबल सेंचुरी लगाने के साथ ही उन्होंने अपने धार्मिक कर्तव्यों का भी बखूबी निर्वहन किया। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड से लेकर काशी और कोलकाता तक विभिन्न मठ-मंदिरों में शीश नवाया। वहीं गोरक्षनाथ पीठाधीश्वर के दायित्वों को भी उन्होंने बखूबी निभाया।



**इन मंदिरों में मुख्यमंत्री ने किया दर्शन पूजन:** पूरे चुनाव प्रचार अभियान के दौरान अपनी हर जनसभा को प्रभु श्रीराम के चरणों में समर्पित करने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी चुनावी यात्रा की शुरूआत में मथुरा स्थित कृष्ण जन्मभूमि मंदिर में हाजिरी लगाकर पूरे प्रचार अभियान में जोश भर दिया। सीएम योगी ने सबसे अधिक काशी विश्वनाथ मंदिर में हाजिरी लगाई। चुनावी अभियान के दौरान उन्होंने वाराणसी में ही काल भैरव मंदिर, संकट मोचन मंदिर के साथ ही कच्चा बाबा मंदिर और संत मत अनुयायियों के सर्वाधिक पावन गढ़वाघाट आश्रम में भी मत्था टेका। सीएम योगी इसके अलावा बलरामपुर में शक्तिपीठ मंदिर मां पाटेश्वरी देवी के मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूवन किया, तो वहीं रायबरेली में बालेश्वर महादेव के मंदिर में भी वह शीश नवाने पहुंचे। अयोध्या में प्रधानमंत्री मोदी के साथ उन्होंने रोड शो की शुरूआत श्रीरामलला के दर्शन करके की तो झांसी में भी सीएम ने अपने रोड शो की शुरूआत बजरंगबली के दरबार में हाजिरी लगाकर की। इसी प्रकार उत्तराखंड के श्रीनगर में उन्होंने पवित्र गोरखनाथ गुफा और भैरवनाथ के दर्शन किये। पश्चिम बंगाल के चुनावी दौरे के दौरान योगी बीरभूम जिले में स्थित भारत सेवाश्रम संघ के आश्रम पहुंचे और मत्था टेका। **गोरक्षनाथ पीठ के महंत के दायित्वों का भी किया बखूबी निर्वहन:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसके साथ ही विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों को भी संपादित करते रहे। उन्होंने अक्षय तृतीया पर गोरखनाथ मंदिर में जहां रुद्राभिषेक कर विजयश्री की कामना की, हनुमान जयंती के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में दोनों हनुमत विग्रहों के दर्शन कर सर्वमंगल की कामना की। सीएम योगी इसके साथ ही गोरक्षनाथ मठ के महंत के रूप में भी अपने दायित्वों से पीछे नहीं हटे। चुनाव प्रचार के बेहत व्यस्त शेड्यूल के बीच उन्हें जब भी मौका मिला, वह गोरखपुर पहुंचकर मठ द्वारा संचालित व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे और मठ से जुड़े जिम्मेदार लोगों को जरूरी दिशा-निर्देश भी देते रहे।

**दर्शन-पूजन**

**▶▶ योगी ब्शक्तिपीठ मंदिर मां पाटेश्वरी देवी के मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया**

## प्रचंड जीत को लेकर हमें पहले दिन से विश्वास: शेखावत

**टीम एक्शन इंडिया**
**जोधपुर:** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रचंड जीत को लेकर हम चुनाव शुरू होने के दिन से आश्वस्त ही नहीं, बल्कि हमें 100 प्रतिशत विश्वास है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आत्मविश्वास से लबरेज होकर चुनाव के मैदान में उतरी थी। इसमें चाहे हमारा बूथ पर काम करने वाला कार्यकर्ता हों या फिर हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष हों। उन्होंने कहा कि कई परिवारवादी, साम्प्रदायिक और भ्रष्टाचारी ताकतें एकत्रित होकर वहम फैलाने की कोशिश कर रही थीं, लेकिन एजिग्ट पोल आने के बाद उनके सुर बदल गए हैं। सोमवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान शेखावत ने कहा कि हम सब कॉफिडेंट थे कि जिस तरह से पिछले 10 साल में देश में एक परिवर्तन का आगाज हुआ है, गरीब के जीवन में परिवर्तन आया है, 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं, देश की सीमाएं सुरक्षित हुईं हैं, देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है और पूरे विश्व में भारत की छवि बदली है।

इसको लेकर भारत का मतदाता एक बार फिर नरेंद्र मोदी को विकसित भारत का संकल्प सिद्ध करने के लिए प्रधानमंत्री बनाना चाहता था, इसलिए देश भर के मतदाताओं ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए एक संकल्प प्रस्तुत किया था कि अबकी बार 400 के पार।